29 जुलाई 2025 | रांची, मंगलवार | वर्ष-26, अंक- 177, पृष्ठ-12 | श्रावण शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




॥ "अनंतं वासुकिं शेषं पद्मनाभं च कम्बलम्।
शंखपालं धृतराष्ट्रं तक्षकं कालियं तथा॥" ॥

## ऑपरेशन सिंदूर दर्द पर मरहम

राष्ट्रीय नवीन मेल




**अनिता रश्मि**

शौर्य, देशभक्ति, कर्मठता, त्याग, बलिदान, बुद्धिमत्ता और सर्वोच्च श्रमशीलता का पर्याय होती है सेना। भारतीय सेना की तीनों इकाइयों ने सदा-सर्वदा इसे साबित किया है। इस बार सामंजस्य के साथ की गई कार्यवाही और भी सराहनीय रही। जब क्रूर आतंकवादियों ने नई नवेली दुल्हन संग कई सधवाओं के सिंदूर पोंछ डाले, उनके क्रूरतम कृत्य से हर कोई व्यथित हो उठा। ऐसे में देश का यह निर्णय कि उनकी जमीं पर ही उन्हें सबक सिखाया जाए, एक आवश्यक और उल्लेखनीय निर्णय था। हमारी जल-थल-नभ सेना की एक साथ घेरने की युक्ति कारगर सिद्ध हुई। आतंकवादियों के घर में ही घुसकर उन्हें सबक सिखाने के लिए जिस तरह की रणनीति बनाई गईं, वह बेहद प्रशंसनीय और देशभक्ति का ज्वार जगानेवाला था। ठीक कहा था, वीर रस के राष्ट्र कवि दिनकर ने

शेष पेज 11 पर



**19** साल की दिव्या देशमुख ने चेस वीमेंस वर्ल्डकप जीता

**वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली भारतीय महिला**

विस्तृत खबर पेज 10 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

## राज्यपाल ने राज्य के विश्वविद्यालयों को दिए सख्त निर्देश

# परीक्षा के 30 दिन के अंदर अनिवार्य रूप से जारी हो रिजल्ट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने परीक्षाओं की समाप्ति के एक माह के अंदर रिजल्ट अनिवार्य तौर पर जारी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को राजभवन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कुलपतियों को कहा कि विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समयबद्ध परीक्षा आयोजन, तय समय में परिणाम प्रकाशन और शैक्षणिक कैलेंडर के कठोर अनुपालन को सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने राज्य में उच्च शिक्षा की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि झारखंड की ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो राष्ट्रीय औसत से लगभग 10 प्रतिशत कम है। ऐसे में खासकर ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में नामांकन बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि कुछ स्थानों पर कॉलेज तो हैं, लेकिन विद्यार्थी नामांकन नहीं ले रहे हैं।

इस पर राज्यपाल ने कहा कि कुलपति स्वयं वहां जाकर माहौल बनाएं और जन-प्रतिनिधियों का सहयोग लें। उन्होंने विश्वविद्यालयों से राष्ट्रीय रैंकिंग सुधारने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने का सुझाव दिया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में 'एक व्यक्ति - एक पद' का सिद्धांत विश्वविद्यालयों में लागू करने, सेवानिवृत्त शिक्षकों और कर्मियों को हर माह की 5 तारीख तक पेंशन के भुगतान के भी निर्देश दिए।



### विश्वविद्यालयों के प्लेसमेंट सेल सीमित न रखें

विश्वविद्यालयों के प्लेसमेंट सेल को औपचारिकता तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे प्रभावी रूप से काम में लाया जाए। उन्होंने छात्रावास, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा गार्ड और एंटी-रैगिंग सेल सक्रिय हों। रिक्त पदों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्तियों में तेजी लाने को लेकर राज्य सरकार से आग्रह किया गया है। साथ ही, आवश्यकता आधारित शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं करने का भी निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि इसमें कोई शिथिलता न हो और पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिले। राज्यपाल ने कहा कि हर विश्वविद्यालय के पास स्पष्ट विजन डॉक्यूमेंट और मास्टर प्लान होना चाहिए। निर्माणाधीन भवनों के अनुश्रवण हेतु कमिटी गठित करने को कहा गया और जर्जर भवनों का उपयोग न करने की सलाह दी गई। बताया गया कि तीन महीने बाद पुन: समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इन सभी निर्देशों के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट ली जाएगी।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा

# स्वास्थ्य व्यवस्था जनहित में बढ़ेगी

- रांची सदर बना देश का नंबर-1 सदर अस्पताल, मिला 50 लाख का सम्मान
- गांव-गांव पहुंचेगी स्ट्रेचर सुविधा, 15,000 स्ट्रेचर उपलब्ध कराने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "जब तक झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को जनता के अनुकूल और सशक्त नहीं बना देता, तब तक मैं चैन से बैठने वाला नहीं हूं।" उन्होंने यह बात कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान जैसे महत्वपूर्ण गुणवत्ता मापदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को सम्मानित करते हुए कही।

नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान के प्रेक्षागृह में सम्मान समारोह का शुभारंभ मंत्री डॉ। अंसारी ने किया। मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड में एक चिकित्सक को अब स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग की त्रिस्तरीय जिम्मेदारी सौंपी गई है, और मैं इसे पूरी संजीदगी से निभा रहा हूं। उन्होंने बताया कि राज्य में 6 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित हो रहे हैं, जिनमें एक उनके गृह जिले जामताड़ा में भी होगा। हाल ही में 126 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।



### हर जिला अस्पताल को मिलेंगे 4-4 नए अत्याधुनिक एम्बुलेंस

स्वास्थ्य मंत्री ने घोषणा की कि सभी जिला अस्पतालों को चार-चार नए एम्बुलेंस दिए जाएंगे जिससे मरीजों के आवागमन में क्रांतिकारी सुधार आएगा। वहीं राज्य के दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में मरीजों को खाट या मचिया पर अस्पताल लाने की मजबूरी अब खत्म होने जा रही है। मंत्री ने निर्देश दिया है कि 15,000 स्ट्रेचर जल्द से जल्द गांव स्तर तक उपलब्ध कराए जाएं।

### रिम्स-2 की स्थापना और रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की शुरुआत जल्द

डॉ. अंसारी ने रिम्स-2 की स्थापना को समयबद्ध रूप से पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही, राज्य में पहली बार रोबोटिक टेक्नोलॉजी से इलाज की सुविधा जल्द शुरू होने की बात भी कही।

### 744 संस्थानों को मिला गुणवत्ता प्रमाणन

इस वर्ष कायाकल्प, एनक्वास, लक्ष्य और मुस्कान योजनाओं के तहत 744 स्वास्थ्य संस्थानों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रांची सदर अस्पताल को कायाकल्प श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ और 50 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इको-फ्रेंडली जिला अस्पताल की श्रेणी में भी रांची सदर को प्रथम पुरस्कार मिला और 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। शेष पेज 11 पर

### 272 संस्थानों को एनक्वास सर्टिफिकेट

11 सदर अस्पताल, 31 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 48 शहरी/प्राथमिक केंद्र और 380 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को कायाकल्प प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। रांची और रामगढ़ सदर अस्पताल को मुस्कान प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। मौके पर खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा शेष पेज 11 पर

## 14 अगस्त तक रिजल्ट न निकला तो अफसरों की होगी पेशी



**रांची/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड में सहायक आचार्य (शिक्षक) के 26,001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया में विलंब पर सख्त नाराजगी जाहिर की है। अदालत ने निर्देश दिया है कि यदि 14 अगस्त तक सभी विषयों और वर्गों का फाइनल रिजल्ट जारी नहीं किया गया, तो 18 अगस्त को राज्य के मुख्य सचिव, जेएसएससी सचिव, शिक्षा सचिव और शिक्षा उप सचिव को खुद कोर्ट में पेश होना होगा। न्यायालय ने सोमवार को यह निर्देश परिमल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया था कि झारखंड सरकार इस बहाली प्रक्रिया को एक शेष पेज 11 पर

## संजय सेठ को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से भाजपा सांसद संजय सेठ को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान नित्यानंद पाल के रूप में हुई है, जो झारखंड के धनबाद जिले के हरिहरपुर का निवासी है।

इस हाई-प्रोफाइल मामले में रांची पुलिस की टेक्निकल टीम ने लोकेशन ट्रेस कर नित्यानंद को धनबाद से गिरफ्तार किया। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और अब उसे रांची लाया जा रहा है। पुलिस प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

गौरतलब है कि यह धमकी 26 जुलाई को उस वक्त दी गई थी जब संजय सेठ लद्दाख के द्रास में कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर लगातार पांच बार कॉल आया, जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। मंत्री के सचिव ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों ने जांच तेज कर दी थी।

यह पहली बार नहीं है जब संजय सेठ को इस तरह की धमकी मिली हो। दिसंबर 2024 में भी उन्हें धमकी दी गई थी, जब उनसे एक टेक्स्ट मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और जान से मारने की धमकी दी गई थी। उस मैसेज में "लाल सलाम" लिखा गया था। शेष पेज 11 पर

## जम्मू-कश्मीर

## सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता, 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के लिडवास इलाके में सोमवार को सुरक्षाबलों को आतंकवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता मिली है। सेना के जवानों ने 'ऑपरेशन महादेव' के तहत तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। यह मुठभेड़ लिडवास में हुई, जहां सेना ने आतंकियों की घेराबंदी कर उन्हें मार गिराया। ऑपरेशन के संबंध में सेना की चिनार कॉर्प्स ने अपने एक्स हैंडल पर जानकारी साझा की। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, ऑपरेशन महादेव: लिडवास इलाके में आतंकियों से संपर्क स्थापित हुआ है और ऑपरेशन जारी है। इसके कुछ समय बाद एक अन्य पोस्ट में चिनार कॉर्प्स ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीन आतंकियों को ढेर कर दिया गया है और ऑपरेशन अभी भी जारी है। शेष पेज 11 पर

## तीसरी सोमवारी को लगा भक्तों का तांता



सावन की तीसरी सोमवारी को लेकर राजधानी रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर की सीढ़ियों पर 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष के साथ आस्था की कतारें लग गईं। भक्तों ने गंगाजल, दूध और बेलपत्र के साथ भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की।

**इंडिया**


# झरनों तालाबों की भी हो आवश्यक गणना

हमारे आसपास के अनेक तालाब अब इतिहास बन गए और भूमाफिया की वक्र दृष्टि बेशकीमती शहरी के बाद अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में लगी है जबकि पूर्व की बसी कॉलोनियां पीने के पानी के लिए तरस रही हैं । भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने प्राकृतिक और मानव निर्मित सभी तरह के जल स्त्रोतों की दूसरी गणना करने जा रही है। पिछले साल हुई पहली गणना की रिपोर्ट के आधार पर यह पता चला था कि देश में नदियों, नहरों के साथ ही कितने तालाब, पोखर, झील हैं और उनकी स्थिति क्या है? इस बार की गणना में झरनों को भी शामिल किया गया है।



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

देश की सैकड़ों गैर हिमालयी नदियां, खासकर दक्षिण राज्यों की नदियों का तो उद्गम ही झरनों से है। कोयल,स्वर्णरिखा,नर्मदा, सोन जैसी नदियां झरने से ही फूटती हैं। जब दो साल बाद इस गणना के नतीजे सामने आएंगे, तो देश के पास एक व्यापक परिदृश्य होगा कि नदियों की धार का भविष्य क्या है? जल विद्युत परियोजनाओं की संभावना क्या है? झरने का अस्तित्व पहाड़ से है, उसे ताकत मिलती है परिवेश के घने जंगलों से और संरक्षण मिलता है अविरल प्रवाह से।2020 में, अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका 'वाटर पॉलिसी' ने भारतीय हिमालय क्षेत्र (आईएचआर) में स्थित 13 शहरों में 10 अध्ययनों की एक श्रृंखला आयोजित की थी। इस अध्ययन से पता चला कि इन शहरों में से कई, जिनमें मसूरी, दार्जिलिंग और काठमांडू जैसे प्रसिद्ध पर्वतीय स्थल शामिल हैं, पानी की मांग-आपूर्ति के गहरे अंतर का सामना कर रहे हैं, जो कई जगह 70 फीसदी तक है और इसका मूल कारण इन इलाकों में जल सरिताओं-झरनों का तेजी से सूखना है। ठीक यही बात अगस्त 2018 में नीति आयोग की रिपोर्ट में कही गई थी। इसमें स्वीकार किया गया था कि आईएचआर में करीब 50 फीसदी झरने सूख रहे हैं और गायब भी हो रहे हैं।झरना एक ऐसी प्राकृतिक संरचना है, जहां से जल एक्वीफर्स (चट्टान की परत, जिसमें भूजल होता है) से पृथ्वी की सतह तक बहता है। पूरे भारत में लगभग पचास लाख झरने हैं, जिनमें से करीब तीस लाख अकेले आईएचआर में हैं। देश की बीस करोड़ से अधिक आबादी पानी के लिए झरनों पर निर्भर है। भारतीय हिमालय क्षेत्र के 12 राज्यों के 60,000 गांव हैं, जिनकी आबादी पांच करोड़ है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड और त्रिपुरा इसके दायरे में हैं। असम और पश्चिम बंगाल भी आंशिक रूप से इसके तहत आते हैं। यहां की करीब 60 प्रतिशत आबादी जल संबंधी जरूरतों के लिए धाराओं पर निर्भर है। दक्षिणी भारत में पश्चिमी घाटों में, कभी बारहमासी रहने वाले झरने मौसमी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर कावेरी, गोदावरी जैसी नदियों पर पड़ रहा है। यहां झरनों के जलग्रहण क्षेत्र में बेपरवाही से लगाए जा रहे नलकूपों ने भी झरनों का रास्ता रोका है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा क्षेत्र में झरनों की संख्या पिछले 150 वर्षों में 360 से घटकर 60 रह गई। उत्तराखंड में नब्बे प्रतिशत पेयजल आपूर्ति झरनों पर निर्भर है, जबकि मेघालय में राज्य के सभी गांव पीने और सिंचाई के लिए झरनों का उपयोग करते हैं। ये झरने जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र के महत्वपूर्ण घटक भी हैं।झारखंड में भी झरनों के लगातार लुप्त होने या उनमें जल की मात्रा कम होने का सारा दोष जलवायु परिवर्तन पर नहीं मढ़ा जा सकता। अंधाधुंध पेड़ कटाई और निर्माण के कारण पहाड़ों को हो रहे नुकसान ने झरनों के नैसर्गिक मार्गों में व्यवधान पैदा किया है। नीति आयोग ने वर्ष 2018 में झरना संरक्षण कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार की और यह उसकी चार साल पुरानी एक रिपोर्ट पर आधारित थी, लेकिन बीते छह वर्षों में झरनों को बचाने के लिए कोई योजना बनी नहीं। नए सर्वेक्षण की रिपोर्ट से झरनों को सहेजने की योजनाएं बनेंगी।यह सुखद है कि सिक्किम ने इस संकट को सन 2009 में ही भांप लिया था।



एआई जेनरेटेड

इससे पहले सिक्किम में प्रति परिवार पानी का खर्च 3200 रुपये महीना था। 2013-14 में झरनों के आसपास 120 हेक्टेयर पहाड़ी क्षेत्र में गड्ढे बनाकर बारिश के पानी को संरक्षित करने पर काम शुरू किया और इसके 100 फीसदी परिणाम आने शुरू हो गए।झरनों को लेकर सबसे अधिक लापरवाही झारखंड,उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में है, जो बीते पांच वर्षों में प्रभावित हुए हैं। इन राज्यों में झरनों के आसपास भूमि क्षरण कम करने, हरियाली बढ़ाने और मिट्टी के नैसर्गिक गुणों को बनाए रखने की कोई नीति बनाई नहीं गई। आवश्यक है कि नैसर्गिक जल सरिताओं और झरनों के कुछ दायरे में निर्माण कार्य पर पूरी तरह रोक हो, ऐसे स्थानों पर कोई बड़ी परियोजनाएं न लाई जाएं, जहां का पर्यावरणीय संतुलन झरनों से हो।

## राजनाथ सिंह ने विपक्ष के आरोपों पर दिया जवाब

# भारत ने किसी के दबाव में नहीं रोका ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम कि भारत ने किसी दबाव में आकर ऑपरेशन को रोका, इस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सरासर गलत है कि भारत ने किसी बाहरी दबाव के चलते सैन्य कार्रवाई रोकी। राजनाथ सिंह ने सोमवार को लोकसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बयान देते हुए कहा कि भारत ने वे सभी लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिए थे, जो इस ऑपरेशन के तहत तय किए गए थे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, "ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य युद्ध छेड़ना नहीं, बल्कि पाकिस्तान में पल रहे उन आतंकी कैंपों को नष्ट करना था, जिन्हें वर्षों से भारत विरोधी गतिविधियों के लिए तैयार किया जा रहा था। हमारी



सेनाओं ने केवल उन्हीं ठिकानों को निशाना बनाया, जो सीधे तौर पर भारत में आतंकी गतिविधियों में संलिप्त थे। रक्षा मंत्री ने बताया कि 10 मई की सुबह भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान की एक अहम एयरफील्ड पर निर्णायक हमला किया।

शेष पेज 11 पर

## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने लगाई जनता दरबार, कहा

# जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने नागरिकों की विभिन्न समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार के माध्यम से मंत्री ने आम नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया और यह सुनिश्चित किया कि किसी भी व्यक्ति की समस्या अनसुनी न रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि झारखंड सरकार का संकल्प है कि प्रदेश के हर नागरिक को लालफीताशाही, जटिल प्रक्रियाओं और उपेक्षा से मुक्त एक सुलभ, पारदर्शी और उत्तरदायी प्रशासन मिले।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जनता का विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। हम इस भरोसे को कायम रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और प्रशासन को जनसरोकारों के प्रति और अधिक संवेदनशील बनाएंगे।

जनता दरबार में ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक लोगों ने अपने आवास, पेंशन, शौचालय, सड़क, जलापूर्ति और पंचायत स्तरीय योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं, जिन पर तत्परता से संज्ञान लेते हुए मंत्री महोदया ने समाधान की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए किया गया जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो रांची जिला समिति ने शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर मे जलाभिषेक, फल - फूल, दूध का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय उपस्थित हुए और पार्टी कार्यकताओं के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा अर्चना कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के लिए मंगलकामना की। इस अवसर पर पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आज सावन के सोमवार के दिन हम सभी लोग यहां उपस्थित हुए है और भगवान शंकर का जलाभिषेक कर हमने प्रार्थना की गुरुजी स्वस्थ होकर आ जाए और पहले की तरह ही उनका आशीर्वाद और स्नेह हमलोगों को मिले। इस आयोजन मे मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, केंद्रीय सदस्य सह जिला संयोजक सदस्य अश्विनी शर्मा, जिला संयोजक मंडली सदस्य सोनू मुंडा एवं बीरू साहू, अरुण वर्मा, विक्की यादव, मृत्युंजय सिंह, शिवनंदन मिश्रा, प्रदीप मिर्धा, आशुतोष वर्मा, रोमा सरकार, अंकिता वर्मा, दीपक झा, विजय रविदास, निखिल, अवधेश यादव, हरीश महतो, राकेश, कुलदीपक कुमार, संतोष राणा, रवि कुमार, गौरव कुमार एवं अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने मे मुख्य रूप से दीपक झा, विक्की यादव एवं अन्य कार्यकर्ताका अहम योगदान रहा।

इस दौरान चंद्रवंशी दुर्गा मंदिर ट्रस्ट, पहाड़ी मंदिर रांची द्वारा पार्टी महासचिव विनोद कुमार सिंह को बुके और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया एवं ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों से अवगत कराया। साथ ही सरकार से हरसंभव मदद का आग्रह किया गया। ट्रस्ट की ओर से मुख्य रूप से बिंदुल वर्मा, अरुण वर्मा, सत्येंद्र वर्मा, आशुतोष वर्मा, आयुष राज वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## काम में लापरवाही पर करने वाले नौ पुलिसकर्मी सस्पेंड

### दो पर होगी विभागीय कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में 9 पुलिस पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया है। ये सभी रांची के विभिन्न पुलिस थानों में तैनात थे।

दरअसल, डीआईजी सह एसएसपी द्वारा आयोजित एक अपराध समीक्षा बैठक में रांची में लंबित पड़े मामलों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन, कई अनुसंधानकर्ताओं (जांच अधिकारियों) ने इन निर्देशों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया, जिसके कारण बड़ी संख्या में मामले लंबित ही रह गए।

इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए, ऐसे अनुसंधानकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी कर उनसे जवाब मांगा गया था। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर और मामले की गंभीरता को देखते हुए, कार्रवाई की गई है।




**निलंबित किए गए पुलिसकर्मियों के नाम व उनके संबंधित थाने**

- संतोष कुमार रजक : डोरंडा थाना
- नीतीश कुमार : खरसीदाग ओपी
- अजय कुमार दास : लालपुर थाना
- राजकुमार टाना भगत : जगन्नाथपुर थाना
- सूर्यवंशी उरांव: सुखदेव नगर थाना
- श्याम बिहारी रजक : जगन्नाथपुर थाना
- अरविंद कुमार त्रिपाठी : जगन्नाथपुर थाना
- उमाशंकर सिंह : बुढ़मू थाना
- अशोकनाथ सिंह : सदर थाना

## झारखंड व पड़ोसी राज्यों ने नक्सलवाद व संगठित अपराध से लड़ने के लिए नई रणनीति बनाई

- झारखंड डीजीपी ने खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया

**नवीन मेल संवाददाता**



- महत्वपूर्ण बैठक में विभिन्न गंभीर मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई

**रांची।** झारखंड और उसके सीमावर्ती राज्यों - बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के डीजीपी के बीच सोमवार को पूर्वी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की बैठक हुई। इस बैठक में नक्सलवाद और संगठित अपराधों के खात्मे के लिए एक ठोस रणनीति पर चर्चा की और उसे अंतिम रूप दिया। छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई, जिसमें झारखंड के पुलिस डीजीपी अनुराग गुप्ता सहित सभी संबंधित राज्यों के शीर्ष पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

इस बैठक में सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ चरणबद्ध और समयबद्ध तरीके से संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति पर जोर दिया गया। विशेष रूप से, ओडिशा सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा ब्राउन शुगर, अफीम, डोडा, नशीली दवाएं और अवैध शराब की तस्करी की संभावना वाले चिन्हित चेकपोस्टों पर जिलों के पुलिस एसपी द्वारा समय-समय पर औचक जांच करने का सुझाव दिया गया।

हाल के दिनों में बढ़ते साइबर अपराधों पर नियंत्रण पाने के लिए आपसी तालमेल और सूचना साझा करने पर जोर दिया गया। फर्जी सिम कार्ड की खरीद-बिक्री की रोकथाम के लिए भी कदम उठाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा मानव तस्करी और चिटफंड धोखाधड़ी, बांग्लादेशी अवैध प्रवासी, नए आपराधिक कानून और प्रशिक्षण मुद्दे पर चर्चा हुई।

झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवादियों की आवाजाही और अन्य संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने और खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने कहा कि सीमावर्ती राज्यों के पुलिस अधीक्षकों को निरंतर आपसी समन्वय बैठकें करनी चाहिए और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर नक्सली गतिविधियों और मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी नजर रखनी चाहिए। सटीक सूचना उपलब्ध कराने के लिए पुलिस बल के आपसी समन्वय पर भी बल दिया गया।

### झारखंड पुलिस के अन्य अधिकारियों ने भी कई मुद्दे पर रखी अपनी बात

- स्पेशल ब्रांच आईजी प्रभात कुमार के द्वारा नक्सलियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियानों की जानकारी दी गई।
- आईजी सीआईडी असीम विक्रात मिंज ने साइबर अपराध और नारकोटिक्स से संबंधित विषयों पर जानकारी दी।
- आईजी ट्रेनिंग ए विजयालक्ष्मी ने राज्य में नए आपराधिक कानूनों और अन्य प्रशिक्षण से संबंधित कार्यों को प्रस्तुत किया।

## राज्यपाल से मिला भाजपा किसाना मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू के नेतृत्व में राज्यपाल संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य मे किसानों की समस्याओ से राज्यपाल को अवगत कराया। झारखंड गठन के 24 वर्ष बाद भी राज्य के किसान अपनी प्रमुख मांग को लेकर आंदोलनरत है। इसके साथ-साथ राज्य मे अतिवृष्टि से किसान की फसल बर्बाद हो रहे है । किसान त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है, आम जनता मंहगाई की मार झेल रही है। इन सबके बावजूद सरकार मौन धारण किए हुए है।

## सुदेश महतो ने किया आजसू पार्टी का संगठन विस्तार

- प्रवीण प्रभाकर बने आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष, दीपक महतो व संजय मेहता बने केंद्रीय महासचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर को आजसू पार्टी का केंद्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि दीपक महतो को केंद्रीय महासचिव और संजय मेहता को केंद्रीय महासचिव–सह–प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने संगठन विस्तार करते हुए पार्टी, युवा आजसू तथा छात्र आजसू के कई पदों पर नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। श्री महतो ने नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं भी दी हैं।

पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए बताया कि बसंत महतो, कुमुद वर्मा एवं चंद्रशेखर सिंह छोटू को केंद्रीय सचिव बनाया गया है। मुन्नू अख्तर को हजारीबाग जिला सचिव बनाया गया है।

**युवा एवं छात्र इकाई :** श्री सहिस ने बताया कि ऋतुराज शाहदेव को आजसू छात्र संघ का केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मो कैफ को युवा आजसू का दक्षिणी छोटानागपुर सह प्रभारी तथा संजय साहू को रांची जिला सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। श्री सहिस ने आशा व्यक्त की कि उपरोक्त नियुक्तियों से संगठन को मजबूती मिलेगी और नए पदाधिकारी पार्टी को नई दिशा में ले जाने में अपना प्रगतिशील नेतृत्व प्रदान करेंगे।

**इन नेताओं ने दी बधाई :** प्रवीण प्रभाकर समेत सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, प्रधान महासचिव मुकुंद मेहता, हरेलाल महतो, संतोष महतो, श्रीमती यशोदा देवी, रांची जिप अध्यक्ष श्रीमती निर्मला भगत, सागेन हांसदा, अजय सिंह, टिकैत महतो, इम्तियाज अहमद नज़्मी, उमेश उरांव, संजीव महतो, अजय कुमार, महेश राय, चतुरानन पांडे आदि नेताओं ने बधाई दी है।

## इंडी गठबंधन बना तुष्टिकरण गठबंधन : प्रवक्ता अजय साह

- डिंपल के अपमान पर मौन अखिलेश, कांग्रेस आफताब के साथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में इतना डूब चुका है कि अब उसे न महिला सम्मान की चिंता है, न ही न्याय की मर्यादा की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली से लेकर झारखंड तक इंडी गठबंधन के नेता वोटबैंक की राजनीति के लिए हर सीमाएं लांघ रहे हैं।



उन्होंने समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव का उदाहरण देते हुए कहा कि नई दिल्ली की एक मस्जिद में राजनीतिक बैठक के दौरान ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शाहबुद्दीन रिजवी ने उनके पहनावे पर बेहद अभद्र और आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसे बाद में मौलाना साजिद रशीदी ने और भी शर्मनाक भाषा में दोहराया। अजय साह ने सवाल उठाया कि जब एक हिंदू महिला सांसद के पारंपरिक पहनावे पर इस तरह की घिनौनी टिप्पणी की जाती है, तब अखिलेश यादव और पूरा इंडी गठबंधन मौन क्यों रहता है? क्या तुष्टिकरण की राजनीति उनके लिए महिला गरिमा से भी अधिक मूल्यवान हो चुकी है?

झारखंड के संदर्भ में अजय साह ने कहा कि कांग्रेस की वही सरकार, जो अंकिता सिंह को जिंदा जलाने पर, रूबिका पहाड़िया के पचास टुकड़े किए जाने पर और रूपेश पांडे की मॉब लिंचिंग पर चुप्पी साधे रही, आज एक दुष्कर्म के आरोपी आफताब अंसारी की मौत पर जांच कमिटी बना रही है। उन्होंने कांग्रेस के एक मंत्री पर भी तंज कसते हुए कहा कि न वह अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हैं, न गृह मंत्री, और न ही रामगढ़ से विधायक, लेकिन जैसे ही किसी मामले में 'मुस्लिम' नाम आता है, वह सबसे पहले प्रतिक्रिया देने पहुँच जाते हैं।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पुलिस ने खरसीदाग क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक अपराधी पवन नाग को गिरफ्तार किया। डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को बीते सोमवार को गुप्त सूचना मिली थी, कि दशमाईल चौक से चुकरू मोड़ जाने वाले रास्ते में एक व्यक्ति पल्सर बाइक पर हथियार लेकर घूम रहा था और किसी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता था। जिसके बाद एसएसपी ने छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम दशमाईल चौक पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस बल को देखकर अपनी पल्सर बाइक से भागने लगा। पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा किया। पीछा करने पर, अपराधी ने चुकरू मोड़ जाने वाले रास्ते में ग्रेस क्लिनिक के पास अपनी पल्सर बाइक छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन सशस्त्र बल ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। उसकी विधिवत तलाशी लेने पर उसके कमर से पीतल और सिल्वर रंग का एक पिस्टल बरामद हुआ।

## महिला अत्याचार पर घड़ियाली आंसू बहा रही कांग्रेस : राफिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की महिला अध्यक्ष ने राज्यपाल से जाकर महिला आयोग के गठन की मांग करना पूरी तरह से घड़ियाली आंसू बहाने जैसा है। यह आश्चर्यजनक है कि राज्य में कांग्रेस खुद सत्ता में भागीदार है–झामुमो, कांग्रेस और इंडिया एलायंस की सरकार चल रही है – इसके बावजूद महिला आयोग जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक निकाय का गठन अब तक नहीं किया गया है। राफिया ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की सुरक्षा, उनके अधिकारों और न्याय की झूठी बात करने वाली कांग्रेस पार्टी अपनी सरकार में ही महिलाओं को उनका हक दिलाने में विफल रही है।आज जब राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ते जा रहे हैं, आए दिन दुष्कर्म,अपहरण और छेड़खानी हो रही तब महिला आयोग का गठन न होना सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। राफिया ने कहा कि कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि सत्ता में रहते हुए महिला आयोग के गठन में देरी क्यों हो रही है। क्या यह सिर्फ एक दिखावा है या फिर महिलाओं के मुद्दों पर पार्टी की कोई वास्तविक प्रतिबद्धता नहीं है? उन्होंने सवाल उठाया कि जब कांग्रेस की महिला अध्यक्ष को ही अपनी सरकार से उम्मीद नहीं है और उन्हें राज्यपाल के पास गुहार लगानी पड़ रही है, तो आम महिलाओं की आवाज कौन सुनेगा? राफिया ने मांग की कि सरकार तत्काल प्रभाव से महिला आयोग का गठन करे और महिलाओं से जुड़े सभी मामलों में संवेदनशीलता दिखाते हुए ठोस कदम उठाए।

## झारखंड विस के मानसून सत्र को लेकर निषेधाज्ञा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** विधानसभा भवन में षष्ठम झारखंड विधानसभा के तृतीय (मानसून) सत्र एक से सात अगस्त तक आहूत है। रांची उपायुक्त एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था के संयुक्तादेश मैं निहित निर्देश के आलोक में विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किया जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडल दंडाधिकारी, सदर द्वारा बीएनएसएस की धारा-163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए झारखंड विधानसभा (नया विधानसभा) परिसर के 750 मीटर के दायरे में (माननीय उच्च न्यायालय झारखंड, रांची को छोड़कर) निषेधाज्ञा जारी की गई है। यह निषेधाज्ञा एक अगस्त के सुबह 08:00 बजे से सात अगस्त के रात्रि 10:00 तक के लिए तक प्रभावी रहेगा।

## अंगिका समाज का एक शिष्टमंडल जैक अध्यक्ष से मिला



**रांची।** झारखंड प्रदेश अंगिका समाज का एक शिष्टमंडल महासचिव मोहन सिंह के नेतृत्व में जैक अध्यक्ष से मिलकर अंगिका भाषा को नियुक्ति नियमावली में शामिल कराने की मांग की। अध्यक्ष को बताया गया कि पहले संताल परगना अविभाजित बिहार राज्य में भागलपुर जिला के अन्तर्गत था जो अंग देश के राजा कर्ण के साम्राज्य में था और अंग देश की भाषा आंगी/अंगिका थी। अति प्राचीन काल से संताल परगना के अधिसंख्य की भाषा अंगिका रही है और अंगिका भाषा-भाषी वहां के मूल निवासी हैं। झारखंड सरकार ने 2018 में अंगिका को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिया गया, वर्ष दिसंबर 2021 एवं फरवरी 2022 में अंगिका को नियुक्ति नियमावली में शामिल किया गया परन्तु मार्च 2023 में इसे हटा दिया गया। इसे हटाने से हजारों युवाओं के नियोजन अधिकार पर संकट छा गया। इसके बाद शिष्टमंडल के सदस्य सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से भी मिले और उनसे भी उक्त निवेदन कर अंगिका भाषा को झारखंड सरकार की भविष्य में बनने वाली नियुक्ति नियमावली में शामिल कराने का निवेदन किए।

## 16 व 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक पर होगा श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव, संजय सेठ बोले

# इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव होगा ऐतिहासिक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के सानिध्य में 16 व 17 अगस्त को अल्बर्ट एक्का चौक, मेन रोड में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े धूम धाम से मनाया जाएगा।

श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व संरक्षक अजय मारू एवम समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया आयोजन को बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही आज बैठक कर कमेटी का विस्तार भी किया गया व आयोजन की सफलता के लिये सदस्यो के बीच कार्यो का बितरण कर उनको विभागीय जिम्मेवारी दी गयी।

संरक्षकः- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, संरक्षक विधायक सी पी सिंह, पूर्व सांसद अजय मारू है।



- श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के महोत्सव कमेटी का गठन
- कमेटियों के संयोजक व सहयोगी को दी गई कार्यो की जिम्मेवारी

वही आयोजन समिति के अध्यक्ष- मुकेश काबरा रहेंगे।

वही स्वागत समिति में- पुनीत पोद्दार, छवि विरमानी, राजीव चटर्जी, ललित केजरीवाल, प्रकाश धेलिया,प्रतीक मोर,पवन बजाज,मनीष साहू, राम कुमार कुँवर,राजा घोष, शंकर दुबे। परामर्श समितिः- चंद्रकांत रायपत, ऐश्वर्या सेठ ,जवाहर तनेजा, संजीव विजयवर्गीय, आशीष भाटिया। संयोजक- कुणाल आजमानी

महासचिव - रविन्द्र मोदी, सचिवः- रमेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष- राम बांगड़, दही हांडी फोडो प्रतियोगिता- राज वर्मा, नीरज चौधरी, भीष्म सिंह, ललन श्री वास्तव, प्रमोद सारस्वत, मनोज कुमार, विजय ओझा ,मनोज तिवारी, रवि मुंडा ,सबलू मुंडा बबलू चौधरी,आनंद वर्मा,सतीश कुमार, रामलखन राम। मंच व पुष्प सज्जा रामाशंकर बागड़िया, संतोष सेठ, प्रेस मीडिया- प्रमोद सारस्वत ,संजय पोद्दार, मंच सुरक्षाः- सतेंद्र सिंह (गुड्डू) विकास कुमार (रवि) अमित सिंह।

झांकी एवं साज सज्जाः- नीरज कुमार,राज वर्मा, बबलू चौधरी, संजीव साहू, विजय यादव,अजय वर्मा, विवेक गुप्ता। पुरस्कार संग्रहः- अमित चौधरी, यश पोद्दार। प्रचार-प्रसार व एलइडी आनंद श्रीवास्तव, संजय जायसवाल, प्रज्ञा मणि,वीरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, प्रशासक व प्रशासन राम बांगड़ , ललित ओझा, प्रदीप कुमार,राहुल सिंहा (चंकी)। चिकित्सा एवं आवास- नीरज कुमार( रिम्पी),राजेश गुप्ता, नरेंद्र लाखोटिया,विवेक गुप्ता। मंच संचालकः- मति राजश्री, सेवा प्रकल्पः- मनीष लोधा, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण कपूर (कालू) बिनय मंत्री, प्रेमचंद श्रीवास्तव (लाला जी) अमर प्रसाद, विकास कुमार। साउंड- रमेन्द्र कुमार, राजीव वर्मा। भजन प्रभारी जुगल दरगड़, गौरव काबरा। लाइट व जेनरेटर- संजय सिंह, बैजू सोनी, राजू रजक। बाल गोपाल प्रतियोगिता पूनम आनंद, मति कुमुद झा, मति नीलम चौधरी, मति नीतू सिंह, गोबिंदा टीम एवं बाल गोपाल रजिस्ट्रेसन- सतीष सिंहा, राजेन्द्र केडिया। स्टाप वाच एवं मटकी संचालन- विपिन वर्मा, राजीव सहाय, निर्णायक मंडली- समाचार पत्रों के संपादक। गोविंदा टोली रजिस्ट्रेशन : सतीश सिन्हा, राजेंद्र केडिया, आयोजन स्थल एवं टेंट व्यवस्थाः नीरज कुमार, कवलजीत सिंह (शंटी) मनोज कुमार,अशोक पुरोहित, संजय गोयल ,सोनू भारद्वाज,गौत्तम देव,बनाए गए।

## एकजुट छात्रों से डरा विश्वविद्यालय प्रशासन : छात्र नेता अभिषेक झा

- 10 छात्रों को आगामी सेमेस्टर के पंजीकरण से वंचित करने का निर्णय पूरी तरह से एकपक्षीय, अलोकतांत्रिक और दमनकारी है

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अबुआ अधिकार मंच, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) के छात्र समुदाय की ओर से यह स्पष्ट करता है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा 10 छात्रों को आगामी सेमेस्टर के पंजीकरण से वंचित करने का निर्णय पूरी तरह से एकपक्षीय, अलोकतांत्रिक और दमनकारी है।

जिन छात्रों को यह दंडित किया गया, वे लंबे समय से महिला सुरक्षा, छात्रवृत्ति, छात्रसंघ गठन, वाई-फाई एवं बुनियादी सुविधाओं की मांग के साथ-साथ भ्रष्टाचार के विरुद्ध निरंतर आवाज उठा रहे थे। यह निर्णय बिना किसी पूर्व 'शो कॉज नोटिस, जांच या सुनवाई के पूर्णतः प्रशासनिक मनमानी का परिचायक है।

प्रशासन पूर्व में ही छात्रों के आंदोलन और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक 'तुगलकी फरमान' जारी कर चुका है, जिससे स्पष्ट होता है कि वह आलोचना, प्रतिरोध या छात्र असंतोष को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। इस आदेश ने विश्वविद्यालय को संवाद के मंच से हटाकर भय और अधीनता का अड्डा बनाने की कोशिश की है।

छात्र नेता अभिषेक झा ने इसे एक सुनियोजित साजिश करार देते हुए कहा कि यह कार्रवाई उन छात्रों को चुप कराने की कुत्सित चाल है जो निरंतर अन्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुखर हैं। तुगलकी फरमान के माध्यम से पहले आंदोलन पर पाबंदी लगाई गई और अब रजिस्ट्रेशन से वंचित कर उनकी आवाज़ को दबाने की कोशिश की जा रही है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों की खुली हत्या है। लेकिन छात्र डरने वाले नहीं हैं — अबुआ अधिकार मंच अंतिम सांस तक इस अन्याय के विरुद्ध लड़ेगा।




# सरला बिरला स्कूल को राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान मिला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया है। भारत विकास परिषद् द्वारा आयोजित शाखा स्तरीय राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता-2025 में विद्यालय की टीम ने द्वितीय स्थान अर्जित कर समस्त विद्यालय परिवार को गर्व का अनुभव कराया। इस प्रतियोगिता में रांची शहर के कुल नौ प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लिया, जहां सरला बिरला पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों ने अपनी भाव-प्रवण एवं हृदयस्पर्शी प्रस्तुति से न केवल निर्णायकों का, अपितु पूरे सभागार का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत 'रक्त शिराओं में राणा का गीत' तथा सांस्कृतिक गौरव को दर्शाता 'जय-जय हे भगवती गीत' अत्यंत सुर-लय और भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया। यह उपलब्धि विद्यालय के उन समर्पित विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और उनके मार्गदर्शक शिक्षक की निःस्वार्थ साधना का प्रतिफल है, जिन्होंने पूरी निष्ठा से टीम को अभ्यास कराया और मंच पर प्रस्तुत होने हेतु आत्मविश्वास से पूर्ण रूप में तैयार किया। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों की संगीतात्मक प्रतिभा को उजागर करती है, अपितु विद्यालय द्वारा सृजनात्मकता, सामूहिकता और सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की भी परिचायक है।

प्राचार्या परमजीत कौर ने विजयी टीम को हार्दिक बधाई दी तथा संगीत को शिक्षा का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के समग्र विकास के साथ-साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।



रांची में चार्टर्ड साइकिल सेवा को बढ़ावा देने के लिए नगर निगम ने स्टेशन बनाने की जगह दी थी

# रिकॉर्ड में चल रही चार्टेड साइकिलें धरातल पर साइकिलों की स्थति खराब

**काजल मेहता**

**रांची।** चार्टर्ड साइकिल कंपनी द्वारा संचालित एक साइकिल शेयरिंग सेवा है। जिसकी शुरुआत के पीछे आम जनों का स्वास्थ्य बनाना और प्रदुषण से वातावरण को बचाना था। इसकी शुरुआत 3 मार्च 2019 में हुई थी। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड के द्वारा यह टेंडर चार्टेड कंपनी को दी गई थी। इस सेवा के तहत, शहर में विभिन्न स्थानों पर साइकिल स्टैंड बनाए गए हैं।

जहां से लोग साइकिल किराए पर ले सकते हैं और उपयोग कर सकते हैं। इसका लक्ष्य है कि लोग साइकिल का उपयोग अधिक से अधिक करें, जिससे पर्यावरण को भी फायदा हो और लोगों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे। इस योजना के तहत, लोग 30 रुपए प्लस जीएसटी प्रति दिन से लेकर 1,000 रुपए प्लस जीएसटी प्रति वर्ष तक के सब्सक्रिप्शन के साथ साइकिल किराए पर ले सकते हैं। पहले 30 मिनट की सवारी मुफ्त है। चार्टेड कंपनी के मैनेजर ने कहा कि साइकिलिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कम शुल्क लिया जाता है, ताकि छात्र और मजदूर वर्ग भी इसका उपयोग कर सकें। कुछ साइकिलें खराब हो गई हैं, लेकिन कंपनी और नगर निगम मिलकर काम कर रहे हैं ताकि साइकिलिंग को बढ़ावा दिया जा सके। रांची में चार्टर्ड साइकिल सेवा को बढ़ावा देने के लिए, नगर निगम ने स्टेशन बनाने की जगह दी थी। वर्तमान में, 74 स्टेशन में 650 साइकिलें हैं।

## कंपनी का दावा साइकिल दुरुस्त है पर तस्वीरें दावों के ठीक विपरीत है

चार्टर्ड बाइक कंपनी के मैनेजर शशि रंजन सिंह ने बताया की राजधानी रांची में 74 स्टेशन के लिए 2 वाहन है जिसमें कर्मी प्रतिदिन जाकर सभी स्टेशन में लगी साइकिल की जांच करते हैं और एक टीम के द्वारा साफ सफाई किया जाता है। उन्होंने दावा किया है कि राजधानी में चलने वाली सभी साइकिल फीट है। किसी तरह की कोई परेशानी किसी को नहीं होती है। हालांकि तस्वीरें मैनेजर की बातों और दावों के बिलकुल विपरीत है। उन्होंने कहा कि राजधानी ने आभी भी प्रतिदिन लगभग 400 साइकिल का इस्तेमाल आम लोगों के द्वारा किया जाता है। जबकि राजधानी रांची में अब काफी कम लोग साइकिल का इस्तेमाल करते हैं। वहीं साइकिल के रखरखाव के लिए प्रति महीने प्रति साइकिल रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के द्वारा फंड दिया जाता है। साथ ही 400 साइकिल के अनुसार रेंट और रजिस्ट्रेशन में भी अच्छे खासे रूपए आ जाते हैं। बावजूद इसके राजधानी के कई स्टैंड की स्थिति खराब हैं। कहीं साइकिल पंचर है तो कहीं जाम हो चुकी है। जबकि मैनेजर ने बताया कि हर महीने फंड आता है।



रोज होती है देख रेख फिर भी पंचर पड़ी है साइकिल

## लाखों लोगों ने अब तक चार्टेड साइकिल का किया इस्तेमाल

मैनेजर ने बताया कि 3 मार्च 2019 से लेकर 28 मई 2025 तक रांची शहर में 1 लाख 33 हजार 215 लोगों ने रजिस्ट्रेशन किया है। जबकि 9 लाख 56 हजार 37 रेंटल साइकिल चली है। वहीं, 16 लाख ,14 हजार, 510 कार्बन की बचत हुई। साथ ही 43 लाख 71 हजार 692 किलोमीटर चली है।

# झारोटेफ ने मंत्री व विधायक को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉय फेडरेशन झारोटेफ़ के रांची जिला इकाई के कर्मचारियों ने कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेश बैठा तथा तमाड़ विधायक विकास मुंडा से मिलकर अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा। वहीं सकारात्मक सहयोग करने की अपील की। कर्मचारी एवं शिक्षकों के मुख्य मांग में पहला शिक्षकों को एमएसीपी का लाभ, दूसरा सरकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 62 वर्ष करने एवं तीसरा सभी सरकारी कर्मचारी को केंद्र की भांति शिशु शिक्षण भत्ता का लाभ मिलना शामिल है।

बताते चलें कि सभी विधायक एवं मंत्री ने बहुत ही सहयोगात्मक रूख अपनाते हुए यह आश्वासन दिया कि हम लोग विधानसभा में इस मुद्दे को उठाएंगे एवं सरकार से इस बात करेंगे। कार्यक्रम में प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू संयुक्त सचिव अनंत महतो कोषाध्यक्ष ज्ञान साहू, जिउरा उरांव सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# सेल-सीईटी ने 44वां स्थापना दिवस मनाया



**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (सीईटी) ने रविवार देर शाम कई जीवंत समारोहों और सामुदायिक-केंद्रित पहलों के साथ अपना 44वां स्थापना दिवस मनाया।

इस उत्सव का समापन एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में सेल की कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कई समृद्ध प्रदर्शन हुए।

**आज / कल**




निर्मला बहन ने नगर आयुक्त को बांधी राखी

# आत्म परिवर्तन और शुद्धिकरण का त्योहार है रक्षा बंधन : निर्मला बहन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्रावण मास के पावन महीने में सोमवार को ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने नगर निगम के आयुक्त सुशांत गौरव को रक्षा सूत्र बांध कर ईश्वरीय संदेश दिया। ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने रक्षा बंधन का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक पारंपरिक त्योहार नहीं है, बल्कि एक अवसर है आत्म परिवर्तन और शुद्धिकरण का। इस दिन, बहनें अपने भाइयों को राखी बांधती हैं, जो प्रेम सुरक्षा और पवित्रता का प्रतीक है। यह एक संकल्प है, आत्मा के रूप में अपने सच्चे स्वरूप को पहचानने और उसे बनाये रखने का। राखी एक पवित्र धागा है जो भाई बहन के रिश्ते को पवित्रता और प्रेम के बंधन में बांधता है। यह हमें शरीर और भौतिक दुनिया के बंधनों से मुक्त होने पर आध्यात्मिक रूप से विकसित होने की याद दिलाता है। राखी बांधने का अर्थ है एक दूसरे की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिवद्ध होना।

जन समस्याओं के समाधान में कोताही पर डीसी सख्त, कहा

# संवेदनशीलता व त्वरित कार्रवाई ही प्रशासन की प्राथमिकता

- मांडर सीओ और कांके अंचल के कर्मचारी को शो-कॉज करने का निर्देश
- डिस्लेक्सिया से पीड़ित बच्चे की मां को मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले कके शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। भूमि विवाद, राशन, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, पीएम आवास, दाखिल-खारिज जैसी जनसमस्याओं के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासनिक कार्यों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण शिकायतें फरियादियों द्वारा दर्ज कराई गईं। जनता दरबार में आई शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं करने पर मांडर अंचल अधिकारी और कांके अंचल कार्यालय के कर्मचारी को उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया। कांके अंचल की कमला देवी द्वारा सुगनू मौजा, खाता संख्या-93 की अपनी जमीन के लिए ऑनलाइन पंजी-2 में सुधार के लिए विगत 07 जुलाई जनता दरबार में आवेदन दिया गया था, जिस पर उचित कार्रवाई के लिए अंचल अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया।

# रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आम सभा अग्रसेन भवन में हुई



- सज्जन पाड़िया रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बने
- कई संस्थाओं ने दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की आम सभा अग्रसेन भवन में जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता मे संपन्न हुई। आमसभा में महामंत्री विनोद कुमार जैन ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के विगत 2 वर्षों की क्रियाकलापों एवं मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा किए गए जनसेवा व सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। तथा कोषाध्यक्ष कमलेश संचेती ने दो वर्षों का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आमसभा में मुख्य चुनाव पदाधिकारी अशोक नारसरिया ने सत्र 2025-27 के लिए सज्जन पाड़िया के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष सज्जन पाड़िया को शपथ ग्रहण कराया।


प्रखंडों में सुविधा व अन्य पोर्टल के धीमे चलने की समस्या बेवजह नहीं

# सारे काम ऑनलाइन पर प्रखंडों में वाईफाई सुविधा नहीं

- सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का ग्रामीण नहीं उठा पा रहे लाभ
- उठते सवाल: शहरों की इंटरनेट स्पीड ज्यादा और गांवो की कम क्यों

**मनोज मिश्रा**

ब्लॉक में इंटरनेट स्पीड है कम




इंटरनेट स्पीड कम होने की वजह से कंप्यूटर ऑपरेटर के मोबाइल से ही साइट नहीं खुलता है रहा है तो आगे काम क्या होगा

**रांची।** हमलोग तकनीकी युग में जी रहे हैं और सभी व्यवस्थाएं तकनीकों पर आधारित हो गई है। पंचायत से लेकर सचिवालय तक कंप्यूटर का उपयोग हो रहा है, सभी डाटा कंप्यूटर में सुरक्षित रखे जा रहे है। सबका मानना है कि तकनीक का उपयोग करने से कार्य सरल हो जाता है, लेकिन तकनीक का ठीक उपयोग और व्यवस्था नहीं होने पर सभी सरल काम कठिन हो जाते हैं। ऐसा ही मामला रांची के ब्लॉक में देखने को मिला रहा है जहां के प्रखंडों में काम करने के लिए कंप्यूटर तो दे दिए गए हैं लेकिन इंटरनेट की व्यवस्था नहीं दी गई है। वाईफाई की सुविधाओं के अभाव में कंप्यूटर ऑपरेटर अपने मोबाइल के ही नेट का उपयोग कार्यालय में करते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने कुछ ब्लॉक में जाकर इंटरनेट स्पीड टेस्ट किया है तो पता चला कि ब्लॉक एवं गांव में इंटरनेट की स्पीड 10 एमबीपीएस से भी कम है तीन से चार के बीच है और वह भी फ्लैकचुएट है। ऐसे में किसी साइड का खुलना कठिन हो जाता है वहीं डाउनलोडिंग की स्पीड ज्यादा है और अपलोडिंग की स्पीड कम है जिस फाइल अपलोड नहीं हो पाती है। किसी प्रखंड के कंप्यूटर ऑपरेटर के मोबाइल इंटरनेट की स्पीड चेक की गई तो उस मोबाइल से कोई भी साइड नहीं खुल रहा था ज्यादा समय लग रहा था। जब खुद का ही इंटरनेट स्लो है तो प्रखंड में किस प्रकार से लोगों का काम होगा। अधिकारी बता देते हैं की साइट स्लो है जबकि उनका इंटरनेट ही स्लो है। प्रखंड के अफसरों द्वारा इसे ठीक करने के उपाय नहीं किए जा रहे हैं अगर उपाय किए गए होते तो वाईफाई की समस्या प्रखंड कार्यालय नहीं झेल रहा होता और लोगों का काम आसानी से और कम समय में हो जाता। इसी से पंचायत भवन के नेट का अनुमान लगाया जा सकता है।

सूत्रों के हवाले से जानकारी प्राप्त हुई है कि साइट स्लो जैसा कोई भी मामला आईटी सेल में नहीं होता है गांव में इंटरनेट की स्पीड कम रहती है जिस कारण उनके द्वारा भेजा गया फॉर्म जल्दी नहीं पहुंच पाता है। इसमें विभागीय अप्रबंधन जैसी कोई बात ही नहीं जबकि नेट स्लो होने के कारण जनता अपने नजदीकी सीएससी सेंटर से कई आवेदन नहीं कर पाते हैं। इसमें भूमि संबंधी अनेक मामले और फसल बीमा संबंधित कार्य इंटरनेट की स्पीड स्लो होने से प्रभावित हो रही है और सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं पहुंच रहा है। वहीं 31 जुलाई तक फसल बीमा की आखिरी तारीख तय है नेट की स्पीड कम रहने से ओटीपी नहीं आ रहा है जिससे फसल बीमा योजना असफल होने की कगार तक पहुंच गई है। गांव की इंटरनेट स्पीड ठीक करने से ही समस्या का समाधान निकलेगा नहीं तो आवेदक लाइन लगा कर खड़े रहेंगे और साइट आंख मिचौली खेलती रहेगी। कुछ ग्रामीणों से बात करने पर उन्होंने सवाल उठाया कि शहरों की इंटरनेट स्पीड ज्यादा और गांव की कम क्यों है। कंपनी के रिचार्ज प्लान में शहरी आबादी से जितनी राशि ली जाती है उतनी ग्रामीण आबादी से भी ली जाती है तो हमारे साथ पक्षपात क्यों हो रहा है।

# स्वामी देवचन्द्र महाराज ने जीवन भर समाज को प्रभु भक्ति की दी प्रेरणा : विदुषी साध्वी महाराज

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री कृष्ण बीतक कथा के दूसरे दिन का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीणा महाराज एवं विदुषी पूर्णा महाराज ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। दूसरे दिन की कथा का आरंभ निजानंद संप्रदाय के महान संस्थापक स्वामी देवचन्द्रजी महाराज के पावन जन्मोत्सव की मंगलमयी कथा से हुआ। विदुषी साध्वी मीणा महाराज ने उनके जीवन, तपस्या और आध्यात्मिक उपलब्धियों का विस्तृत वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार स्वामी देवचन्द्रजी जी महाराज ने निजानंद की स्थापना कर मानवता को सत्य, भक्ति और प्रेम के मार्ग पर अग्रसर किया। उन्होंने जीवन भर समाज को आत्मज्ञान, शुद्ध आचरण और प्रभु भक्ति की प्रेरणा दी।

स्वामी जी के आध्यात्मिक जीवन की गहराई को दर्शाते हुए, कथा में बताया गया कि कैसे उन्होंने सांसारिक बंधनों से परे होकर अपने जीवन को पूर्णतः प्रभु आराधना में समर्पित किया। उनके जन्मोत्सव का यह प्रसंग न केवल एक महान संत के अवतरण की स्मृति दिलाता है, बल्कि समाज को सच्चे धर्म और सेवा की प्रेरणा भी देता है। इसके उपरांत विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज ने श्रीकृष्ण के ब्रज दर्शन के दिव्य प्रसंग को अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया।

# बीसीआई प्लेटिनम बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 2 का सफल आयोजन



**रांची।** बीसीआई प्लेटिनम बैडमिंटन टूर्नामेंट सीजन 2 का सफल आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में बीसीआई के सदस्यों एवं उनके परिवार ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब डॉ संजीत कुमार को मिला एवं द्वितीय विजेता आनंद कुमार गुप्ता रहे। पुरुष युगल में रोहन शाह एवं जयेश ग्रोवर की जोड़ी विजेता रही। द्वितीय स्थान पर राजीव कुमार शर्मा एवं अमित ग्रोवर की जोड़ी रही। महिला एकल का खिताब रिचा आनंद गुप्ता एवं द्वितीय स्थान जुली कुमारी को मिला। मिश्रित युगल का खिताब आनंद प्रकाश गुप्ता एवं रिचा आनंद गुप्ता की जोड़ी को एवं द्वितीय स्थान अमर बजोरिया एवं वृद्धि कुमारी की जोड़ी को मिला। अध्यक्ष डॉ सुजीत कुमार ने सभी प्रायोजकों एवं सदस्यों का धन्यवाद किया एवं यह बताया कि यह कार्यक्रम उनके सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता था। उन्होंने इस आयोजन के लिए विशेष धन्यवाद उपाध्यक्ष सोनाली चौधरी एवं गिरीश चौधरी को दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ संजीत उपाध्यक्ष, सोनाली चौधरी, सचिव राजेश अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष सुबोध वर्मा के अलावा बीसीआई के संयोजक किशोर मंत्री, प्रबंध निदेशक धीरज ग्रोवर, निर्देशक अजय कुमार, निर्देशक रमेश कुमार, निर्देशक शिवकुमार सिंह समेत सभी सदस्य उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**रांची।** अल्पसंख्यक समाजिक संगठन द्वारा रविवार को मेन रोड अंजुमन प्लाजा स्थित अंजुमन हॉल में एक्सलेंस अवार्ड 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 50 से ज्यादा स्कूलों के लगभग एक हजार उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत कारी इसराइल के तिलावत कुरान से हुआ। मुख्य अतिथि के हाथों सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अल्पसंख्यक समाजिक संगठन हमेशा प्रमुख भूमिका निभाती है।

# कीचड़ और बहते पानी से होकर गुजरना मजबूरी



**खलारी।** खलारी पोस्ट आफिस तक पहुंचना इन दिनों लोगों के लिए किसी जंग जीतने से कम नहीं। मुख्य सड़क से करीब 100 फीट अंदर स्थित इस पोस्ट आफिस तक जाने के लिए नागरिकों को कीचड़, फिसलन और बहते पानी का सामना करना पड़ रहा है। इस सौ फीट के रास्ते में करीब पचास फीट क्षेत्र पूरी तरह कीचड़ में तब्दील है। स्थिति यह है कि लोग मुख्य सड़क पर खड़े होकर रास्ता तलाशते हैं कि कैसे बिना फंसे पोस्ट आफिस तक पहुंचा जाए। कीचड़ से राहत पाने के लिए ईंट-भट्ठे की राख डाली गई है और लोगों ने खुद से जगह-जगह ईंटें रखकर अस्थायी रास्ता तैयार किया है। यह पोस्ट आफिस जिस स्थान पर स्थित है, वहां की जमीन से अक्सर पानी रिसता है और जलजमाव बना रहता है। पुराने समय में, जब यह भवन तत्कालीन एसीसी कंपनी द्वारा 1945-50 के दशक में मुहैया कराया गया था। तब जलनिकासी की अच्छी व्यवस्था थी। लेकिन समय के साथ नालियां गाद-मिट्टी से भर गईं।

## न्यूज बॉक्स

### एशियन मास्टर एथलेटिक को लेकर हुई बैठक

**रांची।** मोराबादी स्टेडियम में झारखंड मास्टर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें 5 से 9 नवंबर तक चेन्नई में होने वाले एशियन मास्टर एथलेटिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए झारखंड से चुने गए खिलाड़ियों से अच्छे से ट्रेनिंग लेने को कहा गया है। सभी खिलाड़ियों आगे क्या करना है सभी खिलाड़ियों को सूचित किया जाएगा। बैठक में लक्ष्मण राम,राजकुमार वाल्मीकि , राजेंद्र महतो, आरपी मुंडा, केके ठाकुर, श्याम महतो, रंजीत मुंडा, सुजीत सिंह, संजय चक्रवर्ती, कृष्ण कुमार, केके महतो, जितेंद्र महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### छात्रों ने साइंस ओलंपियाड में लहराया परचम



**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित बाघवार एकेडमी में सोमवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय और जोनल रैंक में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सम्मान समारोह के दौरान चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र, नकद पुरस्कार एवं गिफ्ट वाउचर प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, इनकी सफलता शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। समारोह का संचालन हरे कृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### केनरा बैंक किसानों के जीवन स्तर में सुधार को प्रमुखता देती है : महाप्रबंधक



**पिठोरिया।** केनरा बैंक पिठोरिया में कृषि क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में मुख्य अतिथि सुजीत कुमार साहू महाप्रबंधक केनरा बैंक अंचल कार्यालय सह राज्य प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि केनरा बैंक किसानों के जीवन स्तर में सुधार के लिए कृषि ऋण वितरण को हमेशा से प्रमुखता देती रही है। बैंक का लक्ष्य किसानों को उन्नत जीवन प्रदान करना है। कृषि ऋण बैंक के माध्यम से देने का उद्देश्य है किसान को महाजनों की चंगुल से बचे रहें। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और झारखंड सरकार के द्वारा पोषित योजनाओं की सुविधा भी केनरा बैंक तय समय में अपने ग्राहकों को उपलब्ध कराती है।वहीं स्मिता मिश्रा क्षेत्रीय प्रमुख केनरा बैंक ने कहा कि केनरा बैंक किसान हित को सर्वोपरि मानते हुए कृषि ऋण उपलब्ध कराने में हमेशा अग्रणी रही है किसानों का एक भूषण बैंक की प्राथमिकता में है। इस मौके पर पिठोरिया , मारसिरिंग, रातू और बुढ़मू के 71 किसानों के बीच किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कुल 53 लाख रुपए कृषक ऋण का भुगतान किया गया। साथ ही महिला स्वयं सहायता समूह के दो ग्रुपों को चार लाख का ऋण दिया गया।

### सुहागिनों ने सावन महोत्सव मनाया



**पिठौरिया।** कांके बोड़ेया स्तिथ ऐटमाइल्स स्टोन में महिलाओ के द्वारा सोमवार को सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 12 प्रतिभागियों ने कई गेम्स,नृत्य और संगीत की प्रतियोगिता में भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया। भगवान महादेव पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सावन मास के हरे -भरे रंग व भारतीय परिधान में सभी महिलाओं का ये कार्यक्रम प्रकृति की सुन्दरता, हरियाली एवं भगवान शिव और माता पार्वती के अनुपम मिलन का प्रतीक है। सावन मिलन समारोह अब पूरे भारत वर्ष के अनेक स्थानों पर आयोजित किया जाता है। भारतीय संस्कृति,लोकनृत्य एवं पूर्ण सामाजिक मर्यादाओं के अनुरूप व्यवस्थित तरीके से हर्षोल्लास मनाया गया। सभी सफल प्रतिभागियों के बीच उपहार वितरित किया गया। मुख्य रूप से सुधा तिवारी. संध्या तिवारी. बिभा तिवारी. गुडिया तिवारी.रश्मि तिवारी. पूजा तिवारी. शिखा तिवारी. लिली तिवारी.जानवी तिवारी. प्रीति तिवारी.रोली तिवारी. रश्मि तिवारी उपस्थित थीं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित



**रांची।** अल्पसंख्यक समाजिक संगठन द्वारा रविवार को मेन रोड अंजुमन प्लाजा स्थित अंजुमन हॉल में एक्सलेंस अवार्ड 2025 प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक और इंटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले 50 से ज्यादा स्कूलों के लगभग एक हजार उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत कारी इसराइल के तिलावत कुरान से हुआ। मुख्य अतिथि के हाथों सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए अल्पसंख्यक समाजिक संगठन हमेशा प्रमुख भूमिका निभाती है।

## सरकारी स्कूलों की समस्या को लेकर डीसी से मिले उप प्रमुख



**बेड़ो ।** बेड़ो प्रखंड स्थित स्कूलों की विभिन्न समस्याओ को लेकर सोमवार को उप प्रमुख मुदस्सीर हक के नेतृव में एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से मिला। वहीं उन्होंने उपायुक्त को एक मांग पत्र सौपी जिसमें राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा स्कूल की जर्जर स्थिति, जमीन उपलब्ध कराने, प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलो में बेंच डेस्क की कमी, सहित स्कूल में बुनियादी समस्याएं पीने के पानी, शौचालय, और खेल के मैदान सहित अन्य समस्याओं का उल्लेख किया गया था। उपयुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने उप प्रमुख मोद्सिर हक को जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया । इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य महेबूल ओहदार, विधायक प्रतिनिधि रईफुद्दीन मिरदाहा, सिल्वेस्टर कच्छप, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय घाघरा स्कूल के प्रधानाध्यापक सुग्रीव महतो, असरफ खान, नीतू मुंडा के साथ कई लोग मौके पर मौजूद थे।

भजन कीर्तन एवं पूजा अनुष्ठान के साथ-साथ भंडारा का आयोजन

# श्रृंगार पूजा की 25वीं वर्षगांठ पर महादानी मंदिर में हुई श्रृंगार पूजा

नवीन मेल संवाददाता



**बेड़ो।** श्रृंगार पूजा के 25 वीं वर्षगांठ के मौके पर तीसरी सोमवारी को ज्ञानदीप सोनी सपत्नीक मनीषा कुमारी सोनी ने बेडो.के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में श्रृंगार पूजा का आयोजन किया। इसके पूर्व रॉय परिवार के तत्वावधान में विशेष श्रृंगार पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। महादानी मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक पंडा के नेतृत्व एवं देखरेख में अभिजीत रॉय ने सपत्नीक नमिता रॉय एवं पुत्र लियान रॉय एवं भाई अनुपम रॉय ने बाबा भोलेनाथ की भव्य श्रृंगार पूजा किया। सुगंधित फूलों एवं बेल पत्रों से बाबा भोलेनाथ का श्रृंगार किया गया। इस मौके पर भजन सम्राट मोती लाल गुप्ता सहित अन्य भजन गायकों के नेतृत्व में भजन कीर्तन तथा भंडारा भी आकर्षण का केंद्र बना रहा। शाम ढलने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रृंगार पूजा पूरे विधि विधान के साथ शुरू किया गया। जैसे-जैसे शाम ढली और रात गहराने लगी मंदिर परिसर में श्रृंगार पूजा महोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती गई। महादानी मंदिर में यजमान अभिजीत रॉय के साथ साथ उनकी धर्मपत्नी मनिता रॉय ने बाबा भोलेनाथ का पवित्र जल और फिर दुग्ध से अभिषेक किया। विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फलों एवं बुंदिया का महाप्रसाद के साथ पूजन अनुष्ठान किया गया। श्रृंगार पूजा के दौरान महादानी बाबा का भव्य महाआरती की गई। फिर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

## श्रीआण्डाल देवी का प्रकाट्य महोत्सव मनाया गया



**रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में सोमवार को श्रीआण्डाल ( गोदांबा )देवी की प्रकाट्योत्सव पूरे दक्षिणात्य पद्धति तथा वेदोपचार विधि - विधान से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम कलयुग में दर्शन मात्र से ही करोड़ों पापों का अपहरण करने वाले भगवान् श्रीमन्नारायण श्रीहरि वेंकटेश्वर का विश्वरूपदर्शन, सुप्रभातम्, मंगलाशासनम् तथा नित्याराधन संपादन हुआ । इसके पश्चात् दूध, दही, शहद, हरिद्राचूर्ण, चंदन, गंगाजल, नारियलयुक्त जल और केसर घोल से महाभिषेक हुआ। सुश्राव्य वेदध्वनियों के साथ क्रमानुसार सहस्त्रधारा, शंखधारा, चक्रधारा और कलशधारा से महाभिषेक कराया गया। तदनन्तर अगणित ब्रह्माण्डों के स्वामी श्रीतिरुपति बालाजी समेत श्री श्रीदेवीजी श्रीभूमिदेवीजी लक्ष्मियां आदि सभी विग्रहों को रेशमी वस्त्रों और सद्भूषणों से सुसज्जित करके महाआरती हुई। फिर भगवान् का हृदयाह्लादकारक श्रुति - स्मृति उपनिषद और देशिक स्तोत्राणि आदि मंत्रों के दिव्य मंगलध्वनियों से महास्तुति की गयी और खीर , आलू पकौड़ा, फल एवं शक्कर पोंगल का बालभोग निवेदन हुआ ।

## खलारी में चारु मजूमदार और एके राय का शहादत दिवस मनाया गया

**खलारी।** भाकपा माले द्वारा खलारी बाजार टांड में पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक राम की अध्यक्षता में क्रांतिकारी नेता चारु मजूमदार और पूर्व सांसद एके राय की शहादत दिवस मनाई गई। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रदेश प्रभारी मोहन दत्त ने कहा कि आज के दौर में कारपोरेटपरस्त, सांप्रदायिक और फासीवादी ताकतें देश के लोकतंत्र, संविधान और आम जनता के अधिकारों पर हमला कर रही हैं। ऐसे समय में चारु मजूमदार की क्रांतिकारी विचारधारा और एके राय की जनपक्षधर राजनीति हमारे संघर्ष का मार्गदर्शन करती है। चारु मजूमदार को भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन का 'चे ग्वेरा' (क्यूबा क्रांति के नेता) माना जाता है, जिन्होंने नक्सलबाड़ी आंदोलन की अगुवाई की और शोषणविहीन समाज की स्थापना का सपना देखा। वहीं एके राय झारखंड के खनन क्षेत्र में श्रमिक अधिकारों के प्रखर योद्धा रहे, जिन्होंने अपनी सांसद पेंशन तक को ठुकराकर आम जनता की सेवा को प्राथमिकता दी। मोहन दत्त ने कहा कि हमें 'श्रम चोरी, वोट चोरी और लोकतंत्र की लूट' के खिलाफ जनआंदोलन को तेज करना होगा। इसी उद्देश्य से एक संघर्ष टीम का गठन किया गया, जिसका सचिव अशोक राम को मनोनीत किया गया। बैठक में कन्हाई पांडेय, सूडान काल, अख्तर खान, फारुक खान, इरफान अंसारी, प्रदीप यादव, मुकेश दास, लखन यादव, कुंती देवी, रामकुमार गंझू, किशन भुइयां, सुनीता क्रिकेटर और बबीता देवी समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेपीएससी में सफल दो बहनों को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता



**चान्हो।** प्रखण्ड के पतरातू महुवाटोली में सोमवार को जेपीएससी में सफलता प्राप्त करने वाली दो बहनों को राज्य की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि गांव के बच्चे भी होनहार होते हैं। आज यह साबित इन दोनों बहनों ने कर दिया। आगे उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है। दिव्या भगत और विद्या भगत दोनों सगी बहनें है। विद्या भगत ने रैंक 309 और दिव्या भगत ने रैंक 312 लाकर साथ में अफसर बन गयी है। दोनों बहनों ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग और स्वयं की लगन को दिया। मंत्री ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसी बेटियां समाज के लिए मिसाल हैं।इस मौके पर उनके पिता बिरसा भगत माता प्रतिमा कच्छप्प को भी मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर अजीत कुमार सिंह, मंगलेश्वर उरांव, इरशाद खान, अब्दुल्लाह अंसारी, सुजीत शाही सहित कई लोग उपस्थित थे।

# जंगली हाथियों का उत्पात जारी, फसल व चारदीवारी को पहुंचाया नुकसान

नवीन मेल संवाददाता



**चान्हो।** चान्हो में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। कस्तूरबा स्कूल की बाउंड्री को सोमवार अहले सुबह हाथियों ने गिरा दिया है। साथ ही खेतों में तैयार धान के बिचड़ा को रौंद कर बर्बाद कर दिया। हाथी अभी भी चान्हो क्षेत्र में जमे हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम हाथियों को खदेड़ने के लिए प्रयासरत है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को जल्द से जल्द जंगल की ओर खदेड़ने की मांग की है ताकि क्षेत्र में फिर से सामान्य जीवन बहाल हो सके।

### झामुमो चान्हो प्रखंड संयोजक डीएफओ से मिले

चान्हो। झामुमो के चान्हो प्रखंड संयोजक प्रमुख मकबूल आलम आजाद व इमरान अंसारी ने सोमवार को रांची के वन प्रमंडल पदाधिकारी से मुलाकात की। वहीं उन्हें प्रखंड के पतरातू गांव के विभिन्न टोलों में जंगली हाथियों द्वारा मकानों के अलावा चान्हो के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बाउंड्री वाल को क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के मामले से अवगत कराया। विद्यालय की बाउंड्री का शीघ्र निर्माण कराने और प्रभावितों को अविलंब मुआवजा देने की मांग की।

## छात्रों ने साइंस ओलंपियाड में लहराया परचम



**चान्हो।** प्रखण्ड स्थित बाघवार एकेडमी में सोमवार को साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदी, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान ओलंपियाड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय और जोनल रैंक में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। सम्मान समारोह के दौरान चयनित छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रमाणपत्र, नकद पुरस्कार एवं गिफ्ट वाउचर प्रदान किए गए। विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, इनकी सफलता शिक्षकों की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। यदि इच्छाशक्ति प्रबल हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। समारोह का संचालन हरे कृष्णा सिंह ने किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## राजू रजक बने धोबी महासंघ के प्रदेश सचिव व पलामू प्रमंडल के प्रभारी



रांची। अखिल भारतीय धोबी महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष व कांके विधानसभा के विधायक सुरेश बैठा ने राजू रजक को महासभा का प्रदेश सचिव सह पलामू प्रमंडल का प्रभारी बनाया है। महासभा का दायित्व सौंपे जाने पर राजू रजक ने कहा है कि झारखंड़ प्रदेश में धोबी समुदाय को एक सूत्र में बांधकर आगे बढ़ना व संगठन को मजबूती प्रदान करना उनका लक्ष्य है। अब वे नये सिरे से धोबी समाज की आवाज को बुलंद करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष कांके विधायक सुरेश बैठा, पूर्व सांसद ब्रज मोहन राम, पूर्व धोबी महासंघ प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव पूर्व विधायक योगेन्द्र नाथ बैठा, विधायक उमाकांत रजक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश प्रभारी बाल गोबिंद राम, महासचिव ललन आनंदकर व अन्य पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# शब्दकार के वार्षिकोत्सव में कहानी, कविता लघुकथा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची प्रेस क्लब में शब्दकार वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कहानी, कविता और लघुकथा प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की गई और विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार के लिए क्रमशः 2100, 1500, 1100 की राशि दी गई। इसके अलावा झारखंड विशेष पुरस्कार के लिए भी 1100 की राशि एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए ।
विदित हो कि यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न राज्यों से सैकड़ों रचनाकारों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डा. माया प्रसाद, राकेश कुमार सिंह, कुमार बृजेन्द्र, पंकज मित्र, अनीता रश्मि, सारिका भूषण शामिल थे।
कहानी लेखन के लिए प्रथम पुरस्कार छवि निगम, लखनऊ, द्वितीय पुरस्कार सुमिता सिन्हा-राँची, तृतीय पुरस्कार अरूणिमा अरूण कमल- दिल्ली को तथा झारखंड विशेष पुरस्कार महफूज आलम- रांची को दिया गया ।
लघुकथा लेखन के लिए प्रथम पुरस्कार वीरेन्द्र महतो - दिल्ली, द्वितीय पुरस्कारः रश्मि सिंह- राँची, तृतीय पुरस्कार सविता पांडेय- दिल्ली तथा झारखंड विशेष पुरस्कार पुष्पा पाण्डेय-राँची को मिला । कविता लेखन के लिए प्रथम पुरस्कार सरिता सिंह, जामताड़ा (झारखंड), द्वितीय पुरस्कार बिम्मी प्रसाद - राँची, तृतीय पुरस्कार भव्या - राँची तथा झारखंड विशेष पुरस्कार पंकज पुष्कर- राँची को प्रदान किया गया ।मौके पर निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, सुशील अंकन, राकेश रमण, नरेश बंका, चन्द्रिका ठाकुर, ममता शर्मा, ज़िंदर सिंह मुंडा, प्रज्ञा गुप्ता, चेतन कश्यप, नियति कल्प के साथ-साथ शब्दकार समूह की नंदा पाण्डेय, सत्या शर्मा, सोनल थेपड़ा और शहर के प्रबुद्ध साहित्यकार उपस्थिति रहें।

## लायन सदस्यों को मानव की सेवा करनी चाहिए : संजय कुमार

**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची एकलव्य ग्रेटर का चतुर्थ इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर नए सत्र 2025 - 2026 के लिए अध्यक्ष लायन श्रवण बर्नवाल, सचिव लायन अमित साहू एवं कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल चुने गए। मौके पर मुख्यअतिथि लायन संजय कुमार ने कहा कि लायंस क्लब एक सामाजिक एवं बड़ी संस्था है सभी लायन सदस्यों को दया की भावना के साथ ही मानव की सेवा करनी चाहिए। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रवण वर्णवाल ने 51 नए लायन सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करते हुए कहा सेवा ही समर्पण मेरी पहचान है। मौके पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजीएफ लायन संजय कुमार, इंस्टॉलेशन पदाधिकारी पूर्व जिलापाल पीएमजेएफ लायन राहुल वर्मा, इंडक्शन पदाधिकारी एमजेएफ लायन वीके गाडयान, प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन शुभ्रा मजूमदार,जीएमटी कोऑर्डिनेटर पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार पीआरओ शिव किशोर शर्मा आदि मौजूद थे।

# स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में 4-वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पर हुई बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित बैठक में यूजी पाठ्यक्रम को लेकर स्नातकोत्तर विभाग एवं महाविद्यालयों के शिक्षकों की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विजय कुजूर ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। विभागाध्यक्ष श्री विजय कुजुर के प्रस्ताव पर नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के पुनर्निर्माण पर चर्चा की गई। पाठ्यक्रम में किए गए संशोधन भारतीय ज्ञान परंपरा को जोड़ते हुए पाठ्यक्रम का पुनर्निर्माण किया जाएगा। वेद, उपनिषद, बौद्ध, जैन और भारतीय आश्रम व्यवस्था एवं भारतीय नीतिशास्त्र के अध्ययन पर पाठ्यक्रम में अधिक जोर दिया जाएगा। तय हुआ कि पाठ्यक्रम को और भी प्रभावी और प्रासंगिक बनाने के उद्देश्य से और भी बैठक आयोजित किए जाएंगे। अगले बैठक में पाठ्यक्रम में पुनः कुछ नए बिंदु जोड़े जाएंगे। संशोधित पाठ्यक्रम को नोडल अधिकारी के पास प्रेषित किया जाएगा। भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित कुछ नवीन विषयों को भी पाठ्यक्रम में शामिल करने की बात पर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह , डॉ यामिनी सहाय, डॉ जयप्रकाश आनंद, डॉ जे आर दास , डॉ राजकुमार चौबे, डॉ प्रदीप कुमार एवं डॉ ज्योति सिन्हा उपस्थित थे। पाठ्यक्रम तैयार करने मे डॉ इंद्रजीत कुमार तथा डॉ गंगा नन्द सिंह से सहायता ली गई।

## आपदा प्रबंधन की सही जानकारी ही सुरक्षित और स्वस्थ्य रहने का तरीका हैः डॉ सुनील कश्यप



**रामगढ़।** सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू में सभी छात्र-छात्राओं को सरकारी गाइडलाइन के अनुसार आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप द्वारा दिया गया । इस क्रम में डॉ कश्यप ने सर्वप्रथम विषैला जीव के काटने से कैसे बचाव किया जाये इसकी जानकारी दी। तत्पश्चात हार्ट अटैक होने पर प्राथमिक उपचार कैसे हो इसकी जानकारी दी। पुनः बार-बार हिचकी आने पर कैसे मरीज को बचायें इसकी जानकारी दी। बिजली के कड़कने के दौरान किस प्रकार बचें इसकी जानकारी डॉ सुनील कुमार कश्यप ने बच्चों को दी। वहीं, पानी में डूब जाने से व्यक्ति पानी अधिक पी लेता है तो प्राथमिक उपचार के माध्यम से उसे कैसे बचायें इसकी जानकारी दी।

## न्यूज बॉक्स

### जेएलकेएम नेता महेंद्र प्रसाद मंडल बनाए गए पार्टी के केंद्रीय महासचिव कार्यकर्ताओं में हर्ष



**बरकट्ठा।** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के वरिष्ठ नेता एवं बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी महेंद्र प्रसाद मंडल को पार्टी का केंद्रीय महासचिव मनोनीत किया गया है। बोकारो में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में पार्टी सुप्रीमो सह डुमरी विधायक टायगर जयराम महतो ने उनका मनोनयन करते हुए नई जिम्मेवारी सौंपी। पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए इस निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। महेंद्र प्रसाद मंडल इससे पहले पार्टी के केंद्रीय संगठन मंत्री पद पर कार्यरत थे और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। महेंद्र प्रसाद ने कहा कि वह पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने एवं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं का मानना है कि महेंद्र प्रसाद की यह नियुक्ति जमीनी स्तर पर और मजबूती प्रदान करेगी।

### सांप काटने से 6 वर्षीय बालिका की मौत,बीडीओ ने परिजनों से की मुलाकात



**चलकुशा।** प्रखंड क्षेत्र के मनैया पंचायत अंतर्गत ग्राम जमसोती में सांप के काटने से एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका की पहचान सोनाली कुमारी, पिता बबलू बिरहोर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बीती रात बच्ची को सांप ने डंस लिया था। परिजनों ने इलाज के लिए सुबह होने का इंतजार किया, लेकिन सुबह होते-होते बच्ची ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर बीडीओ सह अंचलाधिकारी अमृता सिंह मौके पर पहुँचीं और परिजनों से मुलाकात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सर्पदंश की दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर वरीय अधिकारियों से बातचीत की जा रही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, एएनएम रीना मरांडी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे। बच्ची आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई कर रही थी। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में एनसीसी चयन प्रक्रिया शुरू



**बरही।** सोमवार को रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज, बरही में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के तत्वावधान में एनसीसी चयन प्रक्रिया की शुरुआत हुई। यह प्रक्रिया लेफ्टिनेंट कर्नल विजय कुमार (सेना मेडल) के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गई। महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. अजय कुमार रंजन की देखरेख में चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान बटालियन के ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह और हवलदार एमिल बारा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चयन प्रक्रिया महाविद्यालय के प्रथम वर्ष (प्रथम सेमेस्टर) के छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी। नामांकन के दौरान छात्रों का शारीरिक परीक्षण (फिजिकल टेस्ट) और इंटरव्यू लिया गया, जिसके आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया गया। दस्तावेज़ सत्यापन के क्रम में छात्रों से मैट्रिक एवं इंटर के मूल प्रमाण पत्र व अंकपत्र, महाविद्यालय में नामांकन की रसीद, दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो और आधार कार्ड की जांच की गई। विशेष जानकारी के अनुसार, पूर्व में एनसीसी कर चुके और सर्टिफिकेट ए धारकों को चयन में विशेष छूट प्रदान की गई। इसके अलावा, जिन छात्र-छात्राओं के पास खेलकूद या सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित प्रमाणपत्र या अनुभव था, उन्हें भी प्राथमिकता दी गई। एनसीसी चयन प्रक्रिया को लेकर छात्रों में उत्साह देखा गया और महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इसे सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न किया गया।

### बिजली आपूर्ति व्यस्था पूरी तरह से चरमराई, लोगों में आक्रोश

**गिद्दी।** गिद्दी ए कॉलोनी में इन दिनों बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरत से चरमरा गई है। कुछेक महीना पहले तक गिद्दी कॉलोनी में रात में 9-10 बजे रात तक ओवर हेड तार टूटने पर भी बिजली कर्मी एक- दो घंटा में ओवर हेड बिजली तार जोड़कर कॉलोनी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था बहाल कर दिया जाता था। पर कुछेक महीना से अधिकारियों के उपेक्षा पूर्ण रैवेया के कारण कॉलोनी में बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। कॉलोनी में बिजली आपर्ति व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि रात में सात आठ बजे के कोई फॉल्ट उत्पन्न होता है तो उसका बनना नामुमकिन है। इस तरत कॉलोनी वालों को रात भी अंधेरा में रहना तय है। जिससे कॉलोनी में रहने वाले मजदूर कर्मियों में प्रबंधन और संबंधित अधिकारी के प्रति रोष व्याप्त है। लोगों को कहना है चूकी संबंधित अधिकारी और कई बिजली कर्मी गिद्दी कॉलोनी में नहीं रहते हैं इसलिए वे रात में फॉल्ट आने के बाद कॉलोनी को अंधेरा में छोड़ कर चले जाते हैं। सीसीएल सीकेएस के अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव ने गिद्दी कॉलोनी की चरमराई बिजली व्यवस्था पर रोष प्रकट किया है। इस सप्ताह में तीन रात भर कॉलोनी के लोग रात अंधेरा में रहने को विवश हुए हैं। सोमवार 20 जुलाई को पूरा गिद्दी कॉलोनी रात भर अंधेरा में डूबा रहा। सोमवार की रात लगभग 8 बजे से गिद्दी कॉलोनी की बिजली कटी तो दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर बाद 2 बजे 18 धंटा बाद बिजली आपूर्ति शुरू गई। इसी तरह गिद्दी ए बुधबाजार स्थित ट्रांसफार्मर में गुरुवार 24 जुलाई को शाम में लगभग 5 बजे खराबी आ गई। जिसकी रिपोर्ट करने के बाद भी बिजली कर्मियों ने उसे ठीक नहीं किया। जिसके बाद इससे गुस्साए कॉलोनी के दर्जनों लोग शुक्रवार को पीओ का घेराव करने के बाद दोपहर 2 बजे लगभग 21 घंटा के बाद कॉलोनी में बिजली बहाल हुई।

## उपायुक्त के निर्देश पर शहरी क्षेत्र में युद्धस्तर पर सफाई कार्य प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

बरही। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश के आलोक में आज बरही प्रखंड अंतर्गत बरही चौक एवं शहरी क्षेत्र में युद्धस्तर पर सफाई अभियान चलाया गया। विगत शनिवार को उपायुक्त द्वारा क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बरही चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में फैली गंदगी पर गहरी नाराजगी जताई गई थी और उन्होंने तत्काल नगर निगम को साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के अनुपालन में नगर निगम, हजारीबाग द्वारा आज सुबह से ही सफाई हेतु कर्मियों की तैनाती कर सघन सफाई कार्य प्रारंभ किया गया।नालियों की सफाई, कचरा उठाव, सार्वजनिक स्थलों की धुलाई तथा कचरा निस्तारण की प्रक्रिया तेज़ी से संचालित की जा रही है। उपायुक्त द्वारा स्वच्छता को प्राथमिकता देते आम नागरिकों से कहा है कि अपने आसपास सफाई बनाए रखने को लेकर खुद भी जिम्मेवार बनें और प्रशासन के प्रयासों में सहयोग करें।

### फर्स्ट एड उपचार को लेकर प्रखंड स्तर पर शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

# उपायुक्त ने जिलेवासियों को प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

- **लोगों को प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। इसी क्रम में सोमवार से प्रखंड स्तर पर लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस दौरान सोमवार को रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला, चितरपुर, पतरातू एवं मांडू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अनुभवी चिकित्सकों एवं जिला स्तर से तैयार किए गए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा ग्रामीण एवं आम जनों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही लोगों को प्रैक्टिकल कराकर भी आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। गौरतलब है की अगले एक माह में अभियान मोड में जिले के पंचायतों, विद्यालयों, कारखानों, खदानों आदि में सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा सभी जिले वासियों से अपने नजदीकी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड इस्तेमाल करने संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है।

## सीओ ने राजनीतिक पार्टियों और बीएलओ के साथ बूथ को युक्तिसंगत बनाने को लेकर की बैठक



**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में भाजपा, कांग्रेस, झामुमो,जेएलकेएम के अलावे अन्य पार्टियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपस्थित हुए।वहीं मतदान केंद्र संख्या 172, 173 ,208 ,234 एवं 256 के बीएलओ और सुपरवाइजर भी बैठक में उपस्थित रहे।इस निमित मुख्य रूप से कलहाबाद ,बंडासिंघा,मेरमगडा और बुचई में मतदाता संख्या अधिक होने के कारण अतिरिक्त मतदान बूथ बनाने का निर्णय प्रस्ताव आया। बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचल अधिकारी श्रवण कुमार झा, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदूश अंसारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साव, टुकलाल नायक, गैड़ा उप मुखिया चंद्रदीप पांडेय, माले नेता शेर मोहम्मद, कृषि पदाधिकारी अशोक ठाकुर, पंचायत सेवक कैलाश प्रसाद समेत अन्य लोग शामिल थे।

## महिलाओं ने उठाया सावन महोत्सव का आनंद

**रामगढ़।** रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ कैंट की ओर से रविवार की देर शाम रोटरी सभागार में भव्य सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने हरी सांडी पहनकर शामिल हुई। महिलाओं ने मेंहदी, तंबोला, गेम्स, आदि का आनंद उठाया। साथ ही स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। मौके पर क्लब की ओर से महिलाओं को हरी चूड़ियां, बिंदी और मांगटिक्का भेंट किया गया। मौके पर क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल, संजय जैन, प्रदीप कुमार सिंह, राहुल जैन, अरुण रॉय, मदन माहेश्वरी, आनंद हेतंसरिया, संजीव सिंह संजू, संजय शर्मा, विजय पोद्दार, संजय अग्रवाल, संजय चौधरी, कमलेश्वर सिंह, आशीष दास, निलांजन दत्ता, रजनी गुप्ता, कांता सोबती, सुनीता अग्रवाल, बलजीत कौर, रेणु सिंह, सीमा सिंह, सरोज पोद्दार, सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### कीचड़ व जल जमाव से छात्रों को विद्यालय पहुंचने में हो रही मुश्किल

# बारिश के दिनों में स्कूली मार्ग की स्थिति काफी दयनीय : प्राधानाचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**बरकट्ठा।** राजकीय कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय, बेलकपी के विद्यार्थियों के लिए बारिश के दिनों में विद्यालय पहुंचना किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं। करीब 1600 छात्र-छात्राएं इस विद्यालय में अध्ययनरत हैं, जिन्हें स्कूल पहुंचने के लिए लगभग 50 मीटर लंबे कीचड़भरे और जलजमाव वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि अक्सर लोग कीचड़ में फिसलकर गिर जाते हैं। जिससे उनके स्कूल ड्रेस गंदी हो जाती है और कई बार वे विद्यालय भी नहीं पहुँच पाते। लगातार बारिश ने इस समस्या को और भी गंभीर बना दिया है। प्रधानाध्यापक संजय कुमार दास ने बताया कि पहले यह मार्ग और भी बदतर स्थिति में था। ग्रामीणों और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग से अस्थायी रूप से मिट्टी और मोरम डालकर सुधार की कोशिश की गई , लेकिन लगातार बारिश के कारण वह भी नहीं टिक सका और रास्ता फिर से कीचड़ युक्त हो गया। इस संबंध में पंचायत की मुखिया ललिता देवी ने कहा कि पंचायत के पास पर्याप्त फंड नहीं है, जिस कारण विकास कार्य बाधित है। सरकार द्वारा पिछले दो वर्षों से 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं दी गई है। विद्यालय प्रबंधन और स्थानीय अभिभावकों ने संबंधित विभाग से इस मार्ग की स्थायी मरम्मत कराने की माँग की है, ताकि छात्र-छात्राएँ सुरक्षित तरीके से विद्यालय पहुँच सकें और उनकी पढ़ाई बाधित न हो।

## जिज्ञासु नेशनल तीरंदाजी गेम के लिए चयनित



**बरही ।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल का छात्र जिज्ञासु रंजन को सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में चयनित हुआ है. उक्त जानकारी निदेशक डॉ शैलेश कुमार ने दी. उन्होंने बताया कि उक्त छात्र बड़कागांव शाखा के नवमी कक्षा का विद्यार्थी है. उन्होंने बताया कि जिज्ञासु ने 24 से 26 जुलाई तक जमशेदपुर में संपन्न हुए तीन दिवसीय सीबीएसई इस्ट जोनल तीरंदाजी प्रतियोगिता-2025 में बेहतर प्रदर्शन कर सीबीएसई नेशनल के लिए क्वालीफाई किया है. जो आईलेक्स के लिए गर्व की बात है. नेशनल गेम 20 से 26 सितंबर तक पंजाब में होना है. निदेशक डॉ शैलेश कुमार सहित आईलेक्स परिवार ने इस सफलता के लिए बधाई देते हुए राष्ट्रीय गेम के लिए शुभकामनाएं दी है. उन्होंने कहा कि लक्ष्य के साथ निष्ठित होकर किया गया परिश्रम हमेशा सफल होता है.

## कुरसे में भाकपा का 24वां अंचल सम्मेलन

**भुरकुंडा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पतरातू अंचल का 24वां सम्मेलन रविवार को अतुल कुमार अंजान, ओमलाल आजाद और जीतू महतो सभागार कुरसे में आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ जानकी ठाकुर ने झंडोत्तोलन कर किया। इसके बाद सबों ने शहीद वेदी पर पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। आगे कमालुद्दीन अंसारी ने शोक प्रस्ताव और मनोज महतो ने कार्य रिपोर्ट पेश किया। समारोह में मुख्य रूप राज्य सचिव महेंद्र पाठक, हजारीबाग जिला सचिव अनुरूद्ध कुमार, डाडी प्रखंड सचिव मेमन यादव, मांडू अंचल सचिव कमयू मल्लिक और एटक के नरेश मंडल उपस्थित थे। समारोह में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों की आलोचना की। कहा कि केंद्र सरकार मजदूर और किसानों पर लगातार हमले कर करते हुए अदानी-अंबानी को आबाद कर रही है।

### हथियार से लैस 4 अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

## उत्तम यादव संगठन के लिए कार्य कर रहे थे सभी अपराधी



**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस क्रम में सोमवार को उत्तम यादव संगठन के कुछ अपराधकर्मी हथियार से लैस होकर बिना नंबर प्लेट के कार पर सवार होकर कारोबारियों से लेवी वसूलने तथा धमकी देने के लिए बंडासिंगा-खैरा रोड से इचाक की ओर जा रहे थे। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई की गई।वहीं डीएसपी बरही के नेतृत्व में गोरहर थाना प्रभारी के साथ एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना अन्तर्गत चामुदोहर के पास वाहन चेकिंग लगाया गया ।वाहन चेकिंग के क्रम में बंडासिंघा की ओर से आ रही बिना नंबर के एक बलीनो कार को रोक कर चेक किया गया। चेकिंग में कार में मोजुद अभियुक्त भागने लगे, जिससे गठित टीम के सदस्यों के द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया तथा अभियुक्तों को तलाशी लिया गया ।तलाशी के कम में अभियुक्त नितीश वर्मा उर्फ सन्टु तथा बिटु वर्मा उर्फ बिटु सोनी के पास से एक-एक लोडेड देशी कट्टा तथा दोनो के पास से 315 बोर का एक-एक जिन्दा कारतूस, चार मोबाइल फोन ,बिना नंबर प्लेट का कार जब्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि हमलोग उतम यादव संगठन के लिए काम करते है तथा उतम यादव के इशारे पर हजारीबाग जिला के सभी क्षेत्रों में काम करने वाले ठेकेदारों एवं अन्य व्यवसाइयों से लेवी वसूली तथा धमकी देने के उदेश्य से जा रहे थे।इस संदर्भ में उपरोक्त गिरफ्तार व्यक्तियों के विरूद्ध काण्ड दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान किया जा रहा है। उतम यादव के संगठन में संलिप्त अन्य अपराधी के विरुद्ध निरंतर छापामारी जारी है।गिरफ्तार आरोपियों में नितेश वर्मा उर्फ संटू, पिता राजेश प्रसाद उर्फ बोबी,अव्वल मुहल्ला, थाना, जिला-चतरा। बिट्टू वर्मा उर्फ बिट्टू सोनी, पिता -स्व० बिनोद प्रसाद, दीवानखाना मुहल्ला बाजारटांड, थाना-सदर चतरा।जटाधारी यादव उर्फ मोदी, पिता-जोधी यादव, घंघरी (गोदाम मुहल्ला), थाना-वशिष्ठ नगर (जोरी), जिला-चतरा तथा सुनील कुमार, पिता -स्व० जवाहर राम, अव्वल मुहल्ला, थाना जिला-चतरा शामिल हैं।

### डाक विभाग का डाक महामेला का आयोजन

# देश के विकास में डाक विभाग अहम योगदान दे रहा है : आरवी चौधरी

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** हज़ारीबाग़ डाक प्रमंडल द्वारा सोमवार को रामगढ़ के टॉवन हॉल में हजारीबाग डाक अधीक्षक आशुतोष कुमार सिन्हा के निर्देशन पर डाक महामेला का आयोजन किया गया। डाक महामेला का शुभारंभ डाक निदेशक झारखंड परिमंडल आर वी चौधरी, विशिष्ट अतिथि उप मंडलीय डाक जीवन बीमा झारखंड परिमंडल अमित कुमार और डाक अधीक्षक हजारीबाग डिवीजन आशुतोष कुमार सिन्हा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन श्वेता कुमारी और रोज कुमारी ने किया। डाक महामेला में भारत सरकार की डाक बीमा योजनाओं यथा डाक जीवन बीमा / ग्रामीण डाक जीवन बीमा, भारत सरकार की लघु बचत योजनाएं ( एसबी, आरडी, टीडी, एमआईएस, एनएसके, केवीपी , पीपीएफ सुकन्या समृद्धि योजना) आदि के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि ये आम लोगों के लिए उपयोगी है। इस सन्दर्भ में मुख्य अतिथि राम विलास चौधरी, डाक निदेशक मुख्यालय झारखण्ड परिमंडल ने यह जानकारी दी कि आज की सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में जन जन तक, अंतिम मील पर स्थित व्यक्ति तक भी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में डाक विभाग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । कहा कि डाक विभाग अपने सेवा के माध्यम से देश के विकास में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने बताया कि अपने वृहत नेटवर्क की वजह से फाइनेंसियल इन्क्लूजन के सरकार के विजन को साकार करने में अपनी लघु बचत योजनाओं और आइपीपीबी द्वारा डाक विभाग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कहा कि भाग्य उसी का साथ देता है जो कर्म करता है। हजारीबाग डिवीजन ने देश में इतिहास रचा। झारखंड एक छोटा राज्य कई बड़े राज्यों को पीछा छोड़ डाक जीवन बीमा ग्रामीण डाक जीवन बीमा में सबसे अधिक प्रीमियम राशि जमा कर देश में नंबर 1 स्थान लाकर हम डाक कर्मचारी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अगली एतिहासिक तिथि 8 अक्टूबर 2025 होगी जिसमे पुनः देश में,झारखंड सर्किल में हजारीबाग नंबर 1 बनेगा। इसके लिए उन्होंने लक्ष्य निर्धारित किया है। उप मंडलीय प्रबंधक डाक जीवन बीमा झारखण्ड परिमंडल अमित कुमार ने जानकारी दी कि डाक जीवन बीमा जो जन साधारण हेतु अत्यंत उपयोगी है।

# हर हर महादेव और बोल बम के नारों से गुंजायमान हुआ सिमडेगा

- शिवमय हुआ सिमडेगा, करीब 5 हजार कांवरियां झूमते नाचते पहुंचे सरना मंदिर, किया जलाभिषेक





**नवीन मेल संवाददाता**

सावन की तीसरी सोमवारी में पूरा सिमडेगा शिवमय हो गया। हर तरफ बस "बोल बम और हर हर महादेव" के नारे गुंजायमान रहे। कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में सोमवार को करीब 5000 कांवरियों ने 75 किमी. दूर वेदव्यास त्रिवेणी संगम नदी से जल उठाकर शिव भजनों में झूमते - नाचते सिमडेगा सरना मंदिर पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। भगवान शिव की भक्ति का यह अद्भुत नजारा सिमडेगा में सोमवार सुबह देखने को मिला। जहां बच्चे, वृद्ध अथवा नवयुवक - युवतियां सभी पड़ोसी राज्य उड़ीसा के त्रिवेणी संगम से जल उठाकर कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा के अध्यक्ष प्रसन्न कुमार सिन्हा उर्फ पिंटू की अगुवाई में सिमडेगा पहुंचे। और यहां सरना महादेव का जलाभिषेक किया।

वहीं रात्रि विश्राम स्थल टुकूपानी से हजारों कांवरियां एक साथ सोमवार सुबह भगवा वस्त्र पहने हुए शिव भजनों में झूमते सरना मंदिर तक पहुंचे। तत्पश्चात पूजा अर्चना कर बाबा भोलेनाथ से सुख समृद्धि सहित अन्य मनोकामना पूरी करने की प्रार्थना की। इस दौरान शिवभक्तों ने महादेव को जलार्पण कर उनके प्रिय बिल्व पत्र, सफेद पुष्प, प्रसाद आदि अर्पित किये।विदित हो कि कांवरियां सेवा संघ सिमडेगा के तत्वाधान में आयोजित तीन दिवसीय कावड़ यात्रा की विधिवत समाप्ति सोमवार को सरना महादेव को जलार्पण के पश्चात हुई।कांवड़ यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर धर्म प्रेमियों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत तथा नाश्ता आदि का प्रबंध किया गया। जिसमें उड़ीसा के बीरमित्रापुर में शिव भक्तों द्वारा कांवरियों के लिए रात्रि विश्राम तथा खाना आदि का प्रबंध किया गया। वहीं सिहरजोर में शीतल छाया द्वारा चाय नाश्ता आदि का प्रबंध तथा कांवरिया सेवा संघ सिमडेगा द्वारा जामपानी बाजारटांड़ एवं टुकूपानी गोदाम में खाने व रात्रि विश्राम का प्रबंध किया गया। इसके अलावा भजन संध्या एवं शिव तांडव नृत्य का आयोजन भी रात्रि में किया गया। पूरी रात कांवरियां शिव भजनों में झूमते और नाचते रहे।वही महावीर चौक में रामनवमी प्रबंधक समिति समिति का स्वागत किया।

# रामरेखा धाम में विशाल कांवड़ यात्रा, हर-हर महादेव के जय घोष से गूंज उठा परिसर

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सावन की तीसरी सोमवारी के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल पाकरटांड प्रखंड के तत्वावधान तले एक भव्य व ऐतिहासिक कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा केशलपुर स्थित शंख नदी से प्रारंभ होकर रामरेखा धाम तक पदयात्रा के रूप में निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में स्त्री-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए।कांवड़ यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने शंख नदी से पवित्र जल भरकर "हर-हर महादेव" और "बोल बम" के गगनभेदी नारों के साथ पैदल चलते हुए रामरेखा धाम पहुंचकर देवाधिदेव महादेव पर जलाभिषेक किया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने गुफा के भीतर विराजमान अन्य विग्रहों के भी दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।इस आयोजन को भव्य और भक्तिमय स्वरूप देने हेतु प्रखंड समिति के नेतृत्व में विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। रास्ते में कांवरियों के लिए पेयजल, चिकित्सा और विश्राम की सुविधाएं भी जगह-जगह उपलब्ध कराई गईं जिससे किसी प्रकार की कठिनाई ना हो।धाम परिसर में भगवा वस्त्रधारी श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने पूरे क्षेत्र को भगवामय और आध्यात्मिक वातावरण से भर दिया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष एवं रामरेखा धाम के संरक्षक कौशल राज सिंह देव ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि यह धाम भगवान श्रीराम का ऐतिहासिक स्थल है, जहां उन्होंने वनवास काल के दौरान चौमासा व्यतीत किया था।उन्होंने कहा कि यह कांवड़ यात्रा सनातन संस्कृति को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम है और यह आयोजन विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के लिए एक ऐतिहासिक मिसाल बन गया है। श्रद्धालुओं की आस्था, सहभागिता और सेवा भावना ने इस आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायी बना दिया। रामरेखा धाम में मेला का भी आयोजन हुआ जहां पर विभिन्न तरह के मिठाई खिलौने पूजन सामग्री उपलब्ध से जहां पर दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचकर मेले का आनंद लिया विहिप प्रखण्ड अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद ने सभी सनातनी को सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा हमलोगो समय समय में सामुहीक पूजा पाठ करते हुए घर परिवार समाज में अधयतमिक जागरण करते रहना है इधर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पुलिस प्रशासन की भी सही हो रही।



## केरसई में सैंकड़ो कांवरियां शंख नदी से श्री नर्मदेश्वर शिवमंदिर में किया जलाभिषेक

**केरसई।** सावन की तीसरी सोमवारी में पूरा केरसई शिव की भक्ति में लीन हो गया। हर ओर बोल बम और हर हर महादेव के नारे गुंजायमान रहे। नवयुवक संघ भण्डारटोली केरसई के तत्वाधान में सोमवार को भगवा वस्त्र पहने हुए सैंकड़ो कांवरियों ने पंडित श्री नवीन मिश्रा के मंत्रोचारण के साथ बुदाधार शंख नदी से जल उठाकर झूमते - नाचते श्री नर्मदेश्वर शिवमंदिर भण्डारटोली पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

# वृक्ष व मनुष्य में अन्योन्याश्रय जीवन जुड़ा हुआ है : बबन गुप्ता

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक की अध्यक्षता में सांगठनिक बैठक सम्पन्न हुई। संगठन कार्य के निमित्त सक्रिय सदस्यों का सत्यापन किया गया साथ ही प्रधानमंत्री जी की मन की बात भी सुनी गयी। मन की बात की चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी की मन की बात की देश वासियों को बेसब्री से प्रतीक्षा रहती है इस बार उन्होंने गुमला जिले के ओमप्रकाश साहू का भी जिक्र किया कि किस तरह उन्होंने हथियार छोड़कर शांति का रास्ता अपनाया, और आज अपना बिजनेस स्टार्टअप कर कर खुशहाल है।

बैठक के पश्चात जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता के द्वारा पौधारोपण किया गया पौधारोपण करते हुए जिला प्रभारी ने कहा बढ़ती हुई जनसंख्या को देखते हुए वृक्ष की महत्ता बढ़ जाती है ब्रिज व मनुष्य में अन्योन्याश्रय जीवन जुड़ा हुआ है, जितनी हरियाली धरती पर होगी उतना ही मनुष्य का जीवन सुख में होगा उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को ध्यान में रखते हुए समाज के प्रतीक व्यक्ति को पौधा रोपण अवश्य करना चाहिए।

कार्यक्रम के पश्चात पूर्व मंत्री विमला प्रधान के आवास में भी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें कार्यालय संचालन हेतु एक संचालन समिति गठित की गई और भाजपा कार्यालय को सुचारू रूप से चलाने एवं उप टू डेट रखने को लेकर चर्चा हुई। कार्यालय संचालन समिति में जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ,जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ,पूर्व मंत्री विमला प्रधान, श्रद्धानन्द बेसरा, सुजान मुंडा ,दुर्गविजय सिंहदेव ,मुकेश श्रीवास्तव ,रवि गुप्ता अनूप प्रसाद ,तुलसी साहु ,रवि वर्मा, नवीन सिंह को रखा गया है। मौके पर राकेश रविकांत अशोक इंदवार मोतीलाल ओहदार रामेश्वर सिंह गजानंद बेसरा श्रवण गोस्वामी मौजूद थे।

## 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं फुटबॉल टूर्नामेंट
# पुलिस लाइन सिमडेगा ने पेनाल्टी शूट में दर्ज की जीत

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** 26वां वीर शहीद थॉमस सोरेगं अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन रोमांच से भरपूर रहा। मुख्य अतिथि मोतीलाल अग्रवाल, अध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स और विशिष्ट अतिथि उमेश प्रसाद, उपाध्यक्ष चैम्बर ऑफ कॉमर्स के गरिमामयी उपस्थिति में दिन का मुकाबला प्रारंभ हुआ।

दोनों अतिथियों का स्वागत खेल समिति द्वारा किया गया। शिला देवी ने अतिथियों को बैज पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

स्वागत उपरांत टूर्नामेंट के अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, महामंत्री समसूल अंसारी, उपाध्यक्ष शम्मीउल्लाह और विकास बेसरा ने मंच से मैदान तक अगुवाई की। सभी खिलाड़ियों से परिचय के बाद राष्ट्रीय गान के साथ खेल की शुरुआत हुई।दिन का मुकाबला पुलिस लाइन सिमडेगा बनाम ओडिशा के राजगांगपुर कंसबहाल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी मैदानी गोल नहीं हो सका। अंततः पेनाल्टी शूटआउट में पुलिस लाइन सिमडेगा ने 7-6 से जीत दर्ज की।मैच का संचालन टाटा से आए रेफरी राजकुमार पाणिग्रही, राउरकेला से सूचित टोप्पो और जमशेदपुर से राकेश किस्कु ने किया। मेडिकल टीम में सुजीत कुमार पासवान और नीलिमा ज्योति लकड़ा की सेवाएं सराहनीय रहीं। मंच संचालन की जिम्मेदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने कुशलता से निभाई।खेल समिति के सफल संचालन में अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, उपाध्यक्ष अजित नवरंगी, रिंकू अग्रवाल, प्रताप बड़ा, कमल शर्मा, विकास बेसरा, अभिषेक कुमार, शंभू केशरी, शम्मीउल्लाह, संदीप मिंज, कोषाध्यक्ष कुलदीप किंडो, उपसचिव विकास साहू, खेल प्रभारी कंचन कबीर, डेनियल मिंज, निषित टोप्पो, मुख्तार खलीफा, सिंहासन डुंगडुंग, कृष्णा बड़ाईक और मीडिया प्रभारी सुभाष महतो का महत्वपूर्ण योगदान रहा।आगामी मुकाबला सोमवार को पुलिस लाइन सिमडेगा और नाइन बुलेट कबाली के बीच शाम 4 बजे खेला जाएगा।

# स्व. साइमन तिग्गा की 20वीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई



**सिमडेगा।** खूंटी के पूर्व सांसद स्व. साइमन तिग्गा की 20वीं पुण्यतिथि सोमवार को साइमन तिग्गा उच्च विद्यालय, घोचो टोली में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दो मिनट के मौन और प्रार्थना के साथ हुई। विद्यालय के वरिष्ठ सदस्य दिनदयाल सिंह ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन व जनसेवा को याद किया। निदेशक शफीक खान ने उनके शिक्षा प्रेम और समाजिक योगदानों को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका सपना था कि क्षेत्र के बच्चे शिक्षित बनें। इस अवसर पर प्रधान अध्यापिका जय किंडो, सुदर्शन मेहर, प्रियंका किंडो, सृष्टि कुजूर, रेणु डुंगडुंग, नीलम कुजूर, बदल मेहर सहित शिक्षकों व छात्रों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## उपभोक्ता आयोग की महिला सदस्य लता तिर्की की सेवानिवृति पर विदाई समारोह आयोजित



**सिमडेगा।** फॉरेस्ट ट्राइब्यूनेल अथॉरिटी सिमडेगा की महिला सदस्य लता तिर्की के 27 जुलाई 2025को सेवानिवृत्त होने पर सोमवार को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अथॉरिटी के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित सभी पदाधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। लता तिर्की इस संस्था से वर्ष 2004 से जुड़ी रहीं और चार बार महिला सदस्य के रूप में कार्य करते हुए अपनी सेवा दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसकी सभी ने सराहना की।विदाई समारोह में अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सहित सभी सहयोगियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की कामना की।

## सामटोली पारिस में श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया दादा-दादी पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्वर्गीय संत पापा फ्रांसिस के निर्देशानुसार संत अन्ना महाचर्च, सामटोली परिसर में दादा-दादी एवं बुजुर्ग सम्मान दिवस हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सामटोली पारिस के युवा संघ, काथलिक सभा और महिला संघ ने मिलकर बुजुर्गों को पुष्पगुच्छ, स्वागत गीत एवं जल अर्पण के माध्यम से सम्मानित किया।समारोह के मुख्य वक्ता सिमडेगा धर्मप्रांत के विकार जनरल फादर इग्नासियुस टेटे ने अपने प्रेरणादायक संदेश में बुजुर्ग माता-पिता के जीवन संघर्ष, अनुभव और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की नींव होते हैं और उनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।समारोह के पश्चात सामूहिक रूप से सभी ने मिलकर छोटे नाश्ते का आनंद लिया। इस अवसर पर सामटोली पारिस के सर इग्नेस तिर्की ने अपने जीवन अनुभव साझा करते हुए मड़ुवा और महुआ जैसे पारंपरिक संसाधनों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। माता क्लारा ने भी मातृत्व की भूमिका और माताओं की गरिमा पर संदेश प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम में सिमडेगा धर्मप्रांत के चांसलर फादर फबियन, सामटोली पारिस के सभापति राजन बा', संत अन्ना प्राथमिक विद्यालय के प्राचार्य फादर प्रदीप, होबो मैम एवं काथलिक समुदाय के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## बुरुईरगी गांव में ट्रांसफार्मर बदला गया

**बानो।** पंचायत बेड़ाइरगी के बुरुईरगी गांव में लंबे समय से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को आखिरकार बदल दिया गया। यह कार्य बानो प्रखंड अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अजित कुंडलना के प्रयासों से पूरा हुआ। कार्यक्रम के दौरान ललित सुरिन, अमुस कंडुलना सहित कई ग्रामीण और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यह ट्रांसफार्मर एक साल से खराब था, जिससे गाँव के लोगों को बिजली की भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। लगातार आग्रह और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप के बाद अब जाकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है।ग्रामीणों ने इस पहल के लिए प्रखंड प्रशासन और सांसद प्रतिनिधि का आभार जताया है और उम्मीद जताई है कि अब उन्हें निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलती रहेगी।

## सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशे के अवैध कारोबार को रोकने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई।प्रभारी सामान्य शाखा पदाधिकारी ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में की गई कार्रवाई की जानकारी प्रस्तुत की। उपायुक्त महोदया ने युवाओं को नशे की लत से बचाने एवं नशे के व्यापार में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रग इंस्पेक्टर को जिले में योजनाबद्ध तरीके से दवा दुकानों की सघन जांच करने, नशे के लिए प्रयुक्त होने वाली दवाओं की विशेष निगरानी रखने तथा उनकी बिक्री और स्टॉक से संबंधित प्रतिवेदन नियमित रूप से जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कार्रवाई की शेड्यूल प्रस्तुत करने एवं अब तक की प्रगति की जानकारी देने को कहा। बैठक में रात्रि के समय सार्वजनिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों और युवाओं द्वारा नशे के सेवन की घटनाओं पर विशेष संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने जिले के सभी शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर परिधि में मादक पदार्थ की बिक्री पर सख्त रोक लगाने को कहा।

## पीड़ित परिवार से मिले झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक नाबालिग किशोरी के साथ हुए अपहरण व दुष्कर्म की घटना को लेकर झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली परिवार से मिल घटना के बारे में जानकारी ली तथा पीडित परिवार को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिलने के बारे जानकारी लिया। इसके बाद कोलेबिरा अंचलाधिकारी को फोन के माध्यम पीड़ित परिवार को सरकारी सुविधाएं मुहैया कराने का आग्रह किया. जिस पर अंचलाधिकारी ने कहा कि तत्काल सहायता हेतु खाद्यान्न सामग्री उपलब्ध कराया गया है वहीं राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है साथ ही अन्य सरकारी सुविधाओं का भी लाभ दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, ब्लैक स्पॉट पर जल्द कार्रवाई के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की समीक्षा की गई तथा सड़क सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने परिवहन विभाग एवं विभिन्न सड़क निर्माण विभागों के पदाधिकारियों को समन्वय स्थापित कर शीघ्रता से ब्लैक स्पॉट पर साइनबोर्ड, रम्बल स्ट्रिप और स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए।बैठक में सड़क दुर्घटना मामलों की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि जून 2025 में जिले में कुल 08 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। परिवहन विभाग की ओर से जून माह में 345 वाहनों की जांच की गई, जिसमें बिना हेलमेट के 78, बिना चालक अनुज्ञप्ति के 63, टेंपो 33 तथा अन्य व्यावसायिक वाहन 171 की जांच की गई। सभी वाहनों के मामलों में कुल 4,76,368 रुपये का दंड वसूला गया। उपायुक्त ने जिले में डबल हेलमेट के प्रयोग को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।नगर क्षेत्र एवं जिले के सभी पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी खराब कैमरों की शीघ्र मरम्मति कराने और संचालकों से संपर्क कर कैमरे दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। हिट एंड रन से संबंधित मामलों की समीक्षा में बताया गया कि जनवरी से जून 2025 तक कुल 20 मामले सामने आए, जिनमें से 12 का निष्पादन हो चुका है, तीन प्रक्रियाधीन हैं तथा पांच मामले अंतिम जांच प्रतिवेदन लंबित होने के कारण प्रगति पर हैं। उपायुक्त ने इन मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को मिलने वाली मुआवजा राशि की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। उपायुक्त ने राष्ट्रीय उच्च पथ के कार्यपालक अभियंता को निरीक्षण के बाद चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर शीघ्र कार्रवाई करने तथा सड़कों के किनारे मिट्टी भराई कराने के निर्देश दिए।

# धुमाडांड़ पतराटोली में जंगली हाथी ने तोड़ा गरीब का आशियाना, अनाज खा गया, सामान क्षतिग्रस्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के केरिया पंचायत अंतर्गत धुमाडांड़ पतराटोली गांव में एक बार फिर जंगली हाथी का आतंक देखने को मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार देर रात लगभग 4 बजे एक अकेले जंगली हाथी ने गांव में धावा बोल दिया और असिसन सुरीन, पति स्व. हनुक सुरीन के घर को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया।हाथी ने घर की दीवारें तोड़ीं और भीतर घुसकर राशन सहित अन्य सामानों को तहस-नहस कर दिया। बताया गया कि हाथी घर में रखा चावल भी खा गया। घटना के समय परिवार के सदस्य भयभीत होकर घर के एक कोने में छिप गए और शोर मचाकर किसी तरह हाथी को भगाया।

इस दौरान घर के कई सामानों को नुकसान पहुंचा, जिससे परिवार की स्थिति और भी दयनीय हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी ने तत्परता दिखाते हुए कांग्रेस नेता एवं प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को निर्देश दिया कि वे पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव सहायता प्रदान करें। विधायक के निर्देश पर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने सहयोग स्वरूप एक बोरी चावल उपलब्ध कराया, क्योंकि हाथी ने घर का सारा राशन नष्ट कर दिया था। इसके अलावा उन्होंने पीड़िता से आवेदन लिखकर देने को कहा और आश्वासन दिया कि जल्द ही मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मनोहर सुरीन, अनिल सुरीन, वार्ड सदस्य लक्ष्मी देवी, जेम्स कंडुलना, हेमंत, सहबाज सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीसी सिमडेगा की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन के विरुद्ध संचालित अभियान और की गई कार्रवाइयों की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले में अवैध बालू एवं पत्थर खनन की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को सतत निगरानी बनाए रखने तथा अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए।जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जुलाई 2025 में अवैध बालू खनन के चार एवं अवैध पत्थर खनन के एक मामले में प्राथमिकी दर्ज कर 378.664 लाख रुपये की राजस्व वसूली की गई है।उपायुक्त ने एनजीटी के आदेशानुसार नदियों से बालू उठाव पर रोक लगाने तथा सतत निगरानी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने अवैध खनन स्थल, गैरमजरूआ भूमि एवं पुराने खनन पट्टा क्षेत्रों में पत्थर खनन की जांच एवं कार्रवाई करने तथा संचालित खनन पट्टा क्षेत्रों का प्रशाखीय मापी कराने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने थाना प्रभारियों, खनन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु कार्य योजना तैयार करने को कहा। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, सभी थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

# विद्यालय में ऑनलाइन हाजरी नहीं बनने से शिक्षकों को हो रही परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुरूम में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय में रंग रोगन, ग्रील गेट लगाने, एफएलएन क्लास 1 और 2 पर चर्चा, ज्ञानसेतु क्लास 3 से 8 को लेकर चर्चा की गई। साथ ही प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय में शैक्षणिक माहौल को और भी बेहतर बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में शामिल अभिभावकों से सुझाव मांगा गया कि किस प्रकार विद्यालय के शैक्षणिक माहौल को बेहतर किया जा सकता है इसपर आप सभी सुझाव दें। जिसपर अभिभावकों ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है इसलिए हम सुझाव देने की जरूरत नहीं समझते हैं। बैठक के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि गत 23 जुलाई से उनकी ऑनलाइन हाजारी नही बन पा रही है। जिससे उन्हें परेशानी हो रही है। शिक्षकों ने बताया कि इस मामले से दूरभाष पर बीआरसी रामगढ़ और बीआरसी दुलमी को जानकारी दे दी गई है। बैठक में प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार सिंह , सहायक शिक्षक कर्मवीर प्रसाद ,अनिल कुमार रवि,विनोद बिहारी , ब्रिंजो देवी, बिनय कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष पवन कुमार मुंडा, उपाध्यक्ष गुंजा देवी सहित बच्चों के अभिभावकगण मौजूद रहे।

## घाघरा में जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन 13 में से 10 मामलों का मौके पर हुआ निष्पादन

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले में प्रत्येक सप्ताह प्रखंड स्तर पर विशेष जन शिकायत निवारण दिवस आयोजित किया जा रहा है, ताकि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके नजदीकी प्रखंड कार्यालय में ही त्वरित रूप से सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में आज घाघरा प्रखंड कार्यालय में जन शिकायत निवारण शिविर का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें मैय्या सम्मान योजना से संबंधित 3 वृद्धा पेंशन से जुड़ी 4 जन्म प्रमाण पत्र संबंधी 4 तथा सड़क निर्माण से संबंधित 2 मामले शामिल थे। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए 10 मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया। शेष में से 2 शिकायतों को जिला स्तर पर आवश्यक कार्रवाई के लिए अग्रसारित किया गया है, जबकि 1 मामला प्रक्रियाधीन है और शीघ्र निष्पादन की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित एवं सुलभ सेवाएं उपलब्ध कराना है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि प्रत्येक प्राप्त शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

## न्यूज बॉक्स

### बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत कसीरा गांव में किया गया सामूहिक पौधरोपण



**बोलबा।** जलवायु परिवर्तन और घटते हरित आवरण की चुनौती से निपटने के लिए सिमडेगा वन प्रमंडल के बोलबा अंतर्गत कसीरा गांव में बिरसा हरित चेतना अभियान के तहत सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन लोक शिक्षण प्रभारी जैनुल अंसारी के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने पर्यावरणीय संकटों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि जंगलों की अंधाधुंध कटाई और आगजनी की घटनाओं से धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है, जलस्तर घटता जा रहा है, ग्लेशियर पिघल रहे हैं और जैव विविधता पर संकट मंडरा रहा है। औषधीय पौधों और वन्य जीवों पर इसका गहरा असर पड़ा है, जिससे वर्षा चक्र भी असंतुलित हो गया है। ऐसे में समाधान के रूप में सामूहिक और सतत पौधारोपण ही एकमात्र उपाय है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में लोगों से अपील की गई कि प्रत्येक व्यक्ति साल में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखरेख की जिम्मेदारी भी खुद ले।

### गुमला समाहरणालय में सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**गुमला।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में गवर्नमेंट स्पॉन्सर्ड योजनाओं की प्रगति को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसान क्रेडिट कार्ड (KCC), स्वयं सहायता समूह (SHG), प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (PMEGP) और प्रधानमंत्री फॉर्मलाइजेशन ऑफ माइक्रो फूड प्रोसेसिंग एंटरप्राइजेज (PMFME) जैसी योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने खास तौर पर किसान क्रेडिट कार्ड योजना पर जोर देते हुए अधिकारियों और बैंकों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ा जाए। उन्होंने विशेष कैंप के आयोजन का निर्देश देते हुए बताया कि अप्रैल से अब तक कुल 1353 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 796 स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि शेष पर प्रक्रिया जारी है। पी एम एफ एम ई योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने लंबित और अस्वीकृत आवेदनों की सूची के आधार पर बैंकों को स्वीकृति प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। फिलहाल योजना के तहत कुल 20 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। एस एच जी और पी एम ई जी पी योजनाओं की स्थिति पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित विभागों और बैंकों को निर्देश दिया कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। और अधिक से अधिक लाभार्थियों को इन योजनाओं से जोड़ा जाए।

### जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का समापन जलमीनार की स्थिति पर मांगी गई रिपोर्ट

**बरही।** प्रखंड कार्यालय में सोमवार को जल एवं स्वच्छता समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की। इस बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी जलसहिया, मुखिया एवं संबंधित पंचायत सचिव उपस्थित रहे।बैठक में बीडीओ जयपाल महतो ने प्रखंड क्षेत्र में संचालित जलमीनारों की स्थिति पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने सभी जलसहिया एवं मुखियाओं को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में 15वीं वित्त व पीएचईडी से बनें जलमीनार की स्थिति की समीक्षा कर रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराएं। बीडीओ ने सभी जलसहिया को बैंक खातों को अद्यतन करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि जलसहिया स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठक करें और पंचायत में संचालित जल एवं स्वच्छता योजनाओं के रख-रखाव को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।बैठक में पीएचईडी जेई विमल कुमार, मुखिया संघ अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव, बरसोत के मुखिया मोतीलाल चौधरी, बरही पश्चिमी के मुखिया समशेर आलम, बेन्दगी के मुखिया सिकंदर राणा, विजैया की मुखिया मकिना खातून, पंचमाधव के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।

### विश्वविद्यालय, रामगढ़ में पोक्सो पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के आंतरिक शिकायत समिति द्वारा पोक्सो : प्रवेशन ऑफ सेक्सुअल ह्रासमेंट एट वर्कप्लेस विषय पर सोमवार को एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम एवं जागरूकता को बढ़ावा देना था। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति माननीय बी. एन. साह ने अपने संबोधन में कहा यौन उत्पीड़न न केवल पीड़िता की गरिमा को ठेस पहुंचाता है बल्कि संस्था के कार्य वातावरण को भी प्रभावित करता है। ऐसी कार्यशालाएं जागरूकता के माध्यम से एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण निर्मित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। संस्था सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने कहा विश्वविद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि हर विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसर वाले वातावरण में कार्य करे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंतरिक शिकायत समिति की कॉर्डिनेटर डॉ. पूनम ने की।

## पचम्बा पुलिस ने चोरी का खुलासा किया दो शातिर चोर गिरफ्तार

**गिरिडीह।** पचम्बा थाना क्षेत्र में 13 जलाई की रात हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी गए चांदी का पायल और चेन समेत घटना में प्रयुक्त औजार (गैता) भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सुनील यादव (खुटरीबांध, बेंगाबाद) और दिलीप यादव (कोयरीटोला, पचम्बा) शामिल हैं। दोनों को गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दबोचा गया। पुलिस ने बताया कि सुनील यादव पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। थाना क्षेत्र के बसेरिया निवासी रमेश दास के घर में हुई चोरी को लेकर 27 जुलाई को कांड संख्या 89/25 के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. विमल कुमार के निर्देश पर पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज, गुप्त सूचना और त्वरित कार्रवाई के माध्यम से छापेमारी की और सफलता हासिल की।



### उपायुक्त ने की बाल श्रम उन्मूलन के लिए टास्क फोर्स की बैठक

# संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** गिरिडीह समाहरणालय सभागार में सोमवार को जिला उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बाल श्रम उन्मूलन एवं पुनर्वास हेतु जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने बाल श्रम उन्मूलन कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को अनिवार्य रूप से चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्लूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया जाए और उनका आवासीय विद्यालय में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने को कहा गया कि ये बच्चे दोबारा बाल श्रम में न लौटें। इस संबंध में, उन्होंने श्रम अधीक्षक को पूर्व में विमुक्त हुए बच्चों का नियमित फॉलो-अप रखने के भी निर्देश दिए। वहीं बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी को औचक रूप से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने ढाबों, लाइन होटलों, ईंट भट्टों, गैरेजों, वाशिंग सेंटरों और अन्य संदिग्ध स्थानों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए छापेमारी चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जो नियोक्ता अपने प्रतिष्ठानों में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रमिक के रूप में नियोजित करते हैं, उनके खिलाफ बाल एवं अल्प वयस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाए। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक श्रमायुक्त, श्रम विभाग, सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम, बाल संरक्षण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आपूर्ति विभाग की समीक्षात्मक बैठक का हुआ समापन

# खाद्यान्न के उठाव व वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त



**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप ससमय कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अन्तर्गत अप्रैल, मई, जून और जुलाई माह 2025 के खाद्यान्न वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने एनएफएसए व जेएसएफएसएस योजना के तहत खाद्यान्न का वितरण, चना दाल वितरण, मुख्यमंत्री दाल भात योजना, चीनी और नमक का वितरण, पीवीटीजी, ग्रीन राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के अद्यतन स्थिति का क्रमवार समीक्षा कर सम्बंधित पदाधिकारी को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को ससमय लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने एनएफएसए के तहत खाद्य वितरण की जानकारी लेते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही JSFSS के तहत किए अनाज वितरण की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### रोटरी क्लब ऑफ रामगढ़ ने धूमधाम से सावन महोत्सव का किया गया आयोजन

**रामगढ़।** रोटरी क्लब रामगढ़ द्वारा 27 जुलाई की शाम सावन मोहत्सव का आयोजन गांधी चौक स्थित रोटरी हॉल धूमधाम से किया गया । मोहत्सव में शामिल महिलाओं ने मेंहदी,तंबोला आदि गेम्स भाग लिया। इसके अलावे स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया। महोत्सव में शामिल सभी महिलाओं को हरी चूड़ियां , बिंदी, मांग टिक्का भेंट किया गया। महोत्सव में मुख्य रूप से क्लब के अध्यक्ष संजय अग्रवाल,संजय जैन,प्रदीप कुमार सिंह,राहुल जैन,अरुण रॉय, मदन माहेश्वरी, आनंद हेतंसरिया,संजीव सिंह संजू, संजय शर्मा,निलांजन दत्ता, रजनी गुप्तासुमन दत्ता,सुनीता अग्रवाल,बलजीत कौर,रेणु सिंह, सीमा सिंह,सरोज पोद्दार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## उपभोक्ता आयोग के आदेश पर बीमा कंपनी ने दी 27 लाख की राशि



**सिमडेगा।** सिमडेगा के बानो जमताई निवासी केशव लाल साहु को न्याय की लंबी प्रतीक्षा के बाद उपभोक्ता आयोग से राहत मिली है। वर्ष 2019 में उग्रवादियों द्वारा जलाए गए उनके जेसीबी वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि अब अंततः उन्हें प्राप्त हो गई है। दिनांक 06 जून 2019 की रात उग्रवादियों ने केशव लाल साहु की जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना के बाद उन्होंने बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से क्षतिपूर्ति की मांग की थी, लेकिन लंबे समय तक बीमा राशि नहीं मिलने के कारण वादी ने उपभोक्ता वाद संख्या CC/7/2023 के तहत जिला उपभोक्ता आयोग, सिमडेगा में मामला दर्ज किया।वाद की सुनवाई के पश्चात आयोग के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में फैसला सुनाया गया, जिसमें बीमा कंपनी को जेसीबी की पूर्ण क्षति के लिए 23,23,818, मानसिक पीड़ा के लिए 10,000 तथा वाद खर्च के 5,000 सहित कुल 23,38,818 की राशि 6% वार्षिक ब्याज दर पर भुगतान करने का आदेश दिया गया। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि यदि 90 दिनों के भीतर राशि का भुगतान नहीं किया गया तो ब्याज दर 8% प्रतिवर्ष हो जाएगी।आयोग के आदेश के अनुपालन में विपक्षी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा 27,01,239 की राशि का एक चेक वादी के नाम निर्गत किया गया।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक दिवसीय एमडीए-आईडीए बीएलटीएफ प्रशिक्षण आयोजित




**बरही।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय एमडीए-आईडीए बीएलटीएफ प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन डीएस डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने किया। बैठक में डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने फाइलेरिया रोग के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह बीमारी हाथी पांव के नाम से भी जानी जाती है। एक बार फाइलेरिया हो जाने पर इसका इलाज संभव नहीं होता, इसलिए इससे बचाव ही सबसे बेहतर उपाय है। उन्होंने कहा कि गंदगी और ठहरे पानी में मच्छर पनपते हैं, जो इस बीमारी के प्रमुख वाहक होते हैं। मच्छरों से फैलने वाला यह संक्रमण एक स्वस्थ व्यक्ति को भी बीमार बना सकता है। फाइलेरिया ऐसी बीमारी है, जो व्यक्ति को विकलांगता की ओर धकेल देती है और विकलांगता के मामले में यह बीमारी दुनिया में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अपने आस-पास साफ सफाई बनाए रखें, गंदे पानी के जमाव को रोकें और मच्छरों के लार्वा को पनपने न दें।

### शिवशक्ति धाम ठाकुरदहा मंदिर में बैठक

**दारू।** दारू प्रखंड़ अंतर्गत बसोबार सिवाने नदी के तट पर अवस्थित शिवशक्ति धाम ठाकुरदहा बाबा मन्दिर के सामिति के सदस्यों का रविवार को एक बैठक आहूत किया गया। बैठक की अध्यक्षता उमेश प्रसाद ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 8 अगस्त को सावन पूर्णिमा के अवसर ओर पर्यावरण मेला सह वन रक्षाबंधन का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी सामिति के सदस्यों के बीच कार्य का बंटवारा किया गया। बैठक में महेंद्र राम, संजय कुमार, राजन सिन्हा,रौशन सिन्हा, सुधीर कुमार,महेंद्र सिंह, राजकुमार दास, संजय प्रसाद,राजेश कुमार , दिलीप राम व गोपाल प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।

### फुड इंस्पेक्टर डॉ पवन कुमार ने चलाया मिठाई दुकानों में जांच अभियान

# अवैध मिठाई फैक्ट्री को किया सील जांच उपरांत पाई कई खामियां

**नवीन मेल संवाददाता**



**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के आईबीपी में चल रहे मनोज साव एवं डब्लू कुमार की गैर लाइसेंसी लड्डू फैक्ट्री व जामतारा बेड़वा में संचालित लाईसेंसी गोपाल लड्डू फैक्ट्री तथा वनांचल चौक में संचालित गोपाल भोग मिठाई दुकान का जांच सोमवार को फुड इंस्पेक्टर गिरिडीह डॉ पवन कुमार ने किया।इस दौरान मिठाई निर्माण में भारी अनियमितता पाये जाने,गंदगी रहने व मिठाई की गुणवत्ता घटिया रहने के कारण मनोज साव को अपनी मिठाई फैक्ट्री बंद करने का आदेश दिया गया वहीं निरीक्षण की भनक लगते ही डब्लू कुमार ने अपनी मिठाई फैक्ट्री में ताला बंद करके फरार हो गया जबकि गोपाल लड्डू फैक्ट्री में मिठाई की गुणवत्ता सही थी लेकिन छेना पानी की निकास हेतु बने ड्रेनेज में सुधार को ले आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया वहीं गोपाल भोग मिठाई दुकान से जांच के लिए रसगुल्ले का सैंपल साथ ले जाया गया।बताया जाता है कि फुड इंस्पेक्टर को प्रखंड में संचालित मिठाई फैक्ट्री में मिठाई निर्माण में की जा रही गुणवत्ता की अनदेखी एवं बरती जा रही अनियमितता तथा छेना पानी को खुले में बहाने से उसके दुर्गंध से आसपास के लोगों को होने वाली परेशानी से संबंधित शिकायत मिल रही थी।बतादें कि मिठाई निर्माण फैक्ट्री एवं मिठाई दुकान से छेना पानी व अपशिष्ट खुले रोड या रास्ते में बहा देने से राहगीरों व आसपास के लोगों को दुर्गंध से काफी परेशानी होती है।इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना लाइसेंस के संचालित मनोज साव को फैक्ट्री बंद करने का आदेश दिया गया है साव ही खराब हो चुके लड्डू को फेंक दिया गया है जबकि मिठाई के सैंपल जांच हेतु साथ ले जा रहे हैं वहीं डब्लू कुमार को नोटिस जारी किया जाएगा।बताया कि अवैध रूप से चल रहे ऐसे फैक्ट्री के संचालक को 10 लाख रुपये जुर्माना एवं मिठाई की गुणवत्ता घटिया रहने पर पांच लाख रुपये तक की जुर्माने का प्रावधान है।गौरतलब हो कि प्रखंड में दर्जनों छोटे बड़े मिठाई दुकान खुली हुई है जहां मिठाई निर्माण में घटिया सामग्री एवं कलर का प्रयोग किया जाता है।

### योजनाओं को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**हजारीबाग।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मेरा युवा भारत हजारीबाग ने जीएम महाविद्यालय हजारीबाग मे सरकारी योजनाओं को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। उक्त कार्यक्रम मे महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी एवं युवा मंडलों से संबंधित 150 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के नोडल पदाधिकारी उमेश कुमार ने की। जबकि जिला युवा अधिकारी रूद्र शेखर कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एनसीसी 22वीं बटालियन हजारीबाग के कमांडेंट ऑफिसर एंटोनी हेनरी सेलवम उपस्थित हुए। जीएम महाविद्यालय के डायरेक्टर विनय मेहता, माई भारत नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के लेखा सह कार्यक्रम सहायक उमेश कुमार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना एवं अन्य योजना के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।


## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 17/2025–26

दिनांक 24/07/2025

**मद का नाम :– राज्य आयोग मद।**

| क्र0 | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | बड़कागांव | चन्दौल | चंदौल में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |
| 2 | बड़कागांव | बड़कागांव पूर्वी | बड़कागांव पूर्वी में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |
| 3 | ईचाक | देवकुली | देवकुली में पंचायत भवन का निर्माण। | 9989000.00 | 10000.00 | 200000.00 | एक वर्ष |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 01.08.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 01.08.25 से 18.08.2025 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान– जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.08.2025 पूर्वाहन् 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल व्दसपदम डवकम द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06546 261406 ई–मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR.NO.358356 District(25-26):D

जिस तरह से विभिन्न स्रोतों से उत्पन्न धाराएं अपना जल समुद्र में मिला देती हैं, उसी प्रकार मनुष्य द्वारा चुना हर मार्ग चाहे वह अच्छा हो या बुरा, भगवान तक जाता है। - **स्वामी विवेकानंद जी**


## संपादकीय

# पारदर्शी व सरल हो जीएसटी

अलग-अलग राज्यों में सेवा कर सहित अन्य उलझनों को दूर करने के लिए आर्थिक उदारीकरण के बाद सबसे बड़े आर्थिक सुधार के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की परिकल्पना की गई। इसे टैक्स वसूली तथा कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। लेकिन इसकी शुरुआत से लेकर अब तक कई तरह की समस्याएं आती रही हैं। कारोबारियों को बताया गया कि उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जीएसटी को सुचारु ढंग से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि थे। अब भी जीएसटी काउंसिल ही इसका काम देखती है। यह भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत नहीं है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता भर करती हैं। उन्हें अपने बूते कोई फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे बहुमत से होते हैं। इसी कारण कई बार कुछ बड़े फैसले अटक जाते हैं। जनता की तरह वित्तमंत्री की भी इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, ताकि पूरे देश में इसका मूल्य एक समान हो, पर बहुत से सदस्य इसका विरोध करते हैं। वे अपने राज्य के हित में ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर यह जीएसटी के दायरे में होता, तो ऐसा संभव नहीं था। कारोबारी और व्यापारी भी अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पाए हैं। जीएसटी में कई विसंगतियां हैं। मसलन, दो तरह के सामान, जो मिलकर एक उत्पाद बनते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारियों के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें, तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है, तो पराठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है, तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी-भरकम टैक्स भी है। एक ओर सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर चिंता जताती है, तो दूसरी ओर जीएसटी काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगाई है। कारोबारियों की मांग है कि टैक्स दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं-5,12,18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं, जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है। दूसरी तरफ, सरकार की शिकायत है कि अब भी जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। कई राज्यों में भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से चोरी हो रही है। वर्ष 2022-23 में देश में दो लाख करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी गई। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी के 86,717 मामलों का पता लगाया, जिससे 6.79 लाख करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता लगा।

*जीएसटी को सुचारु ढंग से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि थे।*

# आस्था से आगे : नाग पंचमी का वैज्ञानिक और मानवीय पक्ष




भारत की पावन भूमि, जहां संस्कृति और आध्यात्मिकता का अनूठा संगम हर पर्व में जीवंत हो उठता है, वहां नाग पंचमी का पर्व एक ऐसी मणि है जो प्रकृति, परंपरा और मानवता के बीच गहरा तालमेल बिठाती है। यह पर्व, जो श्रावण मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है, केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान, जैविक संतुलन और सह-अस्तित्व की भावना का जीवंत प्रतीक है। जब सावन की हरियाली धरती को नया जीवन देती है, तब नाग पंचमी का यह उत्सव हमें याद दिलाता है कि हमारी संस्कृति में हर जीव, चाहे वह सर्प हो या कोई अन्य प्राणी, इस सृष्टि की विशाल श्रृंखला का अभिन्न अंग है। यह पर्व न केवल हमारे धार्मिक विश्वासों को दर्शाता है, बल्कि सामाजिक एकता, पर्यावरण संरक्षण और नैतिक मूल्यों को भी जीवंत करता है।

नाग पंचमी का महत्व भारतीय संस्कृति के प्राचीन ग्रंथों, पुराणों और शास्त्रों में गहराई से समाया हुआ है। स्कंद पुराण, भविष्य पुराण और नारद पुराण जैसे ग्रंथों में इस पर्व का उल्लेख मिलता है, जहां नागों को प्रकृति की रक्षा करने वाली शक्ति और धरती की उर्वरता का प्रतीक माना गया है। भारत में नागों को केवल एक सर्प नहीं, बल्कि दैवीय शक्ति का प्रतीक माना जाता है। भगवान शिव के गले में लिपटे वासुकि नाग और भगवान विष्णु के शेषनाग पर शयन करने की कथाएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारतीय संस्कृति में नागों को ईश्वरीय और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। यह विश्वास कि नागदेवता का आशीर्वाद सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति और संतान सुख प्रदान करता है, इस पर्व को और भी विशेष बनाता है।

नाग पंचमी की परंपराएँ भारतीय समाज की गहरी संवेदनशीलता और प्रकृति के प्रति आदर को दर्शाती हैं। इस दिन लोग अपने घरों के मुख्य द्वार, दीवारों या पूजा स्थलों पर गेरुए से नाग की आकृति बनाते हैं। मिट्टी, गोबर या धातु से बनी नाग प्रतिमाओं की पूजा दूध, लड्डू, फूल, हल्दी और कुमकुम से की जाती है। कुछ क्षेत्रों में जीवित सर्पों को भी दूध चढ़ाने की प्रथा है, हालांकि आधुनिक समय में यह प्रथा विवादास्पद रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, सर्प दूध नहीं पीते, और यह प्रथा उनके लिए हानिकारक हो सकती है। फिर भी, इस प्रथा के पीछे की भावना प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान और संरक्षण की है। ग्रामीण भारत में, जहां खेती और भूमि से गहरा नाता है, नागों को धरती की उर्वरता और जल संरक्षण का प्रतीक माना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के अनुसार, सर्प खेतों में चूहों जैसे कीटों को नियंत्रित कर फसलों की रक्षा करते हैं, जिससे प्रत्यक्ष रूप से 20-30% तक फसल नुकसान को कम करने में मदद मिलती है। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि वैज्ञानिक और पर्यावरणीय महत्व भी रखता है।

महाभारत में वर्णित एक कथा इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को और गहराई देती है। कहा जाता है कि महर्षि जनमेजय ने अपने पिता परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के लिए सर्प यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी सर्पों का विनाश होने वाला था। लेकिन आस्तिक मुनि ने अपनी तपस्या और बुद्धिमत्ता से इस यज्ञ को पंचमी तिथि पर रोक दिया, जिससे सर्पों की रक्षा हुई। इस घटना के स्मरण में नाग पंचमी को सर्पों के संरक्षण और अहिंसा का प्रतीक माना गया। यह कथा हमें करुणा, सहिष्णुता और सभी जीवों के प्रति सम्मान की सीख देती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हिंसा और विनाश के बजाय सह-अस्तित्व और संरक्षण ही सृष्टि के लिए हितकारी है।

आज की बात



**प्रो. आरके जैन**

नाग पंचमी का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। यह पर्व विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक एकता का प्रतीक है। गाँवों में इस दिन मेलों का आयोजन होता है, जहां लोकगीत, नृत्य और नाटक आयोजित किए जाते हैं। महिलाएँ और बच्चे इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। विवाहित महिलाएँ अपने परिवार की सुख-शांति और संतान की रक्षा के लिए व्रत रखती हैं और प्राचीन लोककथाएँ सुनती-सुनाती हैं। इन कथाओं में 'ससुराल गई नागिन' और 'सांवरा नाग' जैसी कहानियाँ शामिल हैं, जो न केवल मनोरंजन करती हैं, बल्कि नैतिकता, पारिवारिक जिम्मेदारियों और प्रकृति के प्रति सम्मान की सीख भी देती हैं। ये परंपराएँ पीढ़ी-दर-पीढ़ी संस्कृति के हस्तांतरण का माध्यम बनती हैं।

आधुनिक समय में, जब विज्ञान और तर्क का बोलबाला है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें यह सोचने पर मजबूर करते हैं कि परंपराएँ केवल रूढ़ियाँ नहीं, बल्कि उनमें गहरे वैज्ञानिक और सामाजिक संदेश छिपे हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सर्पों की 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से कई प्रजातियाँ लुप्तप्राय हैं। अज्ञानता और भय के कारण सर्पों को मार दिया जाता है, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुँचता है। नाग पंचमी जैसे पर्व इस मानसिकता को बदलने का अवसर प्रदान करते हैं। यह हमें सिखाता है कि सर्प न तो हमारे शत्रु हैं और न ही अंधविश्वास का प्रतीक, बल्कि वे प्रकृति के संरक्षक हैं, जिनके बिना पारिस्थितिकी तंत्र असंतुलित हो सकता है।

नाग पंचमी का एक और महत्वपूर्ण पहलू पर्यावरणीय जागरूकता है। यह पर्व हमें यह समझाता है कि मनुष्य इस सृष्टि का केंद्र नहीं, बल्कि प्रकृति का एक हिस्सा है। जब हम सर्प जैसे जीवों को पूजा और संरक्षण के योग्य मानते हैं, तब हम यह स्वीकार करते हैं कि हर प्राणी का इस धरती पर एक उद्देश्य है। पर्यावरण मंत्रालय की 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जैव विविधता के संरक्षण के लिए सर्पों का संरक्षण आवश्यक है, क्योंकि वे कीटों और छोटे कृन्तकों को नियंत्रित कर खाद्य श्रृंखला को संतुलित रखते हैं। इस प्रकार, नाग पंचमी का पर्व हमें पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व को समझने की प्रेरणा देता है।

आज के दौर में, जब शहरीकरण और आधुनिकता ने हमें प्रकृति से दूर कर दिया है, नाग पंचमी जैसे पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। यह हमें सिखाता है कि प्रकृति और जीव-जंतुओं के साथ सामंजस्य में रहकर ही मानव समाज दीर्घकालिक समृद्धि और शांति की ओर बढ़ सकता है। यदि हम इस पर्व को केवल दूध चढ़ाने या व्रत रखने तक सीमित न रखकर इसके व्यापक संदेश को समझें, तो यह हमें अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बना सकता है। नाग पंचमी हमें यह सिखाती है कि हर जीव का सम्मान और संरक्षण ही वह मार्ग है, जो हमें प्रकृति के साथ तादात्म्य स्थापित करने की ओर ले जाता है। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और पर्यावरणीय आह्वान है, जो हमें प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद दिलाता है और एक संतुलित, समरस और समृद्ध समाज की नींव रखता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आत्ममंथन

रात्रि के साढ़े दस बजे थे। दिनचर्या के गणित से मैं सोने जाने को हुआ। बाहर का द्वार बंद कर मुड़ा ही था कि किसी ने खटखटा दिया। मुझे लगा कि किसी को अवश्य मेरी आवश्यकता होगी तभी वह कुसमय आया है। मैंने द्वार खोले तभी बाहर से द्वार धकेलते डॉ विद्रोही मेरे स्वागत कक्ष में रोहिंगिया अथवा बांग्लादेशियों की भांति घुसकर सोफे पर पसर चुके थे। मैं भौंचक्का, ठगा सा खड़ा रह गया। पसरते ही डॉ विद्रोही बोल उठे-दर्शनशास्त्र विभाग में आत्ममंथन के व्याख्यानमाला से सीधे आपके पास आ रहा हूँ। उन्होंने इस आत्मविशास से यह कहा कि मैं अनुग्रहित हो जाऊँ। लेकिन मैं टस से मस नहीं हुआ। वे जमने का प्रयास करने के लिए पासा फेंक चुके थे। मैं उन्हें उखाड़ने के उपक्रम में लगा। मैंने कहा - इस विषय पर कल दिन में भी बात हो सकती है। वे मुझे अनसुना करते हुए बोले - आत्ममंथन पर आपके क्या विचार हैं? मैंने कहा - आप इतने विद्वानों के विचार सुनकर आए हैं फिर मेरे विचार की आवश्यकता ही क्यों? मेरे दो टूक उत्तर से वे उखड़ने के बदले और पसर कर सोफे पर लेट गए और बोले-अच्छा बताइए, आत्ममंथन कोई करे तो कैसे और इसकी आवश्यकता ही क्यों? मुझे वे बोलने के लिए उकसाने पर तुले थे। मैं भी कम काइँया नहीं था। मैंने कहा-यह प्रश्न आपको व्याख्यानमाला में ही पूछना था। आप गलत स्थान पर आ गए। मैंने सोचा वे सीधा उखड़ कर उठकर चले जायेंगे। पर वे जमने का संकल्प ले कर आए लगते थे। बोले-अपने विचार आपने नहीं बताए। मैंने टालने के लिए कहा-दिन भर जो अच्छा-बुरा किया उस पर सोचिए और अगले दिन और अच्छा कर सकते हैं उस पर मन लगाना ही आत्मंथन है। इस क्रम में बुरे का धीरे - धीरे परित्याग करना सीखना होगा ताकि आपका व्यक्तित्व, आपकी सोच सकारात्मक और जन कल्याणकारी हो। वे बहस को खींचना चाहते थे। बोले-मैं कोई गलत करता ही नहीं। विभागाध्यक्ष हूँ। मुझे अवसर मिल गया और मैंने तत्क्षण कह दिया-आपके चरित्र को लेकर उल्टी सीधी बात कही जाती है। वे सुनते ही उठकर बैठ गए और बड़बड़ाने लगे-अरे अमुक छात्रा का शोधग्रंथ मैंने जमा करवा दिया है। वह दबंग है, मैं उसका क्या शोषण किया? उल्टे ही मेरे साथ के उसके आपत्तिजनक छवियों को सार्वजनिक करने की धमकी देकर मुझसे दस लाख से ऊपर खींच चुकी है। अब वे तनाव में आ चुके थे। मेरा पासा ठीक पड़ा था। मैंने उन्हें उखाड़ने के लिए ब्रह्मास्त्र छोड़ा-आपके पास आपकी आत्मा तो है ही नहीं तो आप खाक आत्मचिंतन करेंगे। आपने तो अपनी आत्मा तो उपकुलपति और शिक्षा मंत्री के पास गिरवी रख दी है । मेरा लक्ष सटीक था। वे तिलमिलाकर उठ खड़े हुए और बोले- आप क्या समझेंगे? विभागाध्यक्ष बनने और बने रहने के लिए इसके बिना कोई विकल्प नहीं है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


व्यंग्य की बात



**डॉ प्रशान्त करण**

# इतिहास के पन्नों की कबूतरबाजी ने हमें खुद को खुद से दूर कर रखा है

इतिहास का असंतोष से कोई सीधा संबंध नहीं होता। जिज्ञासा को बढ़ाने वाले इस विषय का असंतोष तो तब नजर आता है जब इससे छेड़छाड़ की कोशिश की जाती है। छेड़छाड़ के इस संदर्भ में देखें तो भारतीय इतिहास के इन पन्नों में से हमें यह तो बखूबी पता है कि बाबर का बेटा हुमायूँ था। हुमायूँ के बाद अकबर, जहांगीर, शाहजहां, औरंगजेब व बहादुर शाह आए और दिल्ली सल्तनत पर 1526 से 1530 तक शासन करने वाले बाबर का पूरा नाम जहीरुद्दीन मुहम्मद बाबर था। हुमायूँ ने दो दौर में हम पर शासन किया और औरंगजेब ने अपने पिता हुमायूँ को हटाकर राजगद्दी पर कब्जा कर लिया तो जहांगीर बड़ा न्यायप्रिय शासक था। अकबर तो अकबर था जिसने इस्लाम की मूल भावना के विपरित जाकर एक नया धर्म "दीन-ए-इलाही" का "कारनामा" कर दिखाया। गुलाम कुतुबुद्दीन ऐबक से लेकर जॉर्ज षष्ठम् तक के विकिपीडिया की जानकारी भी हमें है परन्तु छेड़खानी देखिए कि हमारी जिज्ञासा में भारत और भारतीयता को ढुंढने का भरोसा दूर दूर तक कहीं नहीं है। ऐसा तब है जबकि हम "वसुधैव कुटुम्बकम" के आदर्श को मानने वाले लोग हैं। बावजूद इसके प्रारंभिक कक्षाओं से जो इतिहास हमें परोसा गया है उसमें हमारे आदर्शों के प्रति न कोई संदर्भ है,न सम्मान है और न कोई सहानुभूति ही है। ऐसा तब है जबकि भारतवर्ष का इतिहास न तो गुलाम वंश में सिमटा हुआ है और न औरंगजेब की तानाशाही भरे शासनकाल की कुंठा या अकबर की तथाकथित महानता को प्रायोजित करके यह महान बना हुआ है। कई बातों हैं जबकि हमारे युगपुरुष मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को भारतीयों के साथ साथ पूरा विश्व निर्विवाद रुप से भगवान मानता है। खेल देखिए कि परोसे गए इतिहास के कारण आज हम उन्हें "इमाम-ए- हिन्द" के तौर पर जानने लगे हैं। श्रीराम सिर्फ भारत के बल्कि पूरी मानव जाति और पूरी वसुधा के आदर्श पुरुष, भगवान और मर्यादा पुरूषोत्तम माने जाते हैं। इसके बावजूद इतिहास के पन्नों में श्री राम को "इमाम-ए-हिन्द" की सीमा में समेटने की बातों से हमें यकीन कराया गया है।




छेड़छाड़ की श्रृंखला का यह कोई अकेला मामला नहीं है। हम विदेशी मूल वाले बाबर के तमाम वंशजों से लेकर जॉर्ज पंचम तक की गाथा कंठस्थ किए बैठे हैं परन्तु उस राम की वंशावली से सर्वथा अनभिज्ञ हैं जिनकी पीढ़ियों का ताल्लुक हम सबसे रहा है। इतिहास के प्रति इस बेरूखी का दंश यह भी कि इन मामलों को सांप्रदायिकता के चश्मे से देखने का पाठ पढ़ाया जाता रहा है जबकि किसी धर्म के आधार पर पूर्वजों में विभेद का कोई मतलब ही नहीं है। ऐसा इसलिए कि पूजा पद्धति के बदल जाने से न हमारे पूर्वज बदल जाते हैं और न इतिहास बदलता है। छेड़छाड़ के अनेकों उदाहरण हैं जब भारतवर्ष के अनंत कालखंड में से केवल उस खंड के लिए हमें अभ्यस्त बना दिया गया है जिसकी व्याख्या हमारे स्वर्णिम कालखंड की उपेक्षा से भरे पड़े हैं। दुर्भाग्य देखिए कि गुलाम वंश की उत्पत्ति की कहानी हम सबकी जुबान पर है परंतु भगवान श्री राम के पिता राजा दशरथ के आगे की कड़ी से लेकर सुभाष चन्द्र बोस, भगत सिंह, चंन्द्रशेखर आजाद जैसे तमाम प्रतापी पूर्वजों पर हमारी प्राथमिकताएं प्रारंभिक कक्षाओं से ही मौन हैं। संदर्भवश अनगिनत सवालों के बीच खुद से सवाल यह है कि क्या यह मौन इतिहास से छेड़छाड़ का विषय नहीं है? क्या इतिहास के ऐसे आत्मघाती छेड़छाड़ ने हमें खुद को खुद से अलग नहीं कर रखा है? क्या इसमें अविलंब सुधार नहीं होने चाहिए और अंततः क्या किसी भी राष्ट्र को इतिहास के पन्नों की करतूतबाजी में उलझाना उचित या बहुद्देशीय हो सकता है? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात




**केदार नाथ दास**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

ली छटांक भर, चढ़ गयी , बदल गया अंदाज।
पांव उठे हैं भूमि से, चला हवा से राज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# एक्चुअली हम क्या हैं, कौन हैं, क्यूं हैं, पता है?

एक्चुअली ऐसी पोस्ट डालना, जिससे खुद का माथा गर्व से ऊंचा हो जाता हो। ऐसा करने में बड़ा मजा आता है! आपको कोई पर्सनली तो जानता नहीं कि वह आपकी बात को काट सकें! आप कैसे हैं, इसकी बाबत कोई नहीं जानता। अरे ! कभी-कभी तो मैंने यहां तक देखा है कि हम ख़ुद को जिन्हें निजी तौर पर बहुत वर्षों से न जाने कितनी गहराई से जानते हुए समझते हैं, एक दिन उनके लिए पता चलता है कि वह तो कुछ और ही थे। तो अपने बारे में कुछ भी बोल देना, लिख देना या दुनिया में प्रोपेगेंडा फैला देना बहुत आसान है। एक्चुअली हम क्या हैं, इस बात को हमसे ज्यादा कोई नहीं जानता। फिर भी हमारे साथ रहने वाले लोग यह समझते हैं कि हम इन्हें जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं। उसी ढंग से हम भी अपने साथ रहने वाले को उसी तरह जानते हैं कि ये ऐसे ऐसे ऐसे हैं। एक्चुअली कौन क्या है और किसका कौन-सा और कितना अंधेरा पक्ष है और वह दुनिया को एक्चुअली किस तरह से देखता है, इस चीज का पता हमें तब चलता है, जब हम उसके घर में झांकते हैं या जब कोई हमारे घर में झांकता है। तो वास्तव में हम एक्चुअली क्या हैं, वह हमारे खुद के घर से पता चलता है इसलिए जब तक हम किसी के घर में आते जाते नहीं हों, तब तक उसके बारे में कुछ भी नहीं जान सकते और जितना जानने का दावा हम करते हैं उसके बारे में, वह अक्सर समय के साथ झूठा साबित हो जाता है! क्योंकि हम सब के पास दिखावे के चेहरे अलग हैं और जीने के चेहरे अलग हैं। तो यह जीना और दिखावा इतना अलग-अलग है कि लोगों का सामाजिक जीवन मुझे छल कपट से ज्यादा कुछ नहीं लगता और क्या हम छल कपट करते हैं? इसके बात का जवाब क्या हम वास्तव में ईमानदारी पूर्वक दे सकते हैं ? शायद हम में से कोई भी ऐसा करने को राजी नहीं होगा, क्योंकि एक्चुअली हम अपने बारे में भी नहीं जानते ।हम अपने बारे में उतना ही जानते हैं, जहां तक हमारे ईगो को कष्ट नहीं होता हो। जहां हमारा ईगो टकराता है, वहां हम सिरे से चीजों को इनकार कर देते हैं/नकार देते हैं और यही वह जगह है। जहां एक्चुअली हम जो होते हैं, वही हमारी जगह होती है और एक्चुअली जो हम दिखाई देते हैं, वह दरअसल है ही नहीं। तो जब हम अपने बारे में वास्तव में ईमानदारी पूर्वक कुछ जानते ही नहीं और ना ही जानना चाहते हैं, ऐसे में क्या हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि हम किसी का शोषण कर रहे हैं? शायद नहीं। क्या हम यह स्वीकार कर सकते हैं कि हमारे अंदर कुछ बुराइयां हैं, जिनके कारण हमारे साथ रहते वह लोगों को तकलीफ होती है? शायद नहीं। तो जब हम अपने ही बारे में कोई भी आलोचनात्मक बात स्वीकार कर ही नहीं सकते, तो फिर हमसे ज्यादा पाखंडी इस धरती पर जीव है ही कौन ? क्या यह आश्चर्य करने वाली बात नहीं लगती कि हम शोषक नहीं हैं, लेकिन दुनिया में शोषण हो रहा है ।हम बुरे नहीं हैं, लेकिन दुनिया में बुराइयां हो रही हैं। हम कट्टर नहीं हैं, लेकिन दुनिया में कट्टरता जारी है। हम हत्यारे नहीं है, लेकिन दुनिया में रोज लाखों हत्याएं होती हैं । हम रेपिस्ट नहीं हैं, लेकिन दुनिया में लाखों जगह रोज रेप होते हैं। हम भ्रष्टाचारी नहीं हैं, लेकिन रोज अरबों रुपयों का भ्रष्टाचार इसी धरती पर होता है। तो कुल मिलाकर हम हैं क्या? इस पर भी हम सभी को अब शोध करने की आवश्यकता आन पड़ी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



अलग बात



**राजीव थेपरा**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## तुर्की में कांवड़ियों की भीड़ से लगा जाम, तेजस्वी यादव भी फंसे

**मुजफ्फरपुर।** सावन के महीने का आज तीसरा सोमवार है। सोमवार के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए कांवड़ियों की मंदिरों में भारी भीड़ रहती है। कांवड़िया रविवार की रात से ही मंदिरों में पहुंचने लगते हैं। इसी क्रम में मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए जा रहे कांवड़ियों की भारी भीड़ के चलते कई जगह जाम लगा रहा। इसमें राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी फंस गए। सोमवार देर रात तुर्की इलाके में कांवड़ियों की वजह से लगे जाम में तेजस्वी यादव की गाड़ी और उनके काफिले की गाड़ी फंस गई। वे किशनगंज की यात्रा पर जा रहे थे। करीब आधे घंटे तक तेजस्वी यादव जाम में फंसे लगे। वहीं तेजस्वी यादव को अपने करीब देखकर कांवरियों में खासा उत्साह देखा गया। भक्तों ने उनके साथ सेल्फी और वीडियो लेना शुरू कर दिया।



## पटना में कुत्ते का बन गया आवासीय प्रमाण पत्र, सख्त कार्रवाई के आदेश

**एजेंसी। पटना**

पटना के ज़िलाधिकारी त्यागराजन ने सोमवार को 'डॉग बाबू' नाम से निवास प्रमाण पत्र जारी करने के पीछे किसी शरारती तत्व का हाथ होने का संदेह जताया। पत्रकारों से बात करते हुए, पटना के डीएम ने कहा कि प्रशासन ने प्रमाण पत्र में गड़बड़ी का पता चलने के दो मिनट के भीतर ही प्रमाण पत्र रद्द कर दिया। ज़िलाधिकारी ने कहा, "मामला बेहद गंभीर है। किसी शरारती तत्व ने ऐसा प्रयास किया है। यह प्रमाण पत्र 24 जुलाई को दोपहर 3.56 बजे जारी किया गया था और दो मिनट के भीतर ही 3.58 बजे रद्द कर दिया गया।"उन्होंने आगे बताया कि साइबर पुलिस स्टेशन के साथ मिलकर अधिकारी




संदिग्ध व्यक्ति पर नज़र रख रहे हैं और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। अधिकारी ने आगे कहा कि इसमें जो भी शामिल हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया चल रही है। साइबर थाने के माध्यम से हम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि यह किसने किया और ऐसा आवेदन क्यों दिया गया। हम इसकी जाँच करेंगे और इसके पीछे जो भी लोग हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। पटना जिले में कुत्ता बाबू नाम से एक निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस घटना ने लोक सेवाओं के अधिकार (आरटीपीएस) पोर्टल की सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर व्यापक आलोचना की है। सोशल मीडिया पर सामने आए प्रमाण पत्र में 'डॉग बाबू' को मसौढ़ी का निवासी बताया गया है और ऊपर दाहिने कोने में एक कुत्ते की तस्वीर भी है। प्रमाण पत्र में उसके माता-पिता के नाम 'कुत्ता बाबू' (पिता) और 'कुतिया देवी' (माता) भी दर्ज हैं। ज़िला प्रशासन ने यह भी बताया कि मामले में अनुमंडल अधिकारी (एसडीओ) स्तर की जाँच शुरू कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा, "मसौढ़ी के अनुमंडल अधिकारी को पूरे मामले की विस्तृत जाँच कर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया है। दोषी कर्मचारियों और अधिकारियों के ख़िलाफ़ विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।" बिहार सरकार पर निशाना साधते हुए स्वराज पार्टी के नेता योगेंद्र यादव ने कहा कि यह वही निवास प्रमाण पत्र है जो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं से माँगा गया है।

## नाबालिग की मांग में जबरन भरा सिंदूर, विरोध करने पर की मारपीट

**एजेंसी। समस्तीपुर**

आपने बिहार में कई बार पकड़ौआ ब्याह की खबरें सुनी होंगी, कई बार जबरन मांग में सिंदूर भरने की भी खबरें सुनी और पढ़ी होंगी। इस बार भी कुछ ऐसा ही मामला बिहार के समस्तीपुर जिले से सामने आया है। मामला पूसा थाना क्षेत्र का है। यहां एक गांव में कुछ लोगों ने एक नाबालिग लड़की के साथ जबरदस्ती की। उन्होंने लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया। जब लड़की और उसकी मां ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। पीड़िता की मां ने इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है।

### क्या कहना है पुलिस का?

पूसा थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष शंकर कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़िता की मां के बयान पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी आरोपी फरार हैं। जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर ली जाएगी। पुलिस गांव में शांति बनाए रखने की कोशिश कर रही है।



### नाबालिग लड़की को रोका और मांग में भर दिया सिंदूर

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी रविवार को अपने बथान से घर लौट रही थी। तभी आरोपी युवक अपने परिवार के साथ आया और उनकी बेटी को रोक लिया। उन्होंने जबरदस्ती उसकी मांग में सिंदूर भर दिया। जब मां-बेटी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद मां-बेटी को बचाया जा सका।

## बिहार में 12 घंटे बारिश, नदियों का जलस्तर बढ़ा, पटना शहर जलमग्न

**एजेंसी। पटना**



लगातार 12 घंटे की बारिश के बाद, सोमवार को पटना में भारी जलभराव हो गया, जिससे शहर लगभग थम सा गया। सड़कों से लेकर रेलवे तक, बाढ़ जैसे हालात ने एक बार फिर मानसून की तैयारियों में प्रशासनिक नाकामी को उजागर कर दिया।

डाक बंगला रोड, पटना जंक्शन, बोरिंग रोड, कंकड़बाग कॉलोनी, राजेंद्र नगर और स्टेशन रोड जैसे हाई-प्रोफाइल इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे सड़क और रेल संपर्क दोनों ठप हो गए।

लगातार बारिश के कारण, स्कूल वैन समय पर नहीं पहुंच पाईं और बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए। सड़कें जलमग्न होने के कारण ऑफिस जाने वाले लोग अपने घरों में ही फंसे रहे। बच्चों और बुजुर्गों के लिए बाहर निकलना लगभग नामुमकिन हो गया।सड़कें छोटी नदियों जैसी लग रही थीं और पैदल चलने वाले लोग खुले नालों और बिजली के झटके चल रहे थे।

राजेंद्र नगर के एक निवासी ने कहा, "हमें बारिश से नहीं, बल्कि पानी के नीचे छिपी चीजों (नालियों, गड्ढों और बिजली के तारों) से डर लगता है। यह प्रकृति का प्रकोप नहीं, बल्कि नागरिकों की लापरवाही है।" एक यात्री, शैलेश कुमार ने कहा, "हर साल, नगर निगम नालों की सफाई, पंप लगाने और नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का दावा करता है। फिर भी, भारी बारिश के कुछ ही घंटों में, ये दावे हवा हो जाते हैं। बस निराशा और जाम का एहसास ही बचता है।"

नदियों का जलस्तर भी बढ़ा दिया है। पटना में दीघा घाट और गांधी घाट, दोनों जगहों पर गंगा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है।

दीघा घाट पर, गंगा खतरे के निशान से 13 सेंटीमीटर ऊपर है, जबकि गांधी घाट पर यह 53 सेंटीमीटर ऊपर है, जिससे बाढ़ का पानी दियारा, मनेर, दानापुर, फतुहा, बख्तियारपुर और दनियावां जैसे निचले इलाकों में तेजी से फैल रहा है।गोपालगंज के डुमरिया घाट में गंडक नदी खतरे के निशान के करीब पहुंच गई है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 24 घंटों में

### ओडिशा में बाढ़ से तबाही, छह जिलों में 11,000 से अधिक लोग प्रभावित

**नई दिल्ली।** ओडिशा में बाढ़ से छह जिलों के 11,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, सुंदरगढ़ और क्योंझर जिलों के प्रभावित इलाकों से 1,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विशेष राहत आयुक्त डी.के. सिंह ने कहा कि भारी बारिश के कारण सुवर्णरेखा, वैतरणी और जलका नदियों में आई बाढ़ से यह स्थिति उत्पन्न हुई। सिंह ने बताया कि बालासोर जिले में ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) की पांच टीमें, एनडीआरएफ की एक टीम और अग्निशमन सेवा की 26 टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि मयूरभंज जिले में ओडीआरएएफ की एक और अग्निशमन सेवा की 23 टीमें तैनात की गई हैं। सिंह ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। चाव एवं राहत कार्यों के लिए इन जिलों में कुल 106 बचाव नौकाएं भी तैनात की गई हैं। सिंह ने कहा कि स्वर्णरेखा को छोड़कर सभी प्रमुख नदियों का जलस्तर घट रहा है। उन्होंने बताया, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रात्रि गश्त बढ़ा दी गई है। लोगों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। जल संसाधन विभाग ने शाम के बाढ़ बुलेटिन में कहा कि वैतरणी नदी क्योंझर जिले के आनंदपुर में 36.24 मीटर पर बह रही है, जबकि खतरे का स्तर 38.36 मीटर है।

## एक साल में 981 किसानों ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में किसानों की आत्महत्या का संकट थमने का नाम नहीं ले रहा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2024 से जुलाई 2025 के बीच राज्य में 981 किसानों ने आत्महत्या की। 1 साल 4 महीने के वक्त में इतनी खुदकुशी किसानों की दयनीय स्थिति को उजागर करती है। यह स्थिति राज्य में कृषि संकट और अपर्याप्त समर्थन की गंभीर तस्वीर पेश करती है। हवेरी जिला इस सूची में सबसे ऊपर है, जहां 128 किसानों ने आत्महत्या की। इसके बाद मैसूरु (73), धारवाड़ (72), और बेलगावी (71) का नंबर आता है। वहीं, बेंगलुरु शहरी, बेंगलुरु ग्रामीण, उडुपी, और कोलार जिलों में कोई भी किसान आत्महत्या दर्ज नहीं हुई।

## विधवा महिला से शादी, जबरन धर्म परिवर्तन और किडनी बेचने के लिए धमकाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर में एक विधवा महिला के साथ धोखाधड़ी, जबरन धर्म परिवर्तन और आर्थिक शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। शहर कोतवाली क्षेत्र की पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पति होटल व्यवसायी थे, जिनका करीब 10 साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया। पति के निधन के बाद महिला होटल का संचालन स्वयं करने लगी थी। इसी दौरान बुरहानुद्दीन गांव निवासी एक व्यक्ति, जिसने अपना नाम रवि बताया, महिला के संपर्क में आया और मदद के बहाने नजदीकियां बढ़ा लीं। आरोप है कि वर्ष 2011 में आरोपी ने महिला से कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के कुछ महीने बाद आरोपी ने निकाह भी कराया, जिससे महिला को उसकी असल पहचान पता चली। वह नसीमुद्दीन नाम का मुस्लिम व्यक्ति था। महिला का आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने उसे बंधक बनाकर जबरन धर्म परिवर्तन कराया और फिर अपने धर्म के अनुसार शादी रचाई। साथ ही महिला की किडनी बेचने का प्रयास दिल्ली और ऋषिकेश के अस्पताल में किया। बात न मानने पर बच्चों को मारने की धमकी भी दी।

## वैशाली में बना बुद्ध सम्यक दर्शन स्मृति स्तूप, उद्घाटना आज

**एजेंसी। वैशाली**

बिहार के वैशाली जिले में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का उद्घाटन 29 जुलाई को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस बात की जानकारी सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी।

इस समारोह में दुनिया भर के करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और भिक्षु बिहार पहुंच रहे हैं। 72 एकड़ भूमि पर इस भव्य स्तूप का निर्माण राजस्थान के गुलाबी पत्थरों से किया गया है।

सीएम नीतीश कुमार ने इस उद्घाटन समारोह को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वैशाली में बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का 29 जुलाई को लोकार्पण होने जा रहा है। इस लोकार्पण समारोह में दुनिया भर के करीब 15 देशों के बौद्ध धर्मावलंबी और बौद्ध भिक्षु बिहार आ रहे हैं। यह हम सभी बिहारवासियों के लिए गौरव का क्षण होगा। मैंने बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण किया ताकि निर्माण कार्य विशिष्ट ढंग से जल्द से जल्द पूर्ण हो सके। 72 एकड़ भूमि पर इस भव्य स्तूप का



निर्माण राजस्थान के गुलाबी पत्थरों से किया गया है। इस परिसर का स्वरूप पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी काफी अच्छा बनाया गया है ताकि यहां आने वाले पर्यटकों को सुखद अनुभूति हो।"

बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप के प्रथम तल पर भगवान बुद्ध का पावन अस्थि कलश स्थापित किया गया है, जो स्मारक का प्रमुख केंद्र बिंदु होगा। भगवान बुद्ध का अस्थि अवशेष 6 जगहों से प्राप्त हुआ, जिसमें वैशाली के मड स्तूप से जो अस्थि अवशेष मिले वह सबसे प्रामाणिक है जिसका जिक्र चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी अपनी पुस्तक में किया है। वैशाली ऐतिहासिक और पौराणिक भूमि है, जिसने दुनिया को पहला गणतंत्र दिया। यह नारी सशक्तीकरण की भी भूमि रही है। बौद्ध धर्मावलंबियों के संघ में पहली बार यहां महिलाओं को शामिल किया गया। यह स्तूप बिहार की सांस्कृतिक धरोहर और वैश्विक बौद्ध विरासत का भव्य प्रतीक है।

## शहीदों के नाम कर दी पूरी बॉडी टैटूमैन की देशभक्ति हैरान करने वाली

**एजेंसी। इंदौर**



देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले जवानों को सम्मान देने के लिए कोई क्या-क्या कर सकता है, इसका जीवंत उदाहरण हैं दिल्ली-एनसीआर निवासी आर्किटेक्ट पंडित अभिषेक गौतम। इन्होंने अपने शरीर पर कारगिल युद्ध सहित अन्य सैन्य अभियानों में शहीद हुए 636 जवानों के नाम का टैटू बनवा लिया है। खुद को चलता-फिरता वॉर मेमोरियल बना लिया है, ताकि देश के कोने-कोने में वीर शहीदों की स्मृति हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहे। इंदौर पहुंचे अभिषेक गौतम ने बताया कि वह एक आर्किटेक्ट हैं। देश भर में घूमते रहते हैं। वर्ष 2015 में वह पहली बार कारगिल और लेह-लद्दाख की चोटियों पर गए थे। वहां कारगिल वॉर मेमोरियल को देखकर उन्हें लगा कि यह स्थान किसी मंदिर से कम नहीं है। उनके अनुसार जो सबसे बड़ा मंदिर है, वह कारगिल वॉर मेमोरियल है। वहां की आत्माएं पूजनीय हैं और मैं उन्हें अपना शरीर समर्पित करना चाहता था।

- **बेसमेंट में छिपकर 11 दिनों तक बनवाया**

शहीदों के नाम शरीर पर गुदवाने का निर्णय आसान नहीं था। अभिषेक ने बताया कि इस निर्णय के पीछे एक साल की तैयारी थी। जैसे टैटू बनवाने के लिए स्थान ढूंढ़ना, शरीर को छुपाकर रखना और इस पूरे मिशन को परिवार से भी गुप्त रखना। उन्होंने अपने मित्र के ऑफिस के बेसमेंट में लगातार 11 दिनों तक टैटू बनवाए। शुरुआती दौर में उन्होंने 444 नाम गुदवाए, बाद में कारगिल मेमोरियल से बाकी नाम जुटाए और उन्हें भी जोड़ लिया।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे और आप अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां को लेकर भी काफी सतर्क रहेंगे। आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से व्याग्रता बढ़ सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए किसी काम को लेकर सावधान रहने के लिए रहेगा। आपके मित्र आपके शत्रु बन सकते हैं, जिन्हें आपको पहचान की आवश्यकता है। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आप किसी जरूरी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप कार्यक्षेत्र में किसी से जबरदस्ती अपनी बात मनवाने की कोशिश न करें, नहीं तो आपके बॉस से आपके रिश्ते खराब हो सकते हैं। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें। आपको किसी पैतृक संपति की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। संतान को भी उनकी पढ़ाई के लिए कोई पुरस्कार मिल सकता है।

**तुला :** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको अपने कामों को धैर्य और साहस से निपटाने की आवश्यकता है। आप कोई निवेश थोड़ा सोच समझकर करें। घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा। मित्रों के साथ आप अपने आगे के भविष्य को लेकर कोई फैसला ले सकते हैं। किसी कानूनी मामले में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा।

**धनु :** आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा रहने वाला है। उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, क्योंकि यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। जीवनसाथी से भी यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलेगा। आपके बिजनेस की योजनाओं को गति मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर काफी गंभीरता दिखाएंगे, तभी वह समय से पूरे होंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने पिताजी से किसी चीज को लेकर जिद कर सकते हैं। संतान के मन में चल रही उलझनों को आपको जानने की कोशिश करनी होगी। आप उन पर कोई जबरदस्ती जिम्मेदारी ना डालें।

**मीन :** आज आपको कामों को लेकर थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें और अपने अधूरे कामों को समय से पूरा करने की कोशिश करें। आपको अपने खानपान में सुधार लाना होगा, क्योंकि आपकी शारीरिक समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## हाथरस में सड़क हादसे में एक कांवड़िये की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हाथरस जिले के मुरसान थाना कोतवाली क्षेत्र में बरेली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो मोटरसाइकिल की आपस में टक्कर होने से एक कांवड़िये की मौत हो गई और एक अन्य कांवड़िया घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा रविवार रात को मुरसान थाना क्षेत्र के नगला गोपी गांव और रायक गांव के बीच हुआ।

## गया एंबुलेंस दुष्कर्म मामला: पूर्व सांसद एसटी हसन ने उठाई राष्ट्रपति शासन की मांग

**पटना।** गया में होमगार्ड भर्ती के दौरान बेहोश हुई युवती से एंबुलेंस में कथित गैंग रेप मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पूर्व सांसद एसटी हसन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए और नीतीश कुमार सरकार की नाकामी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने इस घटना को शर्मनाक बताते हुए राष्ट्रपति शासन की मांग की। एसटी हसन के मुताबिक कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने इस घटना का जिक्र करते हुए कहा, "पटना के एक अस्पताल में पांच लोगों ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। गया में एक युवती, जो होमगार्ड भर्ती के लिए आई थी, उसके साथ एंबुलेंस में दुष्कर्म हुआ।
यह इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना है।"

### टैगोर की धरती से ममता ने छेड़ा 'दूसरा भाषा आंदोलन', बोलीं-

## अपनी अस्मिता और मातृभाषा को नहीं भूल सकते

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अन्य राज्यों में बंगाली प्रवासियों पर कथित हमलों के खिलाफ बोलपुर में विरोध मार्च किया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आप सबकुछ भूल सकते हैं,



लेकिन आपको अपनी 'अस्मिता', मातृभाषा, मातृभूमि नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी भाषा के खिलाफ नहीं हूँ, मेरा मानना है कि विविधता में एकता ही हमारे राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि अगर हम बंगाल में 1.5 करोड़ प्रवासी मज़दूरों को आश्रय दे सकते हैं, तो आप दूसरे राज्यों में काम कर रहे 22 लाख बंगाली प्रवासियों को क्यों नहीं स्वीकार कर सकते।

भावनाओं और प्रतीकों से भरपूर यह विरोध मार्च 'टूरिस्ट लॉज' चौराहे से शुरू हुआ और नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की भूमि पर तीन किलोमीटर की दूरी तय कर जम्बोनी बस अड्डे पर समाप्त हुआ।

## सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं को जबरन हिजाब पहनाने का आरोप

- **विश्वविद्यालय में इतिहास और पुरातत्व के छात्र प्रोफेसर राजी माजिद अब्दुल माजिद ने, फील्ड ट्रिप पर गए के दौरान कुछ छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया।**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कर्नाटक में कलबुर्गी सेंट्रल यूनिवर्सिटी की छात्राओं को फील्ड ट्रिप के दौरान हिजाब पहनने को मजबूर करने का मामला तूल पकड़ रहा है। हैदराबाद के एक एनजीओ, 'लीगल राइट्स प्रोटेक्शन फोरम' ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल, को एक पत्र लिखकर



इसका जवाब मांगा है।

शिकायती खत में लिखा गया, "हिस्ट्री और आर्कियोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफेसर अब्दुल मजीद ने जानबूझकर फील्ड ट्रिप के दौरान मुस्लिम स्मारकों का दौरा करवाया और एक मजार में जाने से पहले छात्राओं को सिर ढकने को कहा।" इस फील्ड ट्रिप में कलबुर्गी और बीदर के स्टूडेंट्स को शामिल किया गया था। इस शिकायत के जवाब में यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल ने कहा, "26 जुलाई को विश्वविद्यालय को ए.एस. संतोष की एक शिकायत प्राप्त हुई। वे हैदराबाद स्थित लीगल राइट्स फोरम के महासचिव हैं, और उन्होंने कहा है कि विश्वविद्यालय में इतिहास और पुरातत्व के छात्र प्रोफेसर राजी माजिद अब्दुल माजिद ने, फील्ड ट्रिप पर गए के दौरान कुछ छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर किया। इसलिए, इस साथी संतोष की ओर से यह शिकायत प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय नियमानुसार, एक जांच समिति गठित करेगा और उसके अनुसार, हम कार्रवाई करेंगे।"इतिहास एवं पुरातत्व विभाग के सहायक प्रोफेसर अब्दुल मजीद पर फील्ड ट्रिप के दौरान छात्राओं को हिजाब पहनने के लिए मजबूर करने का आरोप लगा है। इस फील्ड ट्रिप में कलबुर्गी और बीदर जिलों के छात्र शामिल थे, और कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय से जुड़े स्थानों पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया गया था।

विधि एवं अधिकार संरक्षण मंच ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बट्टू सत्यनारायण के समक्ष सहायक प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। विश्वविद्यालय ने मामले की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार रुद्र गौड़ा पाटिल ने आश्वासन दिया है कि जांच समिति की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं भाजपा एम.एल.सी एन रवि कुमार ने हिजाब मामले को लेकर कहा, "मैं सिर्फ इस मामले में इतना कहना चाहता हूं कि इसकी पूरी जांच होनी चाहिए।"

## मणिपुर में जबरन वसूली में शामिल पांच उग्रवादी गिरफ्तार

**मणिपुर।** सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व और थौबल जिलों से तीन प्रतिबंधित संगठनों के पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जो कथित रूप से जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (अपुनबा सिटी मेइती) के तीन सक्रिय सदस्यों को रविवार को इंफाल पूर्व जिले से गिरफ्तार किया गया। उनमें से दो को हुइड्रोम गांव से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे रंगदारी वसूलने जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि बाद में उनसे मिली जानकारी के आधार पर एक अन्य को कैरांग मानिंग लेइकाई इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# दिव्या देशमुख ने चेस विमेंस वर्ल्डकप जीता

## भारत की ही कोनेरू हम्पी को फाइनल हराया

## देश की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बनीं



नई दिल्ली । एजेंसी

भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने महिलाओं की शतरंज विश्व कप का खिताब अपने नाम किया है। उन्होंने दुनिया की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कोनेरू हम्पी को हराकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। भारतीय शतरंज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। 19 वर्षीय दिव्या देशमुख ने फाइड वूमेन्स वर्ल्ड कप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने दुनिया की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ियों में शुमार कोनेरू हम्पी को हराकर यह उपलब्धि अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में दोनों भारतीय दिग्गजों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। दोनों क्लासिकल गेम्स ड्रॉ रहे, जिसके बाद फैसला रैपिड टाईब्रेकर में हुआ। दिव्या देशमुख ने हम्पी को 1.5-0.5 से हराकर न केवल खिताब जीता बल्कि एक नया इतिहास भी रच दिया। वह शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। इस शानदार जीत के साथ ही दिव्या देशमुख भारत की 88वीं ग्रैंडमास्टर भी बन गई हैं। ग्रैंडमास्टर की उपाधि शतरंज की दुनिया में सबसे प्रतिष्ठित मानी जाती है और इसे हासिल करना किसी भी खिलाड़ी के करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होता है। इस जीत के बाद दिव्या को इनामी राशि के रूप में लगभग 43 लाख रुपये मिलेंगे। वहीं हम्पी को करीब 30 लाख रुपये मिलेंगे।

यह पहली बार है, जब इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनल में दो भारतीय शतरंज खिलाड़ी आमने-सामने थीं। दोनों ही खिलाड़ी अब 2026 में होने वाले महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई कर चुकी हैं, 8 खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले विश्व महिला चैम्पियनशिप मैच में मौजूदा विश्व चैम्पियन चीन की जू वेनजुन की प्रतिद्वंद्वी का फैसला होगा।

### कोनेरू हम्पी को दी मात

- फाइनल में दुनिया की शीर्ष खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को हराया।
- क्लासिकल गेम्स ड्रॉ रहे, लेकिन रैपिड टाईब्रेकर में दिव्या ने 1.5-0.5 से जीत दर्ज की।

### शानदार ऐतिहासिक जीत

- यह जीत भारतीय शतरंज इतिहास में नया अध्याय है।
- दिव्या ने साबित किया कि युवा खिलाड़ी भी शीर्ष स्तर पर चमत्कार कर सकते हैं।

### दिव्या ने किए कई बड़े उलटफेर

दिव्या देशमुख ने इस टूर्नामेंट में कई बड़े उलटफेर किए। उन्होंने दूसरी वरीयता प्राप्त जिनेर झू (चीन) को हराया। फिर भारत की डी। हरिका को हराकर पूर्व विश्व चैम्पियन टैन झोंगयी को सेमीफाइनल में हराया था। यह फाइनल सिर्फ दिव्या की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह दर्शाता है कि भारतीय महिला शतरंज अब विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुका है। यह एक ऐसा मुकाबला था- जहां अनुभव और युवावस्था, साहस और रणनीति आमने-सामने थे।

### हासिल की ये उपलब्धि

दिव्या ना सिर्फ वर्ल्ड चैम्पियन बनीं, साथ ही वह भारत की चौथी महिला ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए आमतौर पर तीन ग्रैंडमास्टर नॉर्म्स और 2500+ FIDE रेटिंग की जरूरत होती है। लेकिन कुछ खास इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीतने पर भी खिलाड़ी को सीधे ग्रैंडमास्टर का टाइटल दिया जाता है और फाइड वूमेन्स वर्ल्ड कप उन्हीं में से एक है। दिव्या से पहले भारत की जिन तीन महिला चेस खिलाड़ियों को ग्रैंडमास्टर का दर्जा मिला।

### दिव्या देशमुख के अचीवमेंट्स...



- विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय बनी। सेमीफाइनल में चीन की पूर्व विश्व चैंपियन तन झोंगयी को हराया।
- जून 2024 में दिव्या ने विश्व U-20 जूनियर गर्ल्स चैंपियनशिप जीती, जिससे वे कोनेरू हम्पी (2001), हरिका द्रोनावली (2008), और सौम्या स्वामीनाथन (2009) के बाद चौथी भारतीय महिला रहीं।

### कोनेरू हम्पी के अचीवमेंट्स...



- 15 साल की उम्र में उन्होंने ग्रैंडमास्टर का खिताब हासिल किया और सबसे कम उम्र में यह उपलब्धि हासिल करने वाली महिला बनीं।
- दो बार महिला वर्ल्ड रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीती, पहली बार 2019 में और दूसरी बार 2024 में।

## बेन स्टोक्स ने रचा इतिहास, कोई दूसरा इंग्लिश कप्तान न कर सका ऐसा



नई दिल्ली । भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्होंने 141 रन की पारी खेलने के साथ छह विकेट भी लिए। इसी के साथ बेन स्टोक्स एक ही टेस्ट सीरीज में 300+ रन बनाने के अलावा 15+ विकेट चटकाने वाले इंग्लैंड के पहले कप्तान बन गए। बेन स्टोक्स इस सीरीज में अब तक चार मुकाबलों की सात पारियों में 43.42 की औसत के साथ 304 रन बना चुके हैं। वहीं, स्टोक्स इस सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं, जिन्होंने आठ पारियों में 25.23 की औसत के साथ 17 शिकार किए।

## डी मिनौर ने 3 चैंपियनशिप प्वाइंट बचाकर जीता वाशिंगटन खिताब

वाशिंगटन (आईएएनएस)

एलेक्स डी मिनौर ने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 5-7, 6-1, 7-6(3) से हराकर अपना 10वां टूर-स्तरीय खिताब जीत लिया। इस दौरान उन्होंने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। खिताबी जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर इस हफ्ते एटीपी लाइव रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में भी वह दो स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर आ गए। वहीं, स्पेन के फोकिना ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लाइव रैंकिंग में सात स्थान की छलांग लगाई और टॉप 20 में वापसी करते हुए अब वह 19वें स्थान पर पहुंचे। रेस टू ट्यूरिन में भी उन्होंने सात पायदान की छलांग लगाकर 11वां स्थान हासिल किया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने फाइनल सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस करते हुए तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए। ऐसा तब हुआ, जब स्पेनिश खिलाड़ी ने खिताब के लिए सर्विस 30/0 से ब्रेक की थी। 'एटीपी' के मुताबिक, डी मिनौर हार से सिर्फ 16 मिलीमीटर दूर थे, जब उनके प्रतिद्वंद्वी के तीसरे मैच प्वाइंट पर मारा गया एक डेस्परेट लॉब साइडलाइन को छू गया। यहीं से पूरे मैच का रुख बदल गया। खिताबी जीत के बाद डी मिनौर ने कहा, "इस कोर्ट की खासियत है। मैंने 2018 में रुबलेव के खिलाफ भी ऐसा ही किया था। सच कहूं तो पता था कि मैं यह कर सकता हूं। मैंने खुद पर भरोसा किया। मैंने खुद से कहा कि चाहे जो हो, पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहूंगा। अगर हार भी गया, तो अपनी शर्तों पर हारूंगा। आज किस्मत मेरे साथ थी। इससे पहले कई ऐसे करीबी मुकाबले हुए, जो मेरे पक्ष में नहीं रहे, लेकिन खुशी है कि यह मैच मेरे पक्ष में रहा। डी मिनौर ने हालिया सफलता का श्रेय अपनी मानसिकता को देते हुए कहा, "मैं इस समय जहां हूं, उससे बहुत खुश हूं।



## हर शतक मायने रखता है, लेकिन यह शतक बहुत खास : वाशिंगटन सुंदर

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने मैनचेस्टर में पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद अपनी भावनाएं साझा कीं। भारतीय खिलाड़ी का कहना है कि यूं तो हर शतक मायने रखता है, लेकिन यह शतक बेहद खास है।

सुंदर ने कोच गौतम गंभीर के उस संदेश का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने मैच ड्रॉ कराने के लिए पूरे दिन संघर्ष करने की बात कही थी। वाशिंगटन सुंदर मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे और नाबाद 101 रन बनाए।



## गंभीर कर रहे 'इंजरी रिप्लेसमेंट' की वकालत, स्टोक्स ने बताया 'हास्यास्पद'

मैनचेस्टर (आईएएनएस)



भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने टेस्ट क्रिकेट में चोटिल खिलाड़ियों के रिप्लेसमेंट की वकालत की है। उनका कहना है कि अगर मैच के दौरान किसी खिलाड़ी को गंभीर चोट लगती है, तो टीम को एक 'सब्स्टीट्यूट प्लेयर' शामिल करने की इजाजत मिलनी चाहिए। हालांकि, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस विचार को खारिज करते हुए इसे 'हास्यास्पद' करार दिया। चौथे टेस्ट के पहले दिन मैनचेस्टर में खेले गए ड्रॉ मुकाबले में भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोट लगने के बाद 'रिटायर्ड हर्ट' होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने हिम्मत दिखाते हुए अगली सुबह चोटिल पैर के साथ दोबारा बल्लेबाजी की। पंत ने इस पारी में अर्धशतक पूरा किया। पंत की गैरमौजूदगी में भारत ने विकेटकीपिंग के लिए ध्रुव जुरेल को सब्स्टीट्यूट के रूप में इस्तेमाल किया, लेकिन नियमों के मुताबिक वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे। गंभीर ने ऋषभ पंत की बहादुरी की तारीफ करते हुए इस तरह की परिस्थितियों में टीम को रिप्लेसमेंट खिलाड़ी लाने की अनुमति देने वाले नियम का पुरजोर समर्थन किया। गंभीर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "पंत के लिए जितनी तारीफ की जाए, वह कम है।

## मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ कराना बड़ी उपलब्धि : ज्वाला सिंह

लंदन । भारत ने मैनचेस्टर में खेले गए एंडरसन-तेंदुलकर सीरीज के चौथे टेस्ट को ड्रॉ करा दिया है। यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह ने इसे टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया है। ज्वाला सिंह ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ समाप्त हुआ है। उतार-चढ़ाव भरे इस मैच में एक समय भारत पर हार का डर था। अगर हम यह मैच गंवा देते तो पांचवें टेस्ट में हासिल करने के लिए हमारे पास कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारत ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की। चौथे दिन केएल राहुल और शुभमन गिल तो पांचवें दिन रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर ने यादगार बल्लेबाजी की।

## पीटी उषा ने स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के चैंपियन्स की सराहना की

- भारतीय युवा खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए
- अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स मंच पर देश को गौरवान्वित किया।

नई दिल्ली (आईएएनएस)

भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने मई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के विजेताओं से भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) मुख्यालय में मुलाकात की। उन्होंने तीसरे एशियाई युवा खेलों, बहरीन की तैयारियों के दौरान चैंपियनों को सम्मानित किया, उनकी उपलब्धियों की सराहना की और देश के डिजिटल खेल भविष्य को आकार देने में उनकी भूमिका को मान्यता दी। पीटी उषा ने स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के पदक विजेताओं—दानियाल पटेल (स्वर्ण, ई-फुटबॉल), तेजसकुमार हसमुखभाई भोई (स्वर्ण, विश्व क्रिकेट चैम्पियनशिप 3), और पवन काम्पेली (कांस्य, ई-फुटबॉल, एशियाई ई-स्पोर्ट्स गेम्स, बैंकॉक) को सम्मानित किया। इन युवा चैंपियनों ने अपनी असाधारण प्रतिभा से वैश्विक स्पोर्ट्स मंच पर भारत का मान बढ़ाया, जो देश के डिजिटल खेल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।




इस कार्यक्रम में बोलते हुए, पीटी उषा ने कहा, "भारत का स्पोर्ट्स भविष्य सक्षम हाथों में है, और वेव्स स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के चैंपियनों के साथ आज की बातचीत वास्तव में प्रेरणादायक रही है। इन एथलीटों द्वारा दिखाया गया अनुशासन और उत्कृष्टता किसी भी पारंपरिक खिलाड़ी की तरह है। मैं स्पोर्ट्स को मान्यता देने और भारत के डिजिटल कौशल को प्रदर्शित करने के लिए वेव्स जैसे प्लेटफॉर्म बनाने के उनके दूरदर्शी कदमों के लिए प्रधानमंत्री मोदी का तहे दिल से धन्यवाद करती हूं। भारतीय ओलंपिक संघ हमारे स्पोर्ट्स एथलीटों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि वे भारतीय खेलों में नए अध्याय लिख रहे हैं। फुटबॉल में स्वर्ण पदक विजेता, डेनियल पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "पीटी उषा से मिलना अद्भुत था। उनके प्रोत्साहन ने मुझे अपने काम पर गर्व की एक नई अनुभूति दी। स्पोर्ट्स तेजी से बढ़ रहा है, और मेरा मानना है कि हम भारत की वैश्विक क्षमता की केवल शुरुआत ही कर रहे हैं। विश्व क्रिकेट चैंपियनशिप 3 में स्वर्ण पदक जीतने वाले तेजसकुमार भोई ने कहा, "भारत का प्रतिनिधित्व करना और पीटी उषा जैसी दिग्गज खिलाड़ी से पहचान पाना सम्मान की बात है।

वेव्स जैसे संस्थानों और मंचों का समर्थन बेहद महत्वपूर्ण है। निरंतर मार्गदर्शन से, भारत ई-स्पोर्ट्स में एक वैश्विक महाशक्ति बन सकता है। एशियन स्पोर्ट्स गेम्स में ई-फुटबॉल में कांस्य पदक विजेता, पवन काम्पेली ने कहा, "आज का दिन सिर्फ पदकों का नहीं, बल्कि मान्यता का भी था। पीटी उषा के शब्दों और उनकी उपस्थिति ने इस बात की पुष्टि की कि भारत में स्पोर्ट्स एथलीटों को देखा, सुना और सम्मानित किया जा रहा है।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## सेंसेक्स 572 अंक गिरकर बंद रियल्टी इंडेक्स 4% से अधिक फिसला

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को चौतरफा गिरावट हुई। बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 572.07 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,891.02 और निफ्टी 156.10 अंक या 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,680.90 पर था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 490.10 अंक या 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,519.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 229.70 अंक या 1.26 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,064.75 पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र में रियल्टी शेयरों में बड़ी गिरावट देखी गई, जिसके कारण निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 4.07 गिरकर बंद हुआ। पीएसयू बैंक, मीडिया, मेटल, प्राइवेट बैंक और पीएसई सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। केवल फार्मा, एफएमसीजी और हेल्थकेयर ही हरे निशान में बंद हुए।

## पीएम उज्ज्वला योजना से 10.33 करोड़ महिलाओं का जीवन हुआ आसान, स्वच्छ ईंधन को मिला बढ़ावा : हरदीप पुरी

नई दिल्ली (आईएएनएस)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में भारत के एनर्जी मिक्स में तेजी से बदलाव हो रहा है और स्वच्छ ईंधन जैसे एलपीजी को तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे महिलाओं के जीवन स्तर में भी सुधार हो रहा है और उनके सशक्तिकरण में भी मदद मिली है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत एलपीजी कनेक्शन के माध्यम से 10.33 करोड़ महिलाओं को सम्मान और सुगमता प्रदान की गई है, यह भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने आगे कहा कि मौजूदा समय में देश में 1.51 करोड़ पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शन हैं।

### महिलाओं को मिला सामाजिक-सामरिक सशक्तिकरण



- रसोई में धुएं से राहत मिलने से महिलाओं का स्वास्थ्य सुधरा।
- समय की बचत से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी कर पा रही हैं।

सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क देश की 96 प्रतिशत जमीन और 99 प्रतिशत जनसंख्या को कवर करता है। इससे देश में एनर्जी की पहुंच आसान हुई है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, महिलाएं एनर्जी इंडस्ट्री में नेतृत्वकारी पदों पर कार्य और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। वहीं, बायोगैस प्लांट्स, रिटेल फ्यूल स्टोर्स और एलपीजी वितरण में भी योगदान दे रही हैं। सरकार ने ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के चल रहे प्रयास के तहत वित्त वर्ष 2024-2025 में 42,800 टन कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) खरीदी गई। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, "आज, भारतीय महिला केवल लाभार्थी नहीं है। वह देश के ऊर्जा भविष्य को आकार देने में अग्रणी है। लाखों लोगों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के अलावा, ऊर्जा तक पहुंच के लिए केंद्र सरकार की पहल ने खासकर महिलाओं के लिए सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। इससे पहले, केंद्रीय ने कहा था कि भारत तेल आत्मनिर्भरता की दिशा में स्थिर और आत्मविश्वास से भरे कदम उठा रहा है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश कदम दर कदम अपने ऊर्जा भविष्य को सुरक्षित कर रहा है। पुरी के अनुसार, 99 प्रतिशत "नो-गो" क्षेत्रों से रोक को हटा दिया गया है और 10 लाख वर्ग किलोमीटर का अपतटीय क्षेत्र अब तेल क्षेत्र अन्वेषण के लिए खुला है। घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों ऊर्जा कंपनियों ने पहले ही ओपन एकरेज लाइसेंसिंग प्रोग्राम (ओएएलपी) के तहत उपलब्ध तेल और गैस ब्लॉकों में रुचि व्यक्त की है, और दसवें राउंड की बोली में निवेश और भागीदारी के लिए नए मानक स्थापित होने की उम्मीद है।

## कोल इंडिया लिमिटेड 2026-27 में एक अरब टन कोयले का कर सकता है उत्पादन : केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली (आईएएनएस)



भारत का कुल कोयला उत्पादन वित्त वर्ष 2024-25 में एक अरब टन के आंकड़े को पार कर चुका है और वित्त वर्ष 2026-27 में देश की सबसे बड़ी कोयला कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के लिए उत्पादन लक्ष्य एक अरब टन रखा गया है। यह जानकारी सरकार की ओर से सोमवार को संसद में दी गई। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि कोल इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 में 78.10 करोड़ टन उत्पादन किया और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए एक अरब टन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि देश में कोयले की अधिकांश आवश्यकता स्वदेशी कोयला उत्पादन से पूरी होती है। कोयले के आयात में मुख्य रूप से कोकिंग कोल और उच्च श्रेणी के नॉन-कोकिंग कोल जैसे आवश्यक आयात शामिल हैं, क्योंकि इनका घरेलू उत्पादन कम भंडार या अनुपलब्धता के कारण सीमित है। स्वदेशी स्त्रोतों के माध्यम से कोयले की भविष्य की मांग को पूरा करने और कोयले के अनावश्यक आयात को कम करने के लिए, अगले कुछ वर्षों में घरेलू कोयला उत्पादन में सालाना 6-7 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो 2029-30 तक लगभग 1.5 बिलियन टन तक पहुंच जाएगा। वर्ष 2024-25 में देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन 104.76 करोड़ टन रहा, जबकि वर्ष 2023-2024 में यह 99.78 करोड़ टन था।

## अदाणी ग्रीन की एनर्जी बिक्री पहली तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़ी, ऑपरेशनल क्षमता 15.8 गीगावाट पहुंची

अहमदाबाद (आईएएनएस)

अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) की एनर्जी बिक्री सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून तिमाही) में 10,479 मिलियन यूनिट्स हो गई है। साथ ही, इस दौरान कंपनी की ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षमता 45 प्रतिशत बढ़कर 15.8 गीगावाट हो गई है। यह जानकारी कंपनी की ओर से सोमवार को दी गई। अदाणी ग्रुप की कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में आय सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,312 करोड़ रुपए हो गई है, जबकि ईबीआईटीडीए सालाना आधार पर 31 प्रतिशत बढ़कर 3,108 करोड़ रुपए हो गया है। एजीईएल ने बताया कि वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी का कैश प्रॉफिट सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 1,744 करोड़ रुपए हो गया था।



## भारतीय कंपनियों की आय पहली तिमाही में 4-6 प्रतिशत बढ़ी, फार्मा सेक्टर शीर्ष पर रहा

मुंबई (आईएएनएस)

भारतीय कॉरपोरेट कंपनियों की आय अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 4-6 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल की रिपोर्ट में बताया गया कि फार्मास्यूटिकल्स, कम्युनिकेशन सर्विसेज, संगठित खुदरा, एल्युमीनियम और एयरलाइंस जैसे पांच सेक्टर्स ने कॉरपोरेट इंडिया की आय को बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान किया है। फार्मास्यूटिकल्स की आय वृद्धि दर जून तिमाही में सालाना आधार पर 9-11 प्रतिशत रही है, जो कि बीती 10 तिमाही में सबसे अधिक है। इसकी वजह निर्यात और घरेलू बाजार में मांग का बढ़ना है। वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में ईबीआईटीडीए में सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सावन की तीसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**हुसैनाबाद।** सावन की तीसरी सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की।शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की लिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर जी मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। साथ ही श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। महावीर मंदिर के उपर बने शिव मंदिर में श्रद्धालुओं को पूजा के दौरान पुजारी गोपाल पाठक ने बताया कि सावन मास पवित्र माह होता है।

### उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई संपन्न

# 62 लाख जुर्माना की राशि की हुई वसूली

- अवैध खनन पर जीरो टॉलरेंस, एफआईआर और छापेमारी का दिया गया निर्देश




लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि दिनांक 27.जून 2025 से अब तक खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण में 33 वाहनों को जब्त कर 05 प्राथमिकी दर्ज गई है तथा 62,53,368.00 रुपए जुर्माना राशि की वसूली की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारियों द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध खनिजवार की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए सभी अंचल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराये गये निरीक्षण/जाँच प्रतिवेदन में प्राथमिकी एवं जप्त खनिज / वाहनों की संख्या शून्य होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई।

उपायुक्त ने सभी अंचलों को संबंधित थाना प्रभारी से समन्वय स्थापित कर औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया एवं अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।

बैठक में कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण को लेकर टास्क फोर्स के द्वारा की गई कार्रवाई की पूर्ण जानकारी ली गई।

पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को उनके क्षेत्र में एक भी वाहन से अवैध खनन नहीं होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके लिए उन्होंने दोषियों को पकड़ते हुए तुरंत उन पर एफआईआर दर्ज करने एवं संबंधित पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

इस बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी पदाधिकारी श्रेयांश, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### गांजा की अवैध खेती को चिह्नित कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने वर्तमान में अवैध अफीम की खेती की विनष्टीकरण की जानकारी लेते हुए संबंधित अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।द उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मादक पदार्थ की बिक्री, सेवन, तस्करी,व उपयोग पर सजगता के साथ लोगो के ऐसे कार्यों में संलिप्तता पर नजर रखने और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा कहा गया कि इसी सीजन में कल्टिवेशन कार्य शुरू किया जाता है, जिसके लिए वन विभाग एवं कृषि विभाग को आपसी समन्वय से एक ठोस और क्षेत्र विशेष पर आधारित कार्ययोजना तैयार करनी होगी।

### पलामू जिला में गतका प्रशिक्षण कैंप का सफल आयोजन

## गतका केवल खेल नहीं एक संस्कार है : सुमित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला में गतका प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बड़े ही उत्साह और परंपरागत जोश के साथ गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में किया गया।इस ऐतिहासिक आयोजन में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों और खेल प्रेमियों ने भाग लिया और पारंपरिक मार्शल आर्ट गतका की बारीकियों को सीखा। कैंप में भाग लेने वाले प्रमुख स्कूलों में संत मरियम स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, ओरिएंट पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली इंटरनेशनल स्कूल, गुरू गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल, हाई स्कूल मूंदरिया लेस्लीगंज, जिला स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, जे. एस कॉलेज, कस्तूरबा स्कूल शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सोनू नामधारी व उपाध्यक्ष गुरबीर सिंह जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बबलू चावला, मन्नत बग्गा और प्रदीप मेहता उपस्थित थे।प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व गतका एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अनुभवी प्रशिक्षक अमित सिंह और उनकी टीम ने किया। इसके अतिरिक्त बरवाडीह से मदन लाल और गढ़वा से मनोज सेंसेई ने भी विशेष प्रशिक्षक के रूप में अपनी अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर जिला सचिव सुमित बर्मन ने कहा कि गतका केवल खेल नहीं, एक संस्कार है, जो बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मरक्षा की शिक्षा देता है। हमें इसे हर स्कूल, हर गांव तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में पलामू गतका संघ के कोषाध्यक्ष अमरेश कुमार, जिला अध्यक्ष सुमित वर्मा मौजूद रहे।

## भजनियां स्कूल में जलसहिया ने छात्राओं को दिया चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो का संदेश

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के भजनियां स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जलसहिया शकुंतला देवी ने छात्राओं के बीच चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो का संदेश दिए। उन्होंने इसके तहत छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ के दृष्टिकोण से माहवारी स्वच्छता के लिए सेनेटरी पैड अथवा साफ कपड़े का सही तरीके से उपयोग ही उत्तम उपाय है। इस दौरान इस तरह से सफाई के प्रति सचेत नहीं रहने से संक्रमित बीमारियों से ग्रसित होने का खतरा बढ जाता है। जो जानलेवा भी हो जाती हैं। उन्होंने छात्राओं को बताया कि चुप्पी तोड़ो,स्वस्थ रहो अभियान की वजह से माहवारी स्वच्छता को लेकर सजगता बढने से महिला मृत्यु दर में भारी कमी आई है। उन्होंने छात्राओं को इसके प्रति खुद सजग रहने के साथ ही इस संदेश को घर-घर तक पहुंचाकर इस दिशा में जागरूकता बढाने की नसीहत दी।उन्होंने इस्तेमाल सेनेटरी पैड अथवा कपड़े के निपटान प्रबंधन सहित अन्य कई विंदुओं पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान प्रधानाध्यापक राकेश पांडेय, शिक्षक अरविन्द कुमार, अजय कुमार गोस्वामी और संतोष कुमार ने जलसहिया को अपेक्षित सहयोग प्रदान किए।

## 15 लोगों को अतिक्रमण हटाने को लेकर भेजा गया नोटिस,ग्रामीण पहुंचे समाहरणालय

नवीन मेल संवददाता



**लातेहार।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 15 (धर्मपुर)में रहने वाले ग्रामीण सोमवार को समाहरणालय पहुंचे. इन लोंगो ने बताया कि उन्हे अंचल कार्यालय से नोटिस मिला है. नोटिस में कहा गया है कि उनकी झोपड़ी सरकारी भूमि में बनी हुई है। इसलिए इसे सरकारी भूमि में अतिक्रमण माना जा रहा है। नोटिस के जरिए यह कहा गया है कि आगामी चार अगस्त तक संबंधित वं व्यक्ति खुद ही अतिक्रमण हटा लें नहीं तो प्रशासन के द्वारा इसे हटाया जाएगा और अतिक्रमण हटाने में जो खर्च आएंगे, उसे वसूला भी जाएगा. अंचल कार्यालय से श्याम सुंदर भुईयां ,बृजेश भुईयां, महेंद्र भुईयां,बबन भुईयां ,तपेश्वर भुईयां ,नरेश पासवान ,रामचंद्र पासवान बिग़नी देवी ,प्रदीप मांझी ,राम भजन यादव और जवाहरलाल ( सभी ग्राम तापाखास, धर्मपुर) को नोटिस भेजा गया है। इधर इस नोटिस पर कांग्रेस नेता साजन कुमार और झामुमो नेता श्री राम सिंह ने चिंता व्यक्त करते हुए अंचल अधिकारी से मांग किया है कि इस पर पुनः विचार करें. नोटिस में अभी लिखा गया है कि खाता 64 प्लॉट 333

## सीआरपीएफ ने धूमधाम से मनाया 87वां स्थापना दिवस




**लातेहार।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 11वीं वाहिनी द्वारा अपने ब्लॉक परिसर, लातेहार में 87वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कमाण्डेंट याद राम बुनकर ने समारोह की शुरुआत की और जवानों एवं उनके परिवारजनों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।कमाण्डेंट श्री बुनकर ने अपने संबोधन में कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बल की गौरवशाली परंपराओं और उपलब्धियों को याद करते हुए कहा कि देश को जब-जब जरूरत पड़ी, सीआरपीएफ ने हर चुनौती का बहादुरी से सामना किया है। उन्होंने जवानों से अपील की कि वे इसी जज्बे और समर्पण के साथ भविष्य में भी अपनी सेवाएं दें.समारोह के दौरान शहीद स्मारक पर माला अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद कमाण्डेंट के नेतृत्व में साइकिल रैली निकाली गई, जिसमें जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्यालय स्थित क्वार्टर गार्ड में गार्द ऑफ ऑनर (सलामी) दी गई ।कार्यक्रम में खेल-कूद प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें जवानों की प्रतिभा और उत्साह देखने लायक था।इस मौके पर डॉ. अमूल्या कूजुर (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, एसजी), देवेन्द्र वीर विक्रम प्रताप सिंह सहित कैंप के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने इस्तहार चस्पा किया

**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रजवार के दो फरार अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके घर पर विधिवत इश्तिहार चिपकाया है. जमुना भूईया, पिता मैरो भूईया और सकेश्वर भूईया पिता अग्नू भूईया दोनों ग्राम रजवार, थाना बालूमाथ के निवासी हैं. जिनके विरुद्ध माननीय न्यायालय बक्सर, बिहार द्वारा इश्तिहार जारी किया गया था. न्यायालय के आदेश के आलोक में थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर एएसआई संजय चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में अभियुक्तों के घर जाकर इश्तिहार चस्पा किया. दोनों अभियुक्त वर्षों से फरार चल रहे हैं. इस संबंध में संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि दोनों अभियुक्त एक माह के भीतर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. इस कार्रवाई के दौरान सशस्त्र बल के जवान मौके पर तैनात थे।

## 90 प्रतिशत अनुदान पर तीन किसानों को मिले पंप सेट




नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में भूमि संरक्षण एवं मनरेगा कम्युनिकेशन योजना अंतर्गत सोमवार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने प्रखंड के सुदूरवर्ती लाधुप पंचायत अंतर्गत दूधीमाटी गांव के दो किसान सुनील भगत एवं शिव नारायण महतो एवं बरवाटोली के किसान राजेंद्र उरांव को सिंचाई में सुविधा हेतु 90 प्रतिशत अनुदान या अधिकतम 20 हजार सब्सिडी पर एक एचपी का विद्युत संचालित मोटर व 200 फिट ह्यूम पाइप एवं अन्य सामग्री प्रदान किया। इस मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए बीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा किसानों के हितार्थ कई योजनाएं चलाई जा रही है। किसानों को सब्सिडी दर पर फसल बीज, कृषि ऋण,पीएम किसान योजना,फसल बीमा जैसी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है जो किसानों को कृषि कार्य करने में सहूलियत प्रदान करने के साथ आर्थिक बोझ को कम करने में सहायक साबित हो रही है। बीडीओ ने किसानों से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडेय,जन सेवक लव पासवान,पंसस मनोहर भगत समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

## हेमंत सोरेन की सरकार में प्रतिभावान छात्रों को मिल रहा है पंख : मनोज चौधरी

**चंदवा।** जेएमएम ज़िलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार सोमवार को चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र से जेपीएससी परिणामों में चयनित अंजू माला लकड़ा और धर्मेश भगत को अंग्वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने तमाम व्यवधानों के बावजूद जेपीएससी की परीक्षा पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में जेपीएससी का सीट बिकने के आरोप लगते थे लेकिन वर्तमान की सरकार में आई जेपीएससी के रिजल्ट ने यह साबित कर दिया है कि हेमंत सोरेन छात्रों के भविष्य को लेकर कितने चिंतित है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रतिभावान छात्रो को पंख मिल रहा है। वहीं युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव ने कहा कि आदिवासी समाज से चयनित होनहार अब झारखंड के विकास की नई गाथा लिखेंगे।

## रोड पर शुरू किया गया अतिक्रमण हटाने का काम

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो के निर्देश पर बिशुनपुर रोड में अतिक्रमण हटाने का कार्य सोमवार से शुरू किया गया. जेसीबी मशीन लगा कर अतिक्रमण को हटाने का कार्य शुरू किया गया. बता दें कि जिला मुख्यालय से बिशुनपुर मोड़ से केडू ग्राम तक बनने वाली सड़क में कई लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है. इस सड़क का पीसीसीकरण कराया जा रहा है, लेकिन अतिक्रमण के कारण कई जगहो पर सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है.बिशुनपुर के ग्रामीणों ने गत दिनो चतरा सांसद कालीचरण सिंह व विधायक प्रकाश राम को इस समस्या से अवगत कराया था. लोगों ने कहा कि सड़क पूरी नहीं होने के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस बारिश में लोग कीचड़ और दलदल के बीच सड़क से आवागमन कर रहे हैं. कई बार दुर्घटनायें हो चुकी है.इस पर सांसद ने अंचलाधिकारी, लातेहार को अतिक्रमण की जांच कर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया था, ताकि सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा सके.सांसद के निर्देश के बाद अंचलाधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने गत दिनों बिशुनपुर रोड की जांच के लिए पहुंचे थे. अंचलाधिकारी ने 24 घंटे के अंदर अतिक्रमण हटाने का निर्देश संबंधित ग्रामीणों को दिया था. अंचलाधिकारी ने बताया कि गांव के आठ लोगों के द्वारा सड़क के किनारे सरकारी जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है. उन्हें 17 जुलाई तक अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था. उन्होने बताया कि इससे पहले भी उन्हें नोटिस दिया गया था। लेकिन तय सीमा के अंदर अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो यह कारवाई की गई।

## कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए हुआ रवाना

**हुसैनाबाद (पलामू)।** सोमवार को हुसैनाबाद से कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। कांवरियों ने हुसैनाबाद के महावीर जी मंदिर व बाबा विश्वनाथ भास्कर, आशुतोष धाम में पूजा अर्चना की। उसके बाद कांवरियों ने जपला रेलवे स्टेशन से ट्रेन से सुल्तानगंज के लिए रवाना हो गए। इस दौरान कांवरियों ने बोलबम बोलबम, हर हर महादेव के जयघोष से पूरा शहर शिवमय हो गया। सुल्तानगंज से गंगा में स्नान ध्यान कर संकल्प के साथ कांवरियों का जत्था पैदल यात्रा कर बाबा बैजनाथ को जल अर्पण करेंगे। बाबा बैजनाथ की पूजा अर्चना ब अभिषेक कर कांवरियों का जत्था बासुकीनाथ, तारापीठ ,राजगीर व तुतला भवानी आदि तीर्थ स्थलों का भ्रमण करेंगे। पूजा अर्चना कर हुसैनाबाद लौटेंगे। इस मौके पर मोनू चंद्रवंशी, विवेक चंद्रवंशी (राजा), आनंद चौधरी, सुजल कुमार आदि का नाम शामिल है।

## डीएसओ रश्मि लकड़ा ने किया चंदवा प्रखंड की विभिन्न पीडीएस दुकानों का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा ने सोमवार को प्रखंड के सेरक, बारी,बनहरदी,सासंग,चंदवा पूर्वी एवं चंदवा पश्चिमी पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कई पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। उंन्होने इस दौरान लाभुकों के बीच राशन वितरण का जायजा लिया। दुकान में रखे खाद्यान्न के रखरखाव,स्टॉक व वितरण पंजी के अलावे सभी मद के खाद्यान वितरण से सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। एनएफएसए व ग्रीन कार्ड धारकों को शतप्रतिशत राशन वितरण नही करने वाले दुकानदारो को कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिनों में शतप्रतिशत राशन वितरण करने का निर्देश दिया। कहा कि सभी लाभुकों को ससमय व निर्धारित मात्रा में राशन वितरण करे। उंन्होने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि दो दिनों में सभी मद का राशन वितरण शतप्रतिशत नही करने वाले दुकानदारो की अनुज्ञप्ति रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर मौजूद एमओ चंदन कुमार को उन्होंने कई आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ लाभुकों तक पहुंचाने की बात कही। मौके पर प्रखंड ऑपरेटर सहायक संजय यादव,ऑपरेटर आशीष कुमार पीडीएस दुकानदार समेत कई लाभुक मौजूद थे।

## एक सप्ताह से अंधेरे में रहने को विवश हैं टूढ़ामु के उपभोक्ता



**चंदवा।** अलौदिया पंचायत के टूढामू गांव में लगे 100 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले एक सप्ताह से खराब पड़ा हुआ है। जिससे एक बड़ी आबादी अंधेरे में रहने को विवश है। उपभोक्ता इस उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। बारिश के इस मौसम में सांप बिच्छू का भी खतरा बना रहता है। इस संबंध में उपप्रमुख अश्विनी मिश्रा ने बताया कि उन्होंने इस विषय पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट करवाया है कि इस मोहल्ले के पोल,तार,ब्रैकेट यहाँ तक कि अर्थिंग भी जर्जर हो चुका है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी जर्जर व्यवस्था के कारण विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से एक महिला और कई मवेशियों की मृत्यु हो चुकी है। ग्रामीणों के द्वारा उक्त ट्रांसफार्मर का दो बार मरम्मत भी करवाया गया लेकिन नतीजा सिफर रहा। ग्रामीणों की समस्या पर झामुमो जिलाध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने कहा कि उनके संज्ञान में यह विषय लाया गया है। वह विभागीय अधिकारियों से संपर्क में हैं। श्री शाहदेव ने जल्द ही इस समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है।

## पेज एक के शेष

### 744 संस्थानों को...

सीएचसी ओरमांझी को इको-फ्रेंडली सीएचसी श्रेणी में सम्मानित किया गया। सदर अस्पताल सिमडेगा को एनक्वास एवं लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ।

### 272 संस्थानों को...

मेडिकल कॉरपोरेशन के एमडी अबु इमरान, डॉ। सिद्धार्थ सान्याल समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, विजेता प्रतिभागी और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

### 14 अगस्त तक...

माह के भीतर पूरा करे और अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में दाखिल करे। कोर्ट ने चेतावनी दी थी कि आदेश का पालन नहीं होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायणन और अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया कि कक्षा 6 से 8 तक गणित एवं विज्ञान विषय में 5008 पदों के विरुद्ध मात्र 1661 उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी हुआ है, जबकि दस्तावेज़ सत्यापन के लिए 2734 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। इनमें से कई अभ्यर्थियों ने पासिंग मार्क्स से अधिक अंक प्राप्त किए थे, फिर भी उन्हें दस्तावेज़ सत्यापन में शामिल नहीं किया गया। इतना ही नहीं, कक्षा 6 से 8 के सोशल साइंस विषय का रिजल्ट अब तक जारी नहीं किया गया है, जबकि कक्षा 1 से 5 तक के सहायक आचार्य पदों का परिणाम भी लंबित है। झारखंड में जेएसएससी ने सहायक आचार्यों के 26,001 पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया वर्ष 2023 में शुरू की थी। इसकी परीक्षाएं वर्ष 2023 और 2024 में अलग-अलग चरणों में आयोजित की गई थीं। इस संबंध में झारखंड हाईकोर्ट में एक पीआईएल दाखिल की गई थी, जिसमें पिछले महीने हुई सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर से बताया गया था कि सितंबर, 2025 तक रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

### संजय सेठ को...

उस मामले की जांच में पुलिस ने रांची के कांके निवासी मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार किया था, जिसने यह साजिश अपनी बेटी के प्रेमी को फंसाने के लिए रची थी। रांची पुलिस का कहना है कि आरोपी नित्यानंद पाल से पूछताछ के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि उसने रक्षा राज्य मंत्री को धमकी क्यों दी और उसके पीछे क्या मंशा थी।

### जम्मू-कश्मीर सुरक्षाबलों...

सेना के अधिकारियों के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर लिडवास इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई, जो कई घंटों तक चली। मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराने में सुरक्षाबलों को सफलता मिली। इलाके में फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है। 'ऑपरेशन महादेव' को हाल के समय में घाटी में आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी रणनीतिक सफलता माना जा रहा है। यह ऑपरेशन इस बात का संकेत है कि सेना और अन्य सुरक्षाबल आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए पूरी मुस्तैदी और सटीक रणनीति के साथ जुटे हुए हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम के बैसरन मैदान में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकवादी हमले, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, के बाद से आतंकवाद-रोधी अभियान आतंकवादियों के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग कर रहे हैं। पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले ने पूरे देश को आक्रोशित कर दिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए सशस्त्र बलों को खुली छूट दे दी। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के भीतर आतंकी ढांचे पर लक्षित हमले किए और नौ आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया।

### भारत ने किसी...

इस जवाबी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने हार मानते हुए भारत के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (डीजीएमओ) से संपर्क कर कार्रवाई रोकने की अपील की। राजनाथ सिंह ने कहा, "पाकिस्तान के डीजीएमओ ने हमारे डीजीएमओ से संपर्क किया और कहा, 'अब रोकिए।' इसके बाद दोनों पक्षों के बीच संवाद हुआ और हमने यह तय किया कि ऑपरेशन को रोक दिया जाएगा, लेकिन यह ऑपरेशन समाप्त नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान की ओर से दोबारा कोई हरकत हुई, तो ऑपरेशन फिर से शुरू किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की यह पराजय केवल सैन्य रूप से नहीं, बल्कि उसके मनोबल की भी हार थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे जवानों के अद्वितीय शौर्य को 140 करोड़ देशवासियों ने देखा और गर्व महसूस किया। रक्षा मंत्री ने कहा, ''मैंने खुद अपनी आंखों से देखा कि हमारे सैनिकों का मनोबल बुलंदी पर था। वे न केवल भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि हमारे स्वाभिमान की भी रक्षा कर रहे हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर दर्द...

क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो अर्थात साहसी, वीर, शक्तिशाली को ही शत्रु को माफ करना शोभा देता है। जो शक्तिहीन हो, उनकी क्षमा का महत्व क्या। उपर्युक्त पंक्तियों की सार्थकता इसमें भी नजर आई कि तत्काल युद्ध रोक भी दिया गया। ऑपरेशन सिंदूर ने देश के टीसते घाव पर मरहम का कार्य किया। आम व्यक्ति का हताहत नहीं होने देना, सिर्फ टार्गेट पर ही निगाहें रखना, उनके तमाम युद्ध हथियारों को धूल चटाना, उनके हवाई हमलों को विफल करना, दुनियाभर में आतंकवाद के खिलाफ अपनी ताकत दिखाना आदि बड़े लक्ष्य सामने थे। इसमें हमारी संगठित सेना सफल रही। सबसे बड़ी बात, स्वनिर्मित, स्वावलंबन की जीवंत मिसाल कायम करते हमारे हथियारों की शक्ति से दुनिया वाकिफ हुई। साथ ही तीनों सेना के बीच के आपसी सामंजस्य और क्षमता को पूरी दुनिया के बीच सराहना मिली। ये सब ऑपरेशन सिंदूर की बड़ी उपलब्धियाँ रहीं। युद्ध विराम किया अर्थात क्षमा किया हमने, सही किया।

### क्षमा शोभती उस भुजंग को...

आवश्यक था युद्ध विराम। यूँ भी युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं। आज पूरी पृथ्वी युद्ध की विभीषिका के परिणामों से आशंकित है। अनेक देशों में बम मिसाइलें, तोपें गरज रही हैं। ऐसे में भारत जैसा अहिंसक देश कैसे संसार को एक और युद्ध का बोझ दे सकता था। भारतीय सैनिकों के चतुर्दिक प्रयास, एकजुटता, शक्ति और जीत दिखलानी थी। संदेश देना था, दिया गया। देश की नारियों के मर्म पे मरहम का लेप करना था। हिंसक देश को औकात दिखानी थी। यह सब हमारे वीर योद्धाओं ने कर दिखाया था। हमारे महावीर रक्षकों को शत-शत नमन!

# कंबोडिया ने थाईलैंड के साथ युद्धविराम की घोषणा की

## अमेरिका और चीन ने मध्यस्थता की, जंग में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

**बैंकॉक/नोम पेन्ह । एजेंसी**

कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने थाईलैंड के साथ चल रहे सीमा विवाद में युद्धविराम की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए तत्काल लड़ाई रोकने की उम्मीद है। चीन और अमेरिका ने इस सीजफायर में मध्यस्थता की है। दोनों देशों के बीच मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर आज शांति वार्ता हुई। इस बैठक में थाईलैंड की तरफ से कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई और कंबोडिया की तरफ से प्रधानमंत्री हुन मानेट ने हिस्सा लिया। इस बैठक की अध्यक्षता मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने की। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के चलते बीते दिनों में भारी गोलीबारी हुई है। इसमें 33 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में ज्यादातर आम नागरिक शामिल हैं। मलेशिया इस समय दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान की अध्यक्षता कर रहा है। उसने दोनों देशों को बातचीत की मेज पर बुलाया है।

**ट्रंप बोले थे- संघर्ष रुकवाना आसान काम :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा था कि थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष को सुलझाना उनके लिए आसान काम है, क्योंकि उन्होंने पहले भारत और पाकिस्तान के बीच का विवाद भी सुलझाया है। ट्रंप ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से मुलाकात के दौरान कहा था कि उन्होंने थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं को चेतावनी दी है कि अगर युद्ध नहीं रुका, तो अमेरिका व्यापारिक समझौता नहीं करेगा। इससे पहले ट्रंप ने शनिवार को भी दावा किया था कि थाईलैंड और कंबोडिया के नेताओं ने तुरंत सीजफायर वार्ता पर सहमति दे दी है। ट्रंप ने कहा कि यह वॉर मुझे भारत-पाक संघर्ष की याद दिलाती है, जिसे हमने कामयाबी से रोका था।



### मलेशिया ने दिया युद्धविराम वार्ता का प्रस्ताव

- प्रधानमंत्री इब्राहिम ने 24 जुलाई के संघर्ष के बाद शांति वार्ता की पेशकश की।
- चीन और अमेरिका ने भी वार्ता में मदद की इच्छा जताई।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में झड़पें अब भी जारी

- शांति पहल के बावजूद थाईलैंड और कंबोडिया में सोमवार को फिर झड़पें हुईं।
- संघर्ष का पांचवां दिन, हालात तनावपूर्ण।

### 30 से अधिक लोगों की हो चुकी है मौत

- थाईलैंड में 13 और कंबोडिया में 8 नागरिकों की मौत की पुष्टि।
- झड़पों में मारे गए अन्य लोग संभवत: सुरक्षा बल या विद्रोही।

### 2 लाख से अधिक लोग हुए विस्थापित

- दोनों देशों के सीमावर्ती इलाकों से बड़े पैमाने पर पलायन।
- राहत और पुनर्वास कार्य जारी, हालात गंभीर।

### अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नजर में आया संघर्ष

- चीन और अमेरिका जैसे वैश्विक ताकतें मध्यस्थता को तैयार।
- संघर्ष का राजनीतिक समाधान तलाशने की कोशिश।



### डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को भी व्यापार समझौता रोकने की धमकी दी थी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार को स्कॉटलैंड यात्रा के दौरान सोशल मीडिया पर लिखा था कि तीन दिन से जारी सीमा विवाद के बीच उन्होंने दोनों देशों से सीधे बात की और साफ किया कि अगर संघर्ष जारी रहा तो अमेरिका कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को निर्देश

# पहचान के लिए आधार और वोटर कार्ड को भी शामिल करें

- ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक से इंकार
- मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने बिहार मतदाता सूची संशोधन पर हुई सुनवाई में निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि आधार कार्ड व वोटर कार्ड को पहचान के लिए शामिल करें। कोर्ट ने कहा कि जालसाजी का खतरा उन 11 डॉक्यूमेंट में से किसी के लिए भी बना हुआ है, जिन्हें उसने (चुनाव आयोग )अनुमति दी है। इससे पहले आयोग ने राशन कार्ड सहित तीन महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खारिज करने या नहीं मानने के लिए जालसाजी का हवाला दिया था।यह कि ये दस्तावेज जालसाज़ी से बन सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि आयोग ने राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों को इसलिए खारिज किया था क्योंकि उनमें जालसाजी का खतरा था लेकिन ये खतरा उन 11 दस्तावेजों में भी है, जिन्हें आयोग ने स्वीकार किया है। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनाव आयोग से कहा कि बिहार के मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड जैसे दस्तावेज जमा करने की अनुमति दी जाए। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, 'सरकारी दस्तावेजों के साथ सच्चाई जुड़ी होती है। आप इन दो दस्तावेजों के साथ आगे बढ़ें। आप इन दो दस्तावेजों (आधार व इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड) को शामिल करेंगे, जहां भी आपको जालसाजी मिलेगी, वो केस-टू-केस आधार पर होगा। पृथ्वी पर किसी भी दस्तावेज को जाली बनाया जा सकता है। यदि कोई गड़बड़ी होती है तो उसे बाद में देखा जाएगा।' जस्टिस कांत ने चुनाव आयोग से कहा कि 'सामूहिक बहिष्कार' के बजाय 'सामूहिक समावेशन' होना चाहिए। मतलब ज्यादा से ज्यादा लोगों को शामिल किया जाना चाहिए। हालांकि, कोर्ट ने 1 अगस्त को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशन पर रोक लगाने से मना कर दिया। अंतिम फैसला कोर्ट में लंबित याचिकाओं पर निर्भर करेगा जस्टिस कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने विस्तृत सुनवाई नहीं की क्योंकि जस्टिस कांत को चीफ जस्टिस के साथ एक मीटिंग में जाना था। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि मामले की जल्द सुनवाई होगी।



याचिकाकर्ताओं में से एक, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने वोटर लिस्ट पर रोक लगाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे लगभग 4.5 करोड़ लोगों को परेशानी होगी।एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने अपनी याचिका में कहा, 'याचिका में कहा गया है कि 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश को यदि रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने के अधिकार से वंचित किया जा सकता है, जिससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।'चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस मामले में दखल न देने का अनुरोध किया क्योंकि यह सिर्फ एक मसौदा सूची है। उन्होंने दलील दी कि राशन कार्डों से जुड़ी बड़ी समस्याएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ईपीआईसी भी निर्णायक नहीं हो सकता। हालांकि, अदालत ने उनके रुख पर सवाल उठाया।

जस्टिस बागची ने टिप्पणी की, 'आप कहते हैं कि एसआईआर अधिसूचना के अनुसार कोई भी दस्तावेज निर्णायक नहीं है। मान लीजिए कि कोई व्यक्ति आधार के साथ फॉर्म अपलोड करता है, तो आप उसे ड्राफ्ट में शामिल क्यों नहीं करेंगे।' जस्टिस कांत ने कहा, 'केवल इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड आदि ही क्यों, किसी भी दस्तावेज के साथ जालसाजी की जा सकती है। आइए हम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड के साथ आगे बढ़ें।' जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो कोर्ट पूरी प्रक्रिया को रद्द कर सकता है। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के पहले के आदेश का उल्लंघन कर रहा है। पहले के आदेश में आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड पर विचार करने का सुझाव दिया गया था।

चुनाव आयोग ने कहा कि उसने पहले ही कई फर्जी राशन कार्डों के बारे में बताया है। पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह कम से कम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड जैसे जरूरी दस्तावेजों पर विचार करे। चुनाव आयोग की तरफ से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी पेश हुए। उन्होंने दलील दी कि राशन कार्डों से जुड़ी बड़ी समस्याएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड भी निर्णायक नहीं हो सकता। हालांकि, अदालत ने उनके रुख पर सवाल उठाया। जस्टिस बागची ने टिप्पणी की, 'आप कहते हैं कि एसआईआर अधिसूचना के अनुसार कोई भी दस्तावेज निर्णायक नहीं है। मान लीजिए कि कोई व्यक्ति आधार के साथ फॉर्म अपलोड करता है, तो आप उसे ड्राफ्ट में शामिल क्यों नहीं करेंगे।' जस्टिस कांत ने कहा, 'केवल इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड आदि ही क्यों, किसी भी दस्तावेज के साथ जालसाजी की जा सकती है। आइए हम आधार और इलेक्टोरल फोटो आईडेंटिटी कार्ड कार्ड के साथ आगे बढ़ें।'सुप्रीम कोर्ट ने अब मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई के लिए तय की है।

### बांग्लादेश विमान हादसा: 27 बच्चों समेत 33 लोग अब भी अस्पताल में भर्ती, तीन की हालत नाजुक

**ढाका (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के मिलस्टोन स्कूल और कॉलेज पर पिछले सप्ताह हुए भीषण विमान हादसे में कई लोग घायल हुए थे। इनमें से अब भी 33 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें 27 बच्चे शामिल हैं। शेख हसीना नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी के कार्यवाहक निदेशक प्रोफेसर नासिर उद्दीन ने पुष्टि की कि घायलों में से तीन की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। उन्होंने मीडिया को बताया, "अच्छी खबर यह है कि जिन तीन मरीजों को मध्यम दर्जे की चोटें आई थीं, उनकी हालत अब स्थिर है और उन्हें घर भेजा जा सकता है। हालांकि, मौसम और परिजनों के अनुरोध पर उन्हें अगले ड्रेसिंग के बाद ही छुट्टी दी जाएगी।

### किम जोंग की बहन ने दक्षिण कोरिया के नये राष्ट्रपति की सुलह संबंधी पहल को ठुकराया

**नई दिल्ली ।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया की नयी सरकार के उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया है जिसमें उसने दोनों देशों के बीच शांति स्थापित करने के लिए बातचीत की पेशकश की थी। किम जोंग की बहन ने इस प्रस्ताव को सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उत्तर कोरिया को दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत करने में कोई रुचि नहीं है, चाहे उसका प्रतिद्वंद्वी कोई भी प्रस्ताव क्यों न पेश करे। किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग की इन टिप्पणियों से फिर से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर कोरिया का निकट भविष्य में दक्षिण कोरिया तथा अमेरिका के साथ किसी भी प्रकार की कूटनीतिक बातचीत करने का कोई इरादा नहीं है।

# क्या रूपर्ट मर्डोक डोनाल्ड ट्रंप को गिरा सकते हैं?

**एंड्रयू डोड व मैथ्यू रिकेट्सन**

**नई दिल्ली ।** आखिरकार, यह वही मीडिया दिग्गज है जिसके अमेरिकी टेलीविजन नेटवर्क, फॉक्स न्यूज ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों के बारे में डोनाल्ड ट्रंप के बड़े झूठ का सक्रिय रूप से समर्थन किया और ऐसा करने के लिए 787 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग1.2 अरब ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) का मुकदमा भी लड़ा।यह वही नेटवर्क है जिसने ट्रंप के करीबी लोगों को, जिनमें पूर्व फॉक्स होस्ट और अब विवादास्पद रक्षा सचिव, पीट हेगसेथ भी शामिल हैं, मदद की थी।लेकिन हम यहीं हैं जब 18 जुलाई को ट्रंप ने एक रिट दायर की, जब मर्डोक के वित्तीय अखबार, द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने एक हाथ से बनाए गए कार्ड के बारे में एक लेख प्रकाशित किया, जिसे ट्रंप ने 2003 में यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन को कथित तौर पर भेजा था। अखबार ने बताया-छोटे-छोटे चापों का एक जोड़ा महिला के स्तनों को दर्शाता है, और भावी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर उसकी कमर के नीचे एक टेढ़ा-मेढ़ा "डोनाल्ड" है, जो जघन बालों की नकल करता है।जर्नल ने कहा कि उसने पत्र देखा है लेकिन इसे दोबारा प्रकाशित नहीं किया। कथित तौर पर पत्र का निष्कर्ष था: जन्मदिन मुबारक हो - और हर दिन एक और अद्भुत रहस्य हो।यह कार्ड जाहिर तौर पर ट्रंप द्वारा एपस्टीन के लिए संकलित एक जन्मदिन एल्बम में योगदान था, जिसे एपस्टीन की साथी गिस्लेन मैक्सवेल ने तैयार किया था, जो 2021 में यौन तस्करी के दोषी पाए जाने के बाद 20 साल की सजा काट रही हैं। ट्रंप गुस्से में थे। उन्होंने अपने ट्रुथ सोशल दर्शकों को बताया कि उन्होंने मर्डोक को चेतावनी दी थी कि पत्र नकली है। उन्होंने लिखा, "श्री मर्डोक ने कहा था कि वह इसका ध्यान रखेंगे, लेकिन ज़ाहिर है कि उनके पास ऐसा करने की शक्ति नहीं थी।



- **यदि एपस्टीन की फाइलें ट्रंप को फंसाती हैं, तो कानूनी लड़ाई ज़्यादा दिन नहीं चलेगी और उनके खिलाफ मीडिया अभियान और तेज हो जाएगा**
- **यदि रूपर्ट मर्डोक एक बेलगाम बदमाश अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ खड़े होकर एक योद्धा बन जाते हैं, तो दुनिया उलटी दिशा में जा सकती है**

### वियतनाम में डेंगू बुखार के मामलों में तेजी से वृद्धि, हनोई और हो ची मिन्ह सिटी सबसे अधिक प्रभावित

**हनोई (आईएएनएस)।** वियतनाम के दो प्रमुख शहरों राजधानी हनोई और हो ची मिन्ह सिटी में डेंगू बुखार के मामलों में बीते सप्ताह के दौरान तेजी से वृद्धि दर्ज हुई है। हनोई में पिछले सप्ताह 72 नए डेंगू संक्रमण के मामले सामने आए, जो कि पिछले सप्ताह के मुकाबले दोगुना हैं। इसके साथ ही वर्ष 2025 की शुरुआत से अब तक कुल 475 मामले और 15 संक्रमण क्लस्टर सामने आ चुके हैं। ये आंकड़े शहर के रोग नियंत्रण केंद्र द्वारा जारी किए गए हैं। दक्षिण वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में जुलाई के मध्य तक 15,500 से अधिक डेंगू मामलों और 10 मौतों की पुष्टि हो चुकी है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 157 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।



### अब उभरता बाजार नहीं, भारत दुनिया से अपनी शर्तों पर कर रहा संवाद

**वॉशिंगटन (आईएएनएस)**

वैश्विक मंचों पर अब भारत को सिर्फ एक उभरते हुए बाजार या मूक दर्शक के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि वह अपनी कूटनीतिक साख को बनाए रखते हुए राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए दुनिया से अपनी शर्तों पर संवाद कर रहा है। 'वन वर्ल्ड आउटलुक' नामक रिपोर्ट के अनुसार, "तेजी से जटिल हो रही भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत जैसी सधी हुई समझदारी से बहुत कम देश आगे बढ़ रहे हैं। प्रतिबंधों के दबाव से लेकर व्यापारिक सुधारों तक, चीन के साथ नाजुक कूटनीति से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर वैश्विक नियम तय करने तक, भारत अब केवल वैश्विक मुद्दों पर प्रतिक्रिया नहीं दे रहा, बल्कि वह खुद इनकी दिशा तय कर रहा है। रिपोर्ट में इस महीने नाटो महासचिव मार्क रुटे की प्रतिबंध संबंधी चेतावनी पर भारत की "तेज और सख्त" प्रतिक्रिया को रेखांकित किया गया, जिसमें भारत ने "दोहरा मापदंड" बताकर आलोचना की और यह दोहराया कि वह व्यापार को लेकर अपने संप्रभु अधिकार से समझौता नहीं करेगा। रिपोर्ट में कहा गया, "यह कोई प्रतीकात्मक विरोध नहीं था, बल्कि रणनीतिक स्वायत्तता का गहरा और स्पष्ट संकेत था।

**सेलिब्रिटी फैन फॉलोइंग**

# क्रेजी फीमेल फैन ने संजय दत्त के नाम कर दी थी 72 करोड़ की संपत्ति



संजय दत्त ने एक चौंकाने वाली घटना की पुष्टि की है कि कैसे एक समर्पित प्रशंसक निशा पाटिल ने उनके लिए ₹72 करोड़ की संपत्ति छोड़ी थी। हालांकि, एक दिल छू लेने वाले कदम में, संजय दत्त ने वह पूरी संपत्ति प्रशंसक के परिवार को वापस लौटा दी, ऐसा रोज़ नहीं होता कि कोई बॉलीवुड सितारा अप्रत्याशित रूप से किसी संपत्ति का उत्तराधिकारी बन जाए, लेकिन संजय दत्त का जीवन कभी किसी पटकथा पर नहीं चला। अभिनेता ने खुलासा किया कि एक बार उनके एक समर्पित प्रशंसक ने उन्हें ₹72 करोड़ की संपत्ति छोड़ी थी। ट्विस्ट? उन्होंने वह सारी संपत्ति लौटा दी।

हाल ही में कर्ली टेल्स के साथ एक साक्षात्कार में, संजय से 2018 की उस बहुचर्चित घटना के बारे में पूछा गया जिसमें निशा पाटिल, एक लाइलाज बीमारी से ग्रस्त प्रशंसक थीं और उन्होंने अपनी पूरी संपत्ति अभिनेता को दे दी थी। संजय ने उस अविश्वसनीय क्षण की पुष्टि करते हुए शांत गरिमा के साथ कहा, "मैंने वह सब उसके परिवार को वापस कर दिया। संजय दत्त ने 1981 में रॉकी से बॉलीवुड में कदम रखा था।लेकिन उन्हें व्यक्तिगत और कानूनी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ा है।

कहानी फिल्म जगत की

